CMYK

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 23°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, गुरुवार 24 जुलाई 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 344 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण कृष्ण पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 | 28 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



ट्रम्प सीजफायर कराने वाले कौन: राहुल गांधी

पेज 2




हरमन प्रीत का शतक, भारतीय महिला टीम ने जीती वनडे सीरीज

खेल टाइम्स



प्लास्टिक खाने वाले फफूंद की सच्चाई

सम्पादकीय




बिना वीजा 59 देशों की यात्रा कर सकते हैं भारतीय

पेज 12

## टॉयलेट में बैठे-बैठे ही हाईकोर्ट की सुनवाई में शामिल हुआ था शख्स

### गुजरात हाईकोर्ट ने लिया एक्शन- 15 दिन समाजसेवा करने का दिया आदेश

**अहमदाबाद, वार्ता**

**गुजरात** के अहमदाबाद में ऑनलाइन अदालती सुनवाई के दौरान टॉयलेट से ही पेश होने वाले शख्स को अदालत की अवमानना का सामना करने का निर्देश दिया गया।

गुजरात हाईकोर्ट ने मंगलवार को हुई सुनवाई में अब्दुल समद को 15 दिन की सामुदायिक सेवा करने का आदेश दिया है। यह घटना 20 जून को हुई जब जस्टिस नीरज एस. देसाई एक मामले की सुनवाई कर रहे थे। इसी दौरान अब्दुल टॉयलेट से ही ऑनलाइन सुनवाई में शामिल हुआ था।



एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगा चुका है कोर्ट

इसका वीडियो वायरल हो गया था। जिसके बाद गुजरात हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेते हुए अवमानना कार्यवाही की थी। कोर्ट ने 14 जुलाई को हुई सुनवाई में अब्दुल पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया था। जुर्माने की राशि 22 जुलाई तक कोर्ट की रजिस्ट्री में जमा करनी थी। हालांकि, मंगलवार को अब्दुल ने एक लाख रुपये की जुर्माना राशि भी भरी और कोर्ट से अपनी गलती के लिए माफी भी मांग ली है। गौरतलब है कि कोविड-19 महामारी के बाद से, गुजरात हाईकोर्ट ने वकीलों और पक्षकारों को वर्चुअल माध्यम से सुनवाई में शामिल होने की अनुमति दी है। कार्यवाही का सीधा प्रसारण न्यायालय के यूट्यूब चैनल के जरिये किया जाता है। अब्दुल समद शाह सूरत के किम गांव का निवासी है और मारपीट के एक मामले में शिकायतकर्ता है। इसी मामले की सुनवाई के दौरान वह टॉयलेट से ही ऑनलाइन सुनवाई में शामिल हुआ था।

## SC Order: महिला IPS को पति व ससुरालियों से मांगनी होगी माफी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- वैवाहिक विवाद में झूठे केस कराए थे दर्ज
- सुप्रीम कोर्ट बोला- पद का गलत इस्तेमाल न करें, सभी मामलों को भी रद्द किया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक महिला आईपीएस अफसर को अपने पूर्व पति और ससुराल वालों से बिना शर्त माफी मांगने का आदेश दिया। अधिकारी ने वैवाहिक विवाद में पति और ससुराल वालों के खिलाफ कई झूठे क्रिमिनल केस दर्ज कराए थे।

सुप्रीम कोर्ट ने उन सभी मामलों को भी रद्द कर दिया। सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने अपने फैसले में कहा कि मुकदमों की वजह से पति को 109 दिन और उसके पिता को 103 दिन जेल में बिताने पड़े। उन्होंने जो कुछ सहा, उसकी किसी भी तरह से भरपाई नहीं की जा सकती। कोर्ट ने आदेश दिया कि महिला और उसके माता-पिता पीड़ित पति और उसके परिवार के सदस्यों से बिना शर्त माफी मांगें। माफीनामा अंग्रेजी और हिंदी के एक-एक प्रसिद्ध अखबार के राष्ट्रीय संस्करण में छपवाना होगा। साथ ही माफीनामा 3 दिनों के भीतर फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी प्रसारित करना होगा। कोर्ट ने 2018 से अलग रह रहे इस जोड़े के तलाक की अर्जी भी मंजूर कर ली और बेटी की कस्टडी मां (महिला आईपीएस अधिकारी) को सौंप दी। महिला का पूर्व पति और परिवार के सदस्य बेटी से मिल सकेंगे।

### लगातार तीसरे दिन नहीं चली लोकसभा व राज्यसभा

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्षी दलों के सदस्यों ने अपनी मांगों के समर्थन में बुधवार को भी जबरदस्त हंगामा किया, जिसके कारण दो बार के स्थगन के बाद सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थापित कर दी गई। पीठासीन अधिकारी कृष्ण प्रसाद तेन्नेटी ने दो बार के स्थगन के बाद अपराह्न दो बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू की विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते हुए सदन के बीचोबीच आ गए। पीठीसीन अधिकारी ने हंगामे के दौरान कहा कि आज गोवा की जनजातियों से जुड़ा बहुत महत्वपूर्ण विधेयक है। गोवा राज्य विधानसभा निर्वाचन-क्षेत्र अनुसूचित जनजाति प्रतिनिधित्व का पुन:समायोजन विधेयक 2024 पर चर्चा करनी है। वहीं बिहार में चुनाव आयोग के मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध में लामबंद विपक्ष ने लगातार दूसरे दिन बुधवार को भी राज्यसभा में जोरदार हंगामा किया, जिसके कारण दो बार के स्थगन के बाद सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई।

### श्रावण शिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**हरिद्वार (ब्यूरो)।** हरिद्वार में श्रावण शिवरात्रि के अवसर पर शिवालयों में बुधवार तड़के से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जलाभिषेक करने के लिए उमड़ पड़ी। कनखल स्थित दक्षेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों ने भगवान शिव की ससुराल में जलाभिषेक कर पुण्य अर्जित किया। श्रावण मास की शिवरात्रि के दिन श्रद्धालु शिवालयों में जल चढ़ा रहे हैं। कांवड़ियों ने अपने-अपने स्थानीय शिवालयों में जल चढ़ाया। इसी के साथ श्रावण मेला बुधवार को संपन्न हो गया।

### मोदी ब्रिटेन, मालदीव की 4 दिवसीय यात्रा पर रवाना

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिटेन और मालदीव की चार दिवसीय यात्रा के लिए बुधवार को राजधानी से लंदन के लिए प्रस्थान किया। इस दौरान वह दोनों देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय अंतर्राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों चर्चा करेंगे। श्री मोदी ने रवाना होने से पहले जारी बयान में कहा कि भारत और ब्रिटेन के बीच एक व्यापक रणनीतिक भागीदारी है और जिसमें हाल के वर्षों में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है।

## भारत ने पाक को लताड़ा

### यूएन में कहा: आतंकवाद में आकंठ डूबा पाक

**न्यूयॉर्क, वार्ता**

**भारत ने** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अंतर्राष्ट्रीय शांति, सुरक्षा और बहुपक्षीय सहयोग के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता दोहराते हुए 'सीमा पार आतंकवाद को लगातार प्रायोजित करने' के लिए पाकिस्तान की कड़ी आलोचना की है।




- सीमा पार आतंकवाद को लगातार प्रायोजित करने के लिए कड़ी आलोचना की

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पी. हरीश ने पहलगाम में पर्यटकों पर किए गए आतंकवादी हमले के जवाब में भारत के आतंकवाद-रोधी अभियान का जिक्र किया और छद्म युद्ध से उत्पन्न बढ़ते खतरे का उल्लेख किया। उन्होंने चेतावनी दी कि मौजूदा संघर्षों को पाकिस्तान के सहयोग से गैर-सरकारी तत्व तेजी से बढ़ाते जा रहे हैं। श्री हरीश ने पाकिस्तान को उसकी असलियत बताते हुए भारत और पाकिस्तान की स्थिति का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि एक तरफ एक जीवंत लोकतंत्र, उभरती अर्थव्यवस्था और एक बहुलवादी समाज वाला भारत है तो दूसरी तरफ कट्टरता, आतंकवाद और अंतर्राष्ट्रीय कर्ज पर लगातार निर्भर पाकिस्तान है। इस परिषद का एक सदस्य देश जिसका, आचरण पूरा विश्व जानता है, जो आतंकवाद का रहनुमा है और जिसकी आलोचना पूरी दुनिया करती है, उसे कम से कम इस तरह के उपदेश नहीं देने चाहिए। भारतीय प्रतिनिधि ने सुरक्षा परिषद में एक उच्चस्तरीय खुली बैठक में आतंकवाद के मसले पर जमकर पाकिस्तान को लताड़ा और जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का हवाला दिया, जिसमें 26 निर्दोष लोगों की जान चली गई थी। उन्होंने कहा कि इसके जवाब में भारत ने ऑपरेशन शुरू करते हुए पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में स्थित आतंकवादी शिविरों पर एक सटीक और आनुपातिक कार्रवाई की।

### जस्टिस वर्मा केस से अलग हुए सीजेआई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा की रिट याचिका पर होने वाली सुनवाई से स्वयं को बुधवार को अलग कर लिया। न्यायमूर्ति वर्मा ने दिल्ली उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के पद पर रहने के दौरान राष्ट्रीय राजधानी के अपने सरकारी आवास से कथित तौर पर नकदी मिलने के मामले में आंतरिक जांच प्रक्रिया और उनके स्थानांतरण तथा न्यायाधीश के पद से हटाने के फैसले की वैधता को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत में एक रिट याचिका दायर की है। मुख्य न्यायाधीश ने सुनवाई से अपने आप को अलग करते हुए कहा कि चूंकि वह उनके स्थानांतरण (दिल्ली उच्च न्यायालय से इलाहाबाद उच्च न्यायालय में) के निर्णय का हिस्सा थे, इसलिए उनके लिए इस मामले में सुनवाई करना उचित नहीं होगा।

## दिल्ली में सड़कें डूबीं, स्कूलों में घुटनों तक भरा पानी

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में बुधवार सुबह से ही बारिश हो रही है। दिल्ली के कई इलाकों में सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया, जिससे गाड़ियां फंस गईं। दिल्ली के टिकरी कलां स्थित नगर निगम बालिका स्कूल के क्लासरूम में दो फीट तक पानी भर गया। बच्चे पानी के बीच डेस्क पर बैठे दिखे। कई जगह ट्रैफिक जाम की स्थिति देखी गई।

गाजियाबाद में रामनगर एलिवेटेड रोड पर गाड़ियों की



लंबी कतारें नजर आईं। आईएमडी ने दिल्ली और एनसीआर में बुधवार दिन भर गरज, बिजली और तेज हवाओं (30-40 किमी प्रति घंटे) के साथ और बारिश होने की संभावना जताई थी।

### सुप्रीम कोर्ट का नीट-यूजी काउंसलिंग पर रोक से इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने विभिन्न मेडिकल पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2025 की काउंसलिंग पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया। पीठ ने मध्य प्रदेश के कुछ केंद्रों में बिजली गुल होने से पीड़ित नीट-यूजी 2025 परीक्षार्थियों की ओर से दायर दो याचिकाओं पर अंतरिम राहत देने से इन्कार कर दिया। पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा कि वह याचिकाओं पर शुक्रवार को सुनवाई करेगी।

### लगातार बढ़ रहा है अहमदाबाद प्लेन क्रैश की नई परतें खुलने का सिलसिला

## गलत शव भेज दिए ब्रिटेन, डीएनए से मिलान नहीं

**अहमदाबाद, वार्ता**

**ब्रिटेन में अहमदाबाद** प्लेन क्रैश के पीड़ित 2 परिवारों ने दावा किया है कि उन्हें गलत शव सौंपे गए हैं। उनके वकील जेम्स हीली के मुताबिक, दोनों शवों का डीएनए उनके परिजन से मेल नहीं खा रहा।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रिटेन में रहने वाले एक परिवार ने अपने परिजन के अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी थी, लेकिन जब डीएनए जांच में पता चला कि ताबूत में किसी और यात्री का शव है, तो उन्हें अंतिम संस्कार की योजना रद्द करनी पड़ी। एयर इंडिया ने मामले की जांच शुरू कर दी है, लेकिन अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। वहीं, भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि मामला सामने आने के बाद हम ब्रिटिश अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। हालांकि भारत में अफसरों ने प्रोटोकॉल के तहत ही मृतकों की पहचान की थी। दरअसल, 13 शवों को ब्रिटेन भेजा गया था। 12 जून को प्लेन हादसे में 270 लोगों की मौत हुई थी। हादसे के वक्त विमान में 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक समेत 242 पैसेंजर सवार थे।

### टेकऑफ से पहले इंडिगो फ्लाइट में लगी आग

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद से दीव जा रही इंडिगो की फ्लाइट एटीआर 76 में बुधवार को उड़ान भरने से ठीक पहले इंजन में आग लग गई। फ्लाइट में 60 लोग पैसेंजर थे। जैसे ही विमान रनवे पर टेकऑफ की तैयारी कर रहा था, पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीएस) को इमरजेंसी 'मेडे' कॉल भेजा और उड़ान को रोक दिया गया। यह हादसा सुबह करीब 11 बजे हुआ। इसके बाद तुरंत सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। घटना की जांच जारी है।



# गन्ना समिति के खाद गोदाम का निरीक्षण

## ड्रोन तकनीक के साथ नैनो उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा : विश्वामित्र पाठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** सीनियर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक ने आज गोदामों का निरीक्षण किया, जिसमें उन्होंने कृषि निवेश ऐप/ईआरपी के अनुसार स्टॉक की स्थिति संतोषजनक पाई।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि समिति के गोदामों में किसानों के लिए सभी आवश्यक कीटनाशक और फफूंदनाशक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। वर्तमान में समिति द्वारा कीटनाशकों और फफूंदनाशकों जैसे इमिडाक्लोप्रिड और थियोफिनेट के छिड़काव के लिए ड्रोन तकनीक का सक्रिय रूप से उपयोग किया जा रहा है, जिससे कृषि कार्यों में दक्षता और प्रभावशीलता बढ़ी है। गन्ना समिति मे इस पहल के तहत गन्ना समिति चांदपुर नैनो यूरिया, नैनो डीएपी और सागरिका जैसे नैनो उर्वरकों के ड्रोन द्वारा छिड़काव को एक उत्कृष्ट विकल्प के रूप में बढ़ावा दे रही है। ये



नैनो उत्पाद पौधों द्वारा पोषक तत्वों के बेहतर अवशोषण में मदद करते हैं, जिससे कम मात्रा में उर्वरक का उपयोग करके भी बेहतर पैदावार प्राप्त की जा सकती है। यह न केवल किसानों की लागत को कम करता है बल्कि पर्यावरण पर भी सकारात्मक प्रभाव डालता है। आज ग्राम तहारपुर में ड्रोन द्वारा किए जा रहे छिड़काव का अवलोकन किया गया। इस दौरान किसान जयप्रकाश पुत्र जयभगवान को अपनी फसल पर कॉपर ऑक्सीक्लोराइड का उपयोग करते हुए देखा गया। जयप्रकाश ने बताया कि उन्हें 500 ग्राम कॉपर ऑक्सीक्लोराइड 343 रुपये में उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि ड्रोन से छिड़काव का किराया 80 रुपये प्रति बीघा है, जिसे किसान समुदाय द्वारा किफायती और प्रभावी पाया जा रहा है। किसानों में ड्रोन तकनीक को लेकर अच्छी जागरूकता देखी गई है। यह दर्शाता है कि आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने के प्रति किसान समुदाय का रुझान बढ़ रहा है, जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि और किसानों की आय में सुधार की संभावना है। इस दौरान श्री पाठक ने कहा गन्ना समिति चांदपुर कृषि में नवाचार और स्थायी प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि क्षेत्र के किसानों को नवीनतम तकनीकों का लाभ मिल सके। इस मौके पर राजकीय गन्ना पर्यवेक्षक शिवकिशोर, दिग्विजय सिंह, किसान वाजिद आदि सहित गन्ना समिति के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।

# वासिफ ने कांवड़ती का किया स्वागत

### 61 किलो गंगा जल लेकर आए वितुल सैनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** एचआर हेल्थ केयर सोसायटी के अध्यक्ष वासिफ अर्श अंसारी ने कांवड़ यात्री वितुल सैनी का स्वागत किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार वितुल सैनी हरिद्वार से 61 किलो गंगा जल लेकर अपने ग्राम करौंदा चौधर पहुंचे। जहां पर वासिफ अर्श अंसारी ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। यह सांप्रदायिक सौहार्द की एक मिसाल है, जहां मुस्लिम समुदाय के लोग कांवड़ियों का स्वागत और उनकी सेवा करते है। इस स्वागत के माध्यम से वासिफ अर्श अंसारी ने दिखाया कि वह कांवड़ियों की भावनाओं का सम्मान करते हैं और उनके साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखना चाहते हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि जनपद में हिन्दू-मुस्लिम समुदाय के बीच सौहार्द और भाईचारा अभी भी



जीवित है। बिजनौर जिले में आज भी हिंदू मुस्लिम की मिसाल पेश की जाती है। वासिफ अर्श अंसारी ने कांवड़ियों का स्वागत कर यह संदेश दिया है कि आज भी इंसानियत जिंदा है।

## हंगामा लोक सामाजिक समिति ने तुलसी के पौधे किए भेंट



**धामपुर।** हंगामा लोक सामाजिक साहित्य समिति के संरक्षक डॉ. जितेन्द्र कौशिक एवं निर्मला कौशिक द्वारा आकाशवाणी नजीबाबाद केन्द्र के कार्यक्रम अधिशासी शोभित शर्मा, रुपाली, मोहित, वर्षा अग्रवाल, नयनतारा आदि को तुलसी जी भेंट की गयी। हंगामा लोक सामाजिक साहित्य समिति की संस्थापिका राखी कौशिक, उपासना कौशिक ने बताया की उनके द्वारा पांच जून से निरतंर तुलसी वितरण अभियान चलाकर तीन माह का रिकॉर्ड बनाया जा रहा है। लोगों को तुलसी के गुणों के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। हमारा प्रयास है ज्यादा से ज्यादा लोगो को तुलसी जी भेंट कर पाए।

# शिवरात्रि पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया

## नगर के शिवालयों में दिनभर रुद्राभिषेक व जलधारा कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** श्रावण मास की शिवरात्रि पर्व बुधवार को नगर में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाई गई। प्रात:काल से ही श्रद्धालुओं की टोलियाँ नगर के प्रमुख शिवालयों की ओर रवाना हो गईं। भगवान भोलेनाथ के दर्शन एवं पूजन के लिए मंदिरों में विशेष व्यवस्था की गई थी। श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक व रुद्राभिषेक कर अपने और समाज के सुख-समृद्धि की कामना की।

नगर के प्रमुख शिव मंदिरों में रुद्राभिषेक व जलधारा कार्यक्रम पूरे दिन चलता रहा। भक्तों ने उपवास रखकर दिनभर भगवान शिव की भक्ति में लीन रहते हुए विशेष पूजन अनुष्ठानों में भाग लिया।

महाराजा अग्रसेन मार्ग स्थित



बालाजी मंदिर में आयोजित रुद्राभिषेक कार्यक्रम के मुख्य यजमान समाजसेवी दीपक अग्रवाल सर्राफ व उनकी धर्मपत्नी अनीता अग्रवाल सहित नमन, मनीषा, अमन, समीक्षा, वेदज्ञ, युग अग्रवाल व शाहिद अग्रवाल आदि परिवारजन रहे। पूरे परिवार ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर नगरवासियों के कल्याण, सुख-शांति व समृद्धि की प्रार्थना की। मंदिर के महंत डॉ. अमित गिरी महाराज ने बताया कि श्रावण मास में रुद्राभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं पर भगवान शिव की विशेष कृपा बनी रहती है। श्रद्धा भाव से किया गया यह अनुष्ठान जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और शांति प्रदान करता है। नगर के अन्य शिव मंदिरों में भी शिवरात्रि पर्व पर विशेष अनुष्ठानों का आयोजन हुआ। जगह-जगह शिव चालीसा, आरती और भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ, जिससे वातावरण शिवमय हो उठा। हर हर महादेव के जयकारों से नगर के शिवालय गूंजते रहे।

## जानलेवा हमले के चार आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नूरपुर मार्ग से एक माह पूर्व मोटरसाइकिल से घर आ रहे एक युवक को जनता इंटर कॉलेज आंकू के निकट ओवरटेक करके जानलेवा हमला बोलकर गंभीर रूप से घायल करने के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार करके चालान कर दिया।

ग्राम मुस्सेपुर निवासी सचिन पुत्र अनूप 26 जून 2025 को अपनी बाइक से नूरपुर से अपना इलेक्ट्रॉनिक शोरूम बंद करके नहटौर नूरपुर मार्ग से घर आ रहा था। आरोप है पीछे से अन्य बाइक सवार उसका पीछा कर रहे थे। साथ ही अपने गांव जाने वाले जनता इंटर कॉलेज आंकू पर पहुंच अज्ञात व्यक्तियों ने ओवरटेक करके उसे रोक कर जान से मारने की नीयत से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसके शोर मचाने पर आसपास के लोगों को आता देखकर अज्ञात युवक फरार हो गए। उसके परिजनों को सूचना दी गई तथा सीएचसी भर्ती कराया गया। शनिवार की शाम को सचिन ने इस मामले की तहरीर थाना कोतवाली पहुंचकर पुलिस को दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करके कार्यवाही शुरू कर दी। साथ ही पुलिस द्वारा सीसीटीवी कैमरे में दिखाई दे रहे चार युवकों की शिनाख्त होने पर मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि चारों आरोपी ग्राम मुस्सेपुर वाले रास्ते में खड़े हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चारों को पकड़ लिया। पकड़े गए युवकों ने पूछताछ के दौरान अपना नाम रंजन पुत्र अशोक पुराना डाकखाना धामपुर, रोहित पुत्र राजवीर पुराना डाकखाना धामपुर, उज्जवल पुत्र भूपेंद्र ग्राम बेगराजपुर थाना नहटौर, दीक्षित पुत्र देशराज निवासी ग्राम बेगराजपुर थाना नहटौर बताया। थाना अध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि धामपुर निवासी रंजन द्वारा सचिन की मौसेरी बहन को छेड़ने के मामले में सचिन द्वारा मना करने पर रंजन द्वारा बनाई गई योजना के तहत उस पर जानलेवा हमला बोलने में चार आरोपियों को संबंधित धारा में चालान कर दिया है।

# शिवरात्रि पर अरुण वर्मा ने जाली वाले मंदिर में किया जलाभिषेक

### मंदिरों में श्रद्धालुओं का लगा तांता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर में शिवरात्रि का पर्व श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया गया। इस विशेष दिन पर श्रद्धालुओं ने शिवालयों में जलाभिषेक कर अपने आराध्य भगवान शिव से सुख-समृद्धि और मनोकामनाओं की पूर्ति की कामना की। नगर के प्रमुख मंदिरों पर सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जहां हर तरफ हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारे गूंजते रहे।

इस अवसर पर नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी और व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण कुमार वर्मा ने स्योहारा स्थित ऐतिहासिक जाली वाला मंदिर में पहुंचकर विशेष पूजा-अर्चना की। उन्होंने भगवान शिव का रूद्राभिषेक कर जल, बेलपत्र, फूल, धूप व दीप अर्पित किया और अपने परिवार व नगरवासियों की सुख-शांति के लिए प्रार्थना की। अरुण वर्मा ने कहा कि सावन का महीना भगवान शिव को अत्यंत प्रिय होता है। इस दौरान की गई पूजा और जलाभिषेक भक्तों की हर सच्ची मनोकामना को पूर्ण करता



है। जाली वाला मंदिर न केवल धार्मिक दृष्टि से अत्यंत पावन स्थल है बल्कि इसका ऐतिहासिक महत्व भी बहुत गहरा है। अरुण वर्मा ने बताया कि जाली वाला मंदिर का इतिहास काफी प्राचीन है। उन्होंने एक पुरानी घटना का उल्लेख करते हुए बताया कि कई वर्ष पूर्व क्षेत्र में जब ताउन नामक महामारी फैली थी, तब लोगों ने इस मंदिर में एकत्र होकर भगवान शिव से प्रार्थना की थी। चमत्कारिक रूप से महामारी पर नियंत्रण हुआ और लोगों की जानें बचीं तभी से यह मंदिर और अधिक श्रद्धा का केंद्र बन गया।

उन्होंने कहा कि इस मंदिर की एक विशेषता यह भी है कि यहां सभी धर्मों के लोग श्रद्धा भाव से आते हैं और अपनी मन्नतें मांगते हैं। अरुण वर्मा ने यह भी बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौटते भक्त इसी मंदिर में जल चढ़ाते हैं और भोलेनाथ से अपने जीवन में सुख-शांति की कामना करते हैं। शिवरात्रि पर्व को लेकर स्योहारा के अन्य प्रमुख मंदिरों जैसे भूतनाथ मंदिर, शिव चौक मंदिर और पंचमुखी महादेव मंदिर पर भी भक्तों की भीड़ देखने को मिली।

श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर शिवलिंग का अभिषेक किया और मंत्रोच्चार के बीच विशेष पूजन किया। अनेक स्थानों पर भंडारे और प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया गया।

शिवभक्तों की भारी उपस्थिति से नगर में भक्ति और आस्था का अनुपम संगम देखने को मिला है।

# दो दिन से लापता बुजुर्ग की तलाश जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** मंगलवार सुबह से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए बुजुर्ग की तलाश में प्रशासन पूरी मुस्तैदी से जुटा हुआ है।

जानकारी के अनुसार ग्राम सिपाहीवाला निवासी जयपाल सिंह (70 वर्ष) पुत्र पृथ्वी सिंह मंगलवार को जंगल में घास काटने गए थे, जिसके बाद से वह वापस नहीं लौटे। परिजनों द्वारा सूचना दिए जाने के बाद बुधवार को प्रशासन ने सघन तलाशी अभियान चलाया। थाना प्रभारी अपनी

### पीड़ित परिजनों से मिले विधायक अशोक राणा

पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और गांव के पास बहने वाली रामगंगा नदी में बुजुर्ग की तलाश शुरू कराई। तलाशी अभियान में एक्सपर्ट टीम को भी मौके पर बुलाया गया है। वहीं सूचना मिलते ही भाजपा के क्षेत्रीय विधायक अशोक कुमार राणा भी



घटना स्थल पर पहुंचे और पुलिस प्रशासन को सख्त हिदायत की जसपाल सिंह की तलाश में किसी प्रकार की कोई भी लापरवाही नहीं की जाए। विधायक अशोक कुमार राणा ने पीड़ित परिजनों से भी मुलाकात करके हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया और उम्मीद जताई कि ईश्वर हम सबके बीच जल्द ही जसपाल सिंह को भेज देंगे। टीम विशेष उपकरणों के साथ नदी में सर्च ऑपरेशन चला रही है। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और ग्रामीणों की भी बड़ी संख्या मौके पर मौजूद रही। प्रशासन की ओर से कहा गया है कि जब तक बुजुर्ग का कोई सुराग नहीं मिलता तलाश जारी रहेगी।

# शिव शंकर को जिसने पूजा उसका ही उद्धार हुआ...

### शिवरात्रि पर भजन संध्या का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शिव मंदिर मैढ़ सभा में महिला समिति द्वारा भक्ति एवं श्रद्धा भाव से विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। प्रात: काल से ही श्रद्धालु गंगाजल एवं पंचामृत से शिवलिंग का अभिषेक कर, धूप-दीप, पुष्प, बेलपत्र, भांग-धतूरा आदि अर्पित करते हुए विधिवत पूजन में शामिल हुए।

सावन माह की विशेषता को देखते हुए महिला समिति ने निर्णय लिया है कि प्रत्येक



सोमवार एवं मंगलवार को शिव पुराण का पाठ आयोजित किया जाएगा। इसी क्रम में उमा वर्मा द्वारा संध्या समय पर शिव पुराण का वाचन किया जा रहा है। शिवरात्रि के अवसर पर भजन संध्या का आयोजन भी किया गया, जिसमें महिला भजन गायिकाओं ने शिव भक्ति से ओतप्रोत मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। बाला रस्तोगी ने-भोले भोले बम बम भोले। सुमन वर्मा ने - गोरा संग आओ भोले हमारे घर। उमा वर्मा ने - शिव शंकर को जिसने पूजा उसका ही उद्धार हुआ। सोमवती रस्तोगी ने - मैं तो शिव की पुजारी बनूंगी। पूनम वर्मा ने - तेरी डमरू की धुन सुनकर मैं काशी नगरी आई हूं जैसे भजनों से माहौल को शिवमय बना दिया। इस अवसर पर दीपमाला वर्मा, शालिनी वर्मा, रुक्मणी वर्मा, बिना वर्मा, कृतिका रस्तोगी, मीनू आर्य, प्रेमवती व डॉ. सुमन कौशिक सहित कई भक्तों ने भी सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन शिव स्तुति, आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

## युद्धविराम पर प्रधानमंत्री की चुप्पी को लेकर सवाल उठाए

# ट्रम्प सीजफायर कराने वाले कौन: राहुल

**नई दिल्ली, वार्ता**

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम समझौते की मध्यस्थता के बार-बार किए गए दावों पर उनकी चुप्पी पर सवाल उठाया।

गांधी ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए सरकार की विदेश नीति, राष्ट्रीय सुरक्षा और ऑपरेशन सिंदूर से निपटने के तरीके पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री क्या बयान देंगे कि ट्रंप ने युद्धविराम की मध्यस्थता की? वह ऐसा नहीं कह सकते। लेकिन सच्चाई यह है कि ट्रंप ने युद्धविराम की मध्यस्थता की थी और पूरी दुनिया यह जानती



**■ ट्रम्प ने 25 बार दावा किया, पीएम मोदी एक जवाब नहीं दे पाए, कैसे बोलेंगे ट्रम्प ने कराया**

है। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने कम से कम 25 मौकों पर दावा किया है कि युद्धविराम समझौते की मध्यस्थता में उनकी भूमिका थी। उन्होंने कहा कि युद्धविराम कराने वाले ट्रंप कौन होते हैं? यह उनका काम नहीं है। फिर भी मोदी ने एक बार भी जवाब नहीं दिया।

यह सच्चाई है और आप इससे भाग नहीं सकते। कांग्रेस नेता ने कहा कि एक तरफ सरकार कहती है कि ऑपरेशन सिंदूर जारी है। दूसरी तरफ वह जीत का जश्न मना रही है और इस बीच ट्रंप बार-बार कह रहे हैं कि उन्होंने युद्धविराम करवाया है। जाहिर है, कुछ तो गड़बड़ है।

उन्होंने मोदी सरकार के कार्यकाल में भारत की विदेश नीति के कमज़ोर होने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि एक भी देश हमारे समर्थन में आगे नहीं आया है। मोदी सरकार ने हमारी विदेश नीति को तहस-नहस कर दिया है।

### हिन्दुस्तान में चुनाव चोरी किए जा रहे: गांधी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे को लेकर बुधवार को आरोप लगाया कि हिंदुस्तान में चुनाव चोरी किए जा रहे हैं। गांधी ने संसद परिसर में कहा कि हिन्दुस्तान में चुनाव चोरी किए जा रहे है, यह वास्तविकता है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन चुप नहीं बैठेगा और संसद से सड़क तक लड़ाई लड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ बिहार की बात नहीं है। महाराष्ट्र में भी चोरी की। हमने चुनाव आयोग से मतदाता सूची मांगी, वीडियो मांगे, लेकिन उन्होंने हमें नहीं दिया। नेता विपक्ष ने कहा कि सरकार ने वीडियोग्राफी देने का कानून ही बदल दिया। महाराष्ट्र में चुनाव से पहले एक करोड़ नए वोटर जोड़े गए। हमने कर्नाटक में अध्ययन किया है और भयंकर चोरी पकड़ी है। मैं 'ब्लैक एंड व्हाइट' में आपको और चुनाव आयोग को बता सकता हूं कि कहां और कैसे चोरी की जा रही है।

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता व ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करें अधिकारी: मुर्मू

**नई दिल्ली, वार्ता**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रक्षा संपदा सेवा अधिकारियों से कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ड्रोन-आधारित भूमि सर्वेक्षण, उपग्रह चित्र और संपत्तियों के रिकॉर्ड के रखरखाव के लिए ब्लॉकचेन जैसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का कामकाज में इस्तेमाल करने को कहा है।

श्रीमती मुर्मू ने बुधवार को यहां भारतीय रक्षा संपदा सेवा, सैन्य अभियंता सेवा और केंद्रीय जल अभियांत्रिकी सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों के साथ राष्ट्रपति भवन में मुलाकात के दौरान यह बात कही। रक्षा संपदा सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि तेजी से बदलती प्रौद्योगिकी के इस युग में डिजिटल समाधानों का एकीकरण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी में



प्रगति से अवगत रहना और उन्हें ने कामकाज में लाना उनका कर्तव्य है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ड्रोन-आधारित भूमि सर्वेक्षण, उपग्रह चित्र और संपत्ति रिकॉर्ड रखरखाव के लिए ब्लॉकचेन अब भविष्य की अवधारणाएं नहीं रह गई हैं, बल्कि ए शासन का हिस्सा बन रही हैं।ह उन्होंने अधिकारियों से बुनियादी ढाँचे के विकास में पर्यावरण-अनुकूल पद्धतियों को अपनाने, नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों को अपनाने, अपव्यय को कम करने और छावनियों में जल संरक्षण सुनिश्चित करने की सलाह दी। सैन्य अभियंता सेवा (एमईएस) के अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि सैन्य निर्माण के क्षेत्र में उभरते नेतृत्व के रूप में, युवा एमईएस अधिकारियों की न केवल निर्माण, बल्कि जिम्मेदारी के साथ निर्माण करने की भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि उन्हें सतत विकास को बढ़ावा देने और रक्षा अवसंरचना के कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को अपनाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि एमईएस 'आत्मनिर्भर भारत[ के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप 'मेक इन इंडिया[ पहल के तहत स्वदेशी सामग्रियों और प्रौद्योगिकियों के उपयोग को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहा है।

केंद्रीय जल अभियांत्रिकी सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि जल संसाधनों का सतत विकास और कुशल प्रबंधन जल सुरक्षा और विकास की कुंजी है।

### रुपए में गिरावट जारी, 3.25 पैसे टूटा

**मुंबई।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में डॉलर की मांग आने से अमेरिकी मुद्रा की तुलना में बुधवार को रुपया 3.25 पैसे टूट गया। कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 86.4125 रुपए का बोला गया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मोहित फैक्ट्री में अमोनिया गैस का रिसाव

## अग्निशमन केंद्र की टीम ने फौरन रिसाव रोका, अफरा-तफरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पूर्व में हुई घटना को लोग अभी भूले भी नहीं है कि मोहित पेट्रो कैमिकल फैक्ट्री में आज खतरनाक अमोनिया गैस का रिसाव हो गया। जिससे वहां पर अफरा-तफरी मच गई। समय रहते अग्निशमन केंद्र की टीम ने मौके पर पहुंच कर हालात पर काबू पाते हुए गैस का रिसाव रोक दिया। जिससे कोई जनहानि नहीं हुई।

प्राप्त समाचार के अनुसार नगीना मार्ग पर स्थित मोहित पेट्रो कैमिकल फैक्ट्री में आज शाम लगभग साढ़े तीन बजे खतरनाक अमोनिया गैस का रिसाव हो गया। रेस्क्यू यूनिट द्वारा सूचना प्राप्ति के तत्काल बाद मौके पर पहुंच कर मोटर फायर इंजन द्वारा पंपिंग कर पानी का छिड़काव किया





गया। मौके पर पहुंचे मुख्य अग्निशमन अधिकारी के दिशा निर्देशन में यूनिट द्वारा अमोनिया के टैंक पर लगातार पानी डालकर अमो. निया गैस को फैलने से रोकना गया। टीम के द्वारा समझदारी से काम लेते हुए मेन वाल्व को बंद किया गया। यूनिट द्वारा फैक्ट्री में मौके पर काम कर रहे कर्मचारियों को सुरक्षित बचा लिया गया। जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। गौरतलब है कि मोहित फैक्ट्री में पूर्व में भी हादसा हुआ था। जिसके बाद कोहराम मच गया था। इस मामले में रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई थी। कई दिनों तक हंगामा होता रहा था।

# नगर पंचायत झालू में चेयरमैनों का योगदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** नगर पंचायत झालू जनपद का एक ऐतिहासिक नगर है। जिसे अंग्रेजों के शासनकाल में वर्ष 1872 में जनपद में सबसे पहले नगर का दर्जा प्राप्त हुआ था। यह वही समय था, जब देश ब्रिटिश हुकूमत के अधीन था। आजादी से पहले और बाद में झालू ने अनेक ऐतिहासिक पड़ाव देखे हैं।

1924 से 1939 तक लगातार तीन कार्यकाल में लाला गणपत राय अग्रवाल ने चेयरमैन पद पर कार्य किया। 1939 से 1943 तक साहू गोपीनाथ अग्रवाल ने नगर की बागडोर संभाली थी। 1943 से 1947 तक लाला अशरफी लाल इस पद पर नामित रहे।

आजादी के बाद से अब तक लगभग 11 चेयरमैन झालू नगर की सेवा कर चुके हैं। जिनका योगदान नगर के विकास में महत्त्वपूर्ण रहा है।

सन् 1947 में अनवारूल हक आजादी के तुरंत बाद चेयरमैन बने थे। उस समय नगर की जनसंख्या लगभग 7500 थी और नगर में कुल चार वार्ड थे।

सन् 1952 में चेयरमैन बने डॉ. बृजभूषण शरण गुप्ता ने डाकखाने से रामलीला चौक तक सीसी रोड का निर्माण कराया था। रेलवे स्टेशन तक श्रमदान से मिट्टी डलवाई थी। खास बात यह है कि प्रशासन से बजट न मिलने पर उन्होंने अपना निजी रिवॉल्वर बेचकर भुगतान किया था। सन् 1957 में चेयरमैन बने मौलवी सुलेमान का कार्यकाल अपेक्षाकृत शांत और सादा रहा। वह बेहद ईमानदार एवं शांत स्वभाव के चेयरमैन थे। सन् 1962 एवं 1967 में लाला ज्योति प्रकाश अग्रवाल दो बार चुने गए थे। जबकि 1972 में जफर अंसारी चेयरमैन बने थे। जनता ने साफ-सुथरी छवि की वजह से उन्हें दोबारा विजयी बनाया था। उनके कार्यकाल में नगर की आबादी 9000 और 7 वार्ड थे। इस बीच मध्यावधि चुनाव में शरीफ अहमद उर्फ चीप निर्वाचित हुए। वह 11 वर्षों तक



### अंग्रेजी शासनकाल में मिला नगर का दर्जा

चेयरमैन रहे। सन् 1988 में उन्होंने अश्वनी अग्रवाल को हराया था। सन् 1995 से 2000 तक अश्वनी अग्रवाल चेयरमैन रहे। वह भाजपा के टिकट पर चुने गए थे। जबकि पूर्व चेयरमैन शरीफ अहमद के छोटे भाई नसीम अहमद उर्फ गंगू 2000से 2005 तक चेयरमैन रहे। सन् 2005 में सपा के राशिद हुसैन चेयरमैन निर्वाचित हुए थे। वह राजनीति में नया चेहरा थे। जनता ने उन्हें चेयरमैन चुना था। सन् 2011 में राशिद हुसैन की पत्नी किश्वर जहां चेयरमैन निर्वाचित हुई थी। उनके कार्यकाल में नगर में रिकार्ड विकास कार्य कराए गए थे। उनके द्वारा कराए गए विकास कार्यों को जनता आज भी याद करती है। सन् 2017 से 2022 तक शहजाद अहमद चेयरमैन रहे। लेकिन उनका कार्यकाल विवादों से घिरा रहा। सन् 2023 में भाजपा के टिकट पर लोकेंद्र चौधरी चेयरमैन निर्वाचित हुए। 27 मई 2023 को शपथ ली थी। उनके कार्यकाल में नगर के कई क्षेत्रों में पहली बार नालों का निर्माण, सीसी रोड, नलकूप, स्ट्रीट लाइट तथा हरियाली के लिए वृक्षारोपण जैसे कार्य कराए जा रहे है।

वर्तमान में झालू में 20,583 मतदाता है। नगर के विस्तार एवं विकास की गति निरंतर बढ़ रही है। चेयरमैन लोकेंद्र चौधरी के नेतृत्व में बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा रहा है।

# बच्चों के झगड़े में एक की मौत, दो घायल

### पुलिस ने स्थिति को संभाला तनावपूर्ण शांति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** मोहल्ला नायक सराय में बच्चों के मामूली झगड़े ने बड़ा रूप ले लिया, जिसमें एक युवक की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों की पहचान मोहम्मद कैफ (18 वर्ष) और मोहम्मद फैज (17 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि विवाद के दौरान मुस्तफा पुत्र नत्थू ने ईंट से हमला कर दिया, जिससे तीनों युवक घायल हो गए। घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां रफीक पुत्र



अब्दुल शकूर की मौत हो गई। पुलिस ने रफीक के शव को कब्ज में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और मामले की जांच शुरू कर दी है। मोहल्ले में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है।

# कांवड़ सड़क पर रखकर लगाया जाम

### मारपीट व अभद्रता करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** हरिद्वार से कांवड़ लेकर लौट रहे कांवड़ियों ने एक युवक पर अभद्रता और मारपीट का आरोप लगाते हुए कांवड़ सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कांवड़ियों को समझाने का प्रयास किया मगर कांवड़िए युवक को माफी मांगने को कहते रहे। वहां पर पहुंचे एसपी सिटी व सीओ सिटी ने कांवड़ियों से कहा कि युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है, तब जाकर कांवड़ियों ने सड़क से कांवड़ उठायी और जाम को खोला गया।

थाना क्षेत्र के गांव सीमला कला नई बस्ती के रहने वाला अभिषेक पुत्र संजय एवं गांव के कुछ युवक हरिद्वार से गंगा जल लेकर आ रहे थे। जैसे ही



वह आज गांव दयालवाला में पहुंचे तो वहां पर राजकुमार उर्फ बिट्टू पुत्र कैलाश नाम का व्यक्ति खड़ा हुआ था। जिसने कांवड़ियों को कुछ कह दिया। कांवड़ियों ने कांवड़ को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंचे मंडावर थाना प्रभारी राज. कुमार सरोज ने कांवड़ियों को समझाने का प्रयास किया, मगर कांवड़िए अपनी जिद पर अडे रहे। मौके पर पहुंचे एसपी सिटी और सीओ सिटी ने बताया कि आरोपित बिट्टू पुत्र कैलाश को गिरफ्तार कर लिया गया है। तब जाकर कांवड़ियों ने सड़क से अपनी कांवड़ उठाई और जाम को खोल दिया। भीड़ भाड़ को देखते हुए अन्य थाने की पुलिस भी मौजूद रही।

वहीं कांवड़ियों ने बताया कि बिट्टू ने उनके साथ अभद्रता करते हुए गाली गलौज की थी।

# भीम आर्मी को मजबूत करने की जरूरत : जावेद

## हबीबवाला में कराया भीम आर्मी का विशाल स्थापना दिवस समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हबीबवाला।** आजाद समाज पार्टी के जिला संगठन मंत्री एवं धामपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे जावेद अली ने कहा कि मजलूमों के हितों की रक्षा के लिए भीम आर्मी एकता मिशन को मजबूत करने की जरूरत है।

गौरतलब है कि जावेद अली आजाद समाज पार्टी के धामपुर विधानसभा क्षेत्र के मजबूत नेता है। वह पिछले काफी लम्बे समय से धामपुर सीट से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे है। वर्तमान में उनकी पत्नी धामपुर क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य है। अहम बात यह है कि उन्हें इस चुनाव में सर्वसमाज ने वोट दिए थे। जाति व धर्म से ऊपर उठकर उन्हें वोट दिए गए थे। वह ग्राम रामठेरा के प्रधान भी रह चुके है। ग्राम में मुस्लिम समाज का सिर्फ एक ही परिवार रहता है। इसके बावजूद ग्रामीणों ने भाईचारा दिखाते हुए उन्हें प्रधान बनाया था। जावेद अली सभी को साथ लेकर चलने पर विश्वास रखते है। इसी मिशन को आगे बढ़ाते हुए वह धामपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ना चाहते है।



उनके द्वारा अपने हबीबवाला बस स्टैण्ड स्थित कार्यालय पर भीम आर्मी एकता मिशन के स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष से लेकर अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। सभी ने आजाद समाज पार्टी को मजबूत करने एवं आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए मेहनत करने का आह्वान किया। जावेद अली ने कहा कि आने वाला वक्त आजाद समाज पार्टी का है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद चंद्रशेखर पूरे देश का दौरा कर दबे कुचले समाज पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में आवाज उठा रहे है। वह एक मात्र ऐसे नेता है, जो आम आदमी के हकों की लड़ाई लड़ते है। उन्होंने कहा कि हमें उनके हाथों को मजबूत रखना है। आपसी मतभेद भुलाकर भीम आर्मी एकता मिशन के उद्देश्यों को पूरा करना है। वरिष्ठ नेता मौलाना अतिकुर्रहमान कासमी ने कहा कि आजाद समाज पार्टी एक आंदोलन है, जो दबे कुचले समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आजाद समाज पार्टी की बढ़ती ताकत से विरोधी परेशान है। उन्हें साफ दिखाई दे रहा है कि आने वाले चुनाव में आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशियों की रिकार्ड वोटों से जीत होगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता हमारी ताकत है।

# विवाहिता की मृत्यु पर परिजनों ने किया हंगामा

### पोस्टमार्टम को लेकर दोनों पक्षों में विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शेरकोट निवासी एक गर्भवती विवाहिता की उपचार के दौरान एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। महिला के मायके और ससुराल पक्ष में पोस्टमार्टम को लेकर विवाद खड़ा हो गया, जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अफजलगढ़ निवासी गुलशन जहाँ का विवाह शेरकोट के निवासी फरमान के साथ हुआ था। बताया जा रहा है कि गुलशन ढाई महीने की गर्भवती थी और पिछले करीब दो सप्ताह से बुखार से पीड़ित थी। प्रारंभिक इलाज शेरकोट के एक चिकित्सक से कराया गया, लेकिन स्थिति में सुधार न होने पर उसे धामपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में



चेकअप के दौरान महिला का ब्लड प्रेशर बेहद कम पाया गया, जिसके बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही दोनों पक्ष अस्पताल में पहुंच गए और एक-दूसरे पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर कोतवाल राजेश चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को शांत कराते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कोतवाल का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### शिवभक्तों के लिए भंडारा



**नजीबाबाद।** मोटा महादेव मंदिर परिसर में एसडीएम विजय शंकर ने शिवभक्तों के लिए भंडारे का आयोजन कर अपने हाथों से भोजन परोसा। एसडीएम विजय शंकर ने अपने परिवार सहित शिवभक्तों की सेवा की। उन्होंने बताया कि सेवा करना ही सबसे पुण्य का कार्य है। ऐसे आयोजन कराने वालों पर धर्मलाभ के साथ भगवान की विशेष अनुकम्पा व कृपा बनी रहती है। उन्होंने भंडारे में आए सभी शिवभक्तों का आदर सहित सत्कार किया। भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने बड़े प्रेमभाव के साथ प्रसाद ग्रहण किया। नजीबाबाद के कारोबारी आलोक अग्रवाल ने भी मोटा महादेव पहुंचकर शिवभक्तों को प्रसाद वितरित किया।

### महिला को सांप ने डसा

**नूरपुर।** क्षेत्र के ग्राम अथाई जमीरुद्दीन निवासी बानो (60 वर्ष) पत्नी शफीकुल को सांप ने काट लिया। सांप के काटने से परिवार में खलबली मच गई। परिवार के लोग महिला को तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां पर डॉक्टर ने महिला की गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां पर उसकी हालत अभी तक गंभीर बनी हुई है। बरसात के महीने जहरीले सांपों का आतंक चरम सीमा पर है। आएदिन जहरीले सांप खेत पर काम कर रही महिलाओं को डस रहे हैं।



### राजवीर बने जिला अध्यक्ष

**नजीबाबाद।** इलेक्ट्रॉनिक एंड प्रिंट मीडिया परिषद पंजीकृत की बैठक में वरिष्ठ पत्रकार राजवीर सिंह को संगठन का जनपद का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। शीघ्र जिला कमेटी गठित कर शपथ ग्रहण समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही पत्रकारों के हितों के लिए मिलकर संघर्ष करते हुए सामाजिक कार्य करने एवं जनहित के मुद्दों को उजागर करने का निर्णय लिया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष विश्वास द्विवेदी, राष्ट्रीय महासचिव महताब खान चांद, उपाध्यक्ष पुनीत गोयल, अनुज शर्मा, विपुल शर्मा, रिहान अंसारी, धर्मवीर सिंह, नरेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।



### किरतपुर में गुमशुदा बच्चा बरामद

**बिजनौर।** किरतपुर थाने में आज सरफराज पुत्र हबीव निवासी ग्राम भोजपुर ने तहरीर दी थी कि उसका 14 वर्षीय पुत्र अरशद बाइक की दुकान पर काम सीखने के लिए गया था। लेकिन देर शाम वापस नहीं लौटा। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बच्चे को बरामद करने के लिए प्रयास शुरू कर दिए थे। पुलिस ने बच्चे को सकुशल बराम कर लिया और उसके परिजनों को सौंप दिया।

# कपड़े सुखाते वक्त लोहे के तार में आया करंट, महिला की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावली।** एक महिला कपड़े सुखाने के दौरान लोहे के तार में उतरे करंट की चपेट में आ गई, जिससे वह बेहोश हो गई। परिजनों द्वारा उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों द्वारा महिला को मृत घोषित कर दिया गया।

पूरा मामला मंडावली थाना क्षेत्र के ग्राम हकीमपुर का है। जहां हकीमपुर की रहने वाली 35 वर्षीय वर्षा शाम के वक्त तार पर कपड़े सुखाने के लिए डाल रही थी। महिला ने जैसे ही तार पर कपड़े डाले उसे तेज करंट लग गया और वह बेहोश हो गई। जिस वक्त महिला को करंट लगा। उस वक्त महिला के घर में कोई मौजूद नहीं था। वहीं महिला का पति अपने काम पर गया था। स्थानीय पड़ोसियों द्वारा इसकी सूचना महिला के पति दयाराम को दी गई। पड़ोसियों की सूचना पर मौके पर पहुंची महिला के पति ने महिला को बेहोशी की



हालत में बिजनौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर आया। यहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। वहीं इसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा मंडावली पुलिस को दी गई। मंडावली पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंच कर महिला के शव का पोस्टमार्टम कराया । पोस्टमार्टम के बाद परिजनों द्वारा महिला के शव का अंतिम संस्कार किया गया।

### चांदपुर में नितिन गिरफ्तार

**बिजनौर।** वादी ने बीस मई को चांदपुर थाने में तहरीर दी थी कि ग्राम नारनौर निवासी नितिन पुत्र सतवीर एवं एक किशोर के द्वारा उसकी पुत्री की फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी गई। उसके साथ गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। इसके बाद उसकी पुत्री ने आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने नितिन को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही किशोर को अभी रक्षा में लिया गया है।

# विधायक अशोक राणा ने सुनी जनसमस्याएं

### भाजपा सरकार में सभी की सुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**राजा का ताजपुर।** धामपुर के भाजपा विधायक अशोक राणा ने जनसमस्याएं सुनते हुए अधिकारियों को उनका समाधान करने के लिए कहा।

प्राप्त समाचार के अनुसार क्षेत्र के ग्राम ठाट जट निवासी धामपुर विधानसभा के भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा ने अपने निवास पर क्षेत्र से आए सैकड़ों लोगों की समस्यायों को ध्यानपूर्वक सुनकर उनका समाधान कराने के लिए उच्चाधिकारी को फोन कर आवश्यक निर्देश दिए। उनके निवास पर धामपुर विधानसभा के अलावा जनपद भर के पीड़ित अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचते हैं। विधायक अशोक कुमार राणा उनकी समस्याओं को सुनकर बगैर किसी भेदभाव के मदद करते हैं। उनके घर के दरवाजे हर वक्त हर किसी पीड़ित व कमजोर व्यक्ति के लिए खुलें है। पीड़ित चाहे किसी भी धर्म या जाति का हो, उनके लिए सब बड़ा मजहब इंसानियत का है। इसलिए विधायक अशोक कुमार राणा को गरीबों का मसीहा कहा जाता है।



भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार बगैर किसी भेदभाव के सबका साथ सबका विकास करा रही है। भाजपा सरकार ने गरीबों के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाएं चला रखी है।

उन्होंने कहा कि मोदी व योगी के राज में देश व प्रदेश तरक्की कर रहा है। गुंडे व माफिया जेलों की हवा खा रहे हैं। सपा व बसपा सरकार में अपराधी खुलेआम अपराध करते थे। बहु-बेटियों की इज्जत सुरक्षित नहीं थी। गुंडे व माफिया खुलेआम बहु-बेटियों का अपहरण करते थे। पुलिस का उन्हें कोई डर नहीं था। भाजपा सरकार में अपराधियों ने पुलिस के डर से प्रदेश छोड़ दिया। प्रदेश में कानून का राज है। देश की जनता अपने आपको सुरक्षित महसूस कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछली सपा व बसपा की सरकारों में दंगे खुलेआम हुआ करते थे। मगर भाजपा सरकार में हिन्दू-मुसलमान के नाम पर एक भी दंगा नहीं हुआ है। अब देश की जनता सपा-बसपा व कांग्रेस के बहकावे में आने वाली नहीं है, क्योंकि इन तीनों पार्टियों ने हिन्दू-मुसलमानों के बीच नफरत फैला कर सत्ता हासिल की है। आने वाले विधानसभा चुनाव में प्रदेश में फिर से तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा का हर एक कार्यकर्ता डोर टू डोर जाकर पार्टी की नीतियों के बारे में प्रचार-प्रसार करें। सभी भाजपा के पदाधिकारी पार्टी के कार्यकर्ताओं को सम्मान करें, क्योंकि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होती है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# बालिका को उठा ले गया गुलदार

## ग्रामीणों में जंगल में ढूंढा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम मंडोरी में घर के पास ही शौच कर रही एक 11 वर्षीय बालिका को गुलदार उठा कर ले गया। गुलदार के पद चिन्ह व खेत में खून पड़ा हुआ मिला है। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जंगल में बालिका को तलाश कर रहे हैं। लेकिन उसका कोई अता-पता नहीं लग सका है।

प्राप्त समाचार के अनुसार सायं करीब सात बजे ग्राम मंडोरी निवासी रवि कुमार की 11 वर्षीय पुत्री कनिका घर के पास ही ईख के खेत के नजदीक शौच के लिए गई थी। बताया जाता है कि अचानक गुलदार ईख के खेत से निकलकर आया और बालिका को उठाकर ले गया। जिसको लेकर हड़कंप मच गया। ग्रामीण ने उसकी तलाश शुरू की, तो कुछ ही दूरी पर खून व गुलदार पद चिन्ह दिखाई दिए हैं। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जंगल में बालिका को तलाश कर रहे है। ग्रामीणों ने बताया कि दिन से ही गुलदार देखा जा रहा था।

रवि कुमार का घर ग्राम के पूरब की दिशा में है और उसके घर के पास में ईख भी खड़ी है। बालिका को गुलदार के उठाकर ले जाने पर ग्रामीणों में हड़कंप मचा हुआ है। करीब एक वर्ष पूर्व भी इसी ग्राम में मुकेश कुमार की 10 वर्षीय पुत्री कनिष्का को भी जंगल में गुलदार ने मार डाला था। गुलदार के आतंक को लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। वन रेंजर गोविंद राम गंगवार का कहना है कि सूचना मिली है। मौके पर टीम के साथ जा रहे है।

## गुलदार के हमले से युवक घायल

**हल्दौर।** ग्राम सुल्तानपुर आबाद निवासी आकाश कुमार मंगलवार देर रात्रि में बाइक से अम्हेड़ा, रुस्तमपुर होते हुए अपने ग्राम लौट रहा था। जैसे ही वह ग्राम के समीप पहुंचा, तो खेतों की ओर से अचानक एक गुलदार निकला और बाइक के पीछे से उस पर झपट पड़ा। गुलदार ने युवक के पैर पर हमला कर उसे घायल कर दिया। आकाश किसी तरह बाइक भगाकर ग्राम पहुंचा और ग्रामीणों को पूरी घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही ग्राम के लोग लाठी-डंडों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शोर मचाया। शोर सुनकर गुलदार मौके से जंगल की ओर भाग निकला। घटना के बाद ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम से क्षेत्र में पिंजरा लगवाकर गुलदार को पकड़ने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो किसी बड़ी अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता।

# नूरपुर थाने के सिपाही अंकित चौधरी पर लगाए गंभीर आरोप

## पीड़ित महिला ने सीएम से मांगा न्याय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पीड़ित महिला ने मुख्यमंत्री सहित अन्य आलाधिकारियों को फरियाद भेज कर नूरपुर थाने के सिपाही अंकित चौधरी पर गंभीर आरोप लगाए है।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना नूरपुर के ग्राम पीपला जागीर निवासी सुरैय्या परवीन पत्नी मौहम्मद उस्मान ने मुख्यमंत्री व मुरादाबाद के डीआई सहित राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष को फरियाद भेजी है। जिसमें उसने कहा है कि वह एक सीधी सादी महिला है। उसके पति मौ. उस्मान शीशे की दुकान पर मजदूरी करके अपने परिवार का पालन-पोषण करते है। दस जुलाई को समय करीब तीन बजे उसके पति शीशे की दुकान से मजदूरी करके घर खाना खाने के लिए आए थे। तभी उनके घर में एक व्यक्ति सादे कपड़ों में जबरन घुस आया और अपने आपको थाना नूरपुर में कांस्टेबिल के पद पर तैनात तथा अपना नाम अंकित चौधरी बताया। उसने जबरन घर में घुसने का कारण पूछा, तो कांस्टेबिल अंकित चौधरी प्रार्थिनी को बिना कारण बताए घर के अंदर घुस गया और उसे देखकर अश्लील बातें व गन्दी-गन्दी फब्तियां कसने लगा। वह छेड़छाड़ करने लगा। उसके द्वारा कांस्टेबिल अंकित चौधरी से घर से बाहर जाने व पुलिस के उच्चाधिकारियों से शिकायत करने को कहा गया, तो यह सुनकर आग बबूला हो गया। इतने में उसके पति मौ. उस्मान खाना छोड़कर कमरे से बाहर आ गए, तो कांस्टेबिल अंकित चौधरी ने उसके पति को देखकर अपने साथियों को बुला लिया। वह उसके पति को जबरन थाना नूरपुर ले गए। पीछे-पीछे वह भी थाने पहुंच गई। थाने में उसके पति मौ. उस्मान को कई घण्टे जबरन रखा तथा प्रताड़ित करते हुए गलत-गलत आरोप लगाते रहे। उसने थाने में होमगार्डस से पूछा कि बड़े अफसर कहां पर है, तो होमगार्डस ने बताया कि वह कहीं बाहर गए हुए है। जो कि रात तक थाने में वापस लौटेंगे। तभी वह कांस्टेबिल अंकित चौधरी से अपने पति को छोड़ने के लिए कहने लगी, तो कांस्टेबिल अंकित चौधरी ने उससे 20 हजार रुपए की नाजायज मांग की। उसके द्वारा मना करने पर कांस्टेबिल अंकित चौधरी ने अपने साथी कांस्टेबिल गौरव को आवाज लगाई, तो वह भी वहां पर आ गए। वह भी उस पर गन्दी-गन्दी फब्तियां कसने लगे। साथ ही उसके पति को गन्दी-गन्दी गालियां देकर मारपीट करने लगे। रात्रि दस बजे थाने में राजेन्द्र कुमार दरोगा आये। थाने में मौ. उस्मान ने सारी बात दरोगा को बतायी। दरोगा कहने लगे कि हमने तो सिर्फ पूछताछ के लिए अंकित चौधरी को भेजा था। आज कल एक वीडियो चल रही है, उसकी छानबीन के लिए मात्र कांस्टेबिल अंकित चौधरी वहां पर गए थे। हमें नहीं पता कि वह आपके साथ इतना गलत व्यवहार व छेड़छाड़ करेगा। फिर इसके बाद दरोगा ने तुरंत उसके पति को थाने से छोड़ दिया। थाने से आते-आते उसे व उसके पति को कांस्टेबिल अंकित चौधरी ने खुलेआम धमकी दी। आज तो तुने इसे बचा लिया और मुझे 20 हजार रुपए भी नहीं दिए। आइंदा झूठे केस में फंसाकर जेल भिजवा दूंगा। वह काफी डरी व सहमी हुई है तथा आत्महत्या करने पर मजबूर है। यदि उसके व पति के साथ कोई हादसा होता है, तो इसकी सभी जिम्मेदारी कांस्टेबिल अंकित चौधरी की होगी। इस मामले में फिलहाल पुलिस ने जांच शुरू नहीं की है।

## एक नजर

### परवेज पाशी ने सौंपा शिकायती पत्र



**नगीना।** हिंदू इंटर कालेज के सामने मौहल्ला लाल सराय निवासी जन सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष परवेज पाशी ने बुधवार को नगर पालिका परिषद नगीना पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए इसके सम्बन्ध में एक प्रार्थना पत्र उपजिलाधिकारी आशुतोष जायसवाल को दिया। दिए गए प्रार्थना पत्र के माध्यम से उन्होंने नगर पालिका के अध्यक्ष और कर्मचारीगण पर हमसाज होकर सरकारी पैसे का दुरूपयोग करने का आरोप लगाया। उन्होंने मार्च 2025 में बजट पास होने से पहले ही नगर पालिका द्वारा राज्य वित्त के 55 लाख रुपये का भुगतान एक ठेकेदार के नाम करने पर प्रश्न उठाते हुए आशंका जाहिर की कि न तो इस भुगतान से संबंधित कोई कार्य हुआ है और न ही इससे संबंधित दस्तावेज ही उपलब्ध हैं। उन्होंने मई-जून 2025 के राज्य वित्त के खाते की स्टेटमेंट निकालकर पालिका अध्यक्षा व पूर्व ईओ संदीप सक्सेना पर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की।

### मण्डावर में राजकुमार गिरफ्तार

**बिजनौर।** मण्डावर पुलिस ने ग्राम दयालवाला निवासी राजकुमार उर्फ बिट्टू पुत्र कैलाश सिंह को गिरफ्तार किया है। हरिद्वार से गंगा जल लेकर आ रहे कांवडिये अभिषेक पुत्र रामशरण एवं विकसित पुत्र लाखन निवासी ग्राम सीमला कलां जब तितरवाला स्थित मंदिर में जल चढ़ाने जा रहे थे, तब राज. कुमार का तेज बाइक चलाने को लेकर उनसे विवाद हो गया था। जांच में यह तथ्य प्रकाश में आया कि बिट्टू पक्ष मुढ़ी बनाने का कार्य करता है। जिसमें प्रयोग होने वाली रस्सी को रास्ते में फैलाए रखता है। जिस रास्ते पर अभिषेक पक्ष का बुग्गी लेकर आना जाना लगा रहता है। इसी बात को लेकर पूर्व में दोनों पक्षों के बीच विवाद भी हुआ था।

### छितावर के राजवीर व जगदीश को सजा

**बिजनौर।** न्यायालय स्पेशल जज ईसी एक्ट ने किरतपुर के ग्राम छितावर निवासी राजवीर पुत्र घसीटा एवं जगदीश पुत्र बलराम को चार वर्ष के कठोर कारावास एवं बीस हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। वादिनी ने किरतपुर थाने में तहरीर दी थी कि घसीटा पुत्र श्यामा, राजवीर पुत्र घसीटा, जगदीश पुत्र बलराम एवं बलराम पुत्र तुसली के द्वारा उसके साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट की गई। पुलिस ने धारा 308 सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया गया था।

### महिला की मौत से मचा कोहराम

**नहटौर।** मोहल्ला जोशीयान निवासी सुधा सैनी (55 वर्ष) पत्नी स्वर्गीय जय सिंह की अचानक बुधवार की दोपहर को तबीयत खराब हो गई। परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत हृदय गति रुकने से होना बताया जा रहा है। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। उनका रो रो कर बुरा हाल बना है।

### जलाभिषेक के लिए लगी भीड़



**मंडावली/नजीबाबाद।** श्रावण मास की शिवरात्रि पर जलाभिषेक के लिए शिवालयों में भीड़ लगी। श्रावण मास की शिवरात्रि का बड़ा ही पवित्र दिन है। श्रावण मास शिव की आराधना का विशेष महीना होता है। सच्चे मन से की गई पूजा करने से भगवान शंकर प्रसन्न होते है। आज श्रावण मास की शिवरात्रि के दिन मंडावली क्षेत्र मोटा महादेव मंदिर पर सुबह पांच बजे से ही शाम चार तक लंबी लाइन लगी देखी गई। श्रद्धालुओं ने बाबा के जयकारे लगाते हुए भगवान आशुतोष का जलाभिषेक कर बाबा भैरों का आशीर्वाद लिया। शिव के गण नंदी की पूजा की। मंदिर के पुजारी शशिनाथ ने शिवभक्तों को पूजा अर्चना कराई। शिवलिंग पर बेल पत्र, धतूरा, भाग, चढ़ाकर गंगाजल, दूध, दही, शहद आदि से अभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। कांवड़ियों ने भी मंदिर पर जलाभिषेक किया और अपनी मंजिल की ओर बढ़े। थाना प्रभारी रामप्रताप सिंह, मोटा महादेव चौकी इंचार्ज सोनू कुमार आदि पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था बनाने में लगे रहे। शिवरात्रि का उपवास रख कर शिव स्तुति की गई। पवन त्यागी, सुनील त्यागी, तुषार त्यागी, लवी त्यागी, चौधरी वीर सिंह, आदित्य कर्णवाल, तरंग कर्णवाल, अनिल कर्णवाल, स्पर्श कर्णवाल, अनिल कर्णवाल, गीता कर्णवाल, पंकज सिंह, राधेश्याम, कमल कुमार, सोनू सैनी, अमन वर्मा, आलोक अग्रवाल, संदीप उपाध्याय, सुनील प्रजापति आदि शिव भक्तों ने मोटा महादेव मंदिर पर पूजा अर्चना की।

# गंगा स्नान के दौरान युवक दर्दनाक हादसे का शिकार

## पत्थर से सिर टकराने पर उपचार के दौरान मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** सावन की पवित्र कांवड़ यात्रा के दौरान गांव पैजनियां का एक युवक गंगा स्नान के दौरान दर्दनाक हादसे का शिकार हो गया। हरिद्वार के चंडीघाट क्षेत्र में गंगा में स्नान करते समय पत्थर से सिर टकराने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मेरठ में उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। जैसे ही युवक का शव गांव पहुंचा, परिवार और गांव में कोहराम मच गया।

थाना हल्दौर क्षेत्र के अंतर्गत गांव पैजनियां निवासी मुकेश सैनी का 18 वर्षीय पुत्र विकास कुमार बीते रविवार को अपने साथियों के साथ हरिद्वार से कांवड़ लेने गया था। सोमवार को चंडीघाट के निकट गंगा में स्नान करते समय अचानक उसका सिर पानी के भीतर छिपे एक पत्थर से टकरा गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। साथियों ने तत्काल उसे पास के एक निजी चिकित्सक के पास पहुंचाया, जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे मेरठ के लिए रेफर कर दिया। मेरठ पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

विकास की असामयिक मृत्यु की खबर जैसे ही गांव पहुंची। पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के परिवार में तीन बहनें और एक छोटा भाई है। उसके माता-पिता हरिद्वार में रहकर एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं। बताया जा रहा है कि विकास करीब तीन दिन पहले ही हरिद्वार से कांवड़ लाने के उद्देश्य से गांव आया था। परिजन ने बिना पुलिस को सूचना दिए ही युवक का अंतिम संस्कार कर दिया। इस हृदयविदारक घटना ने कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

# बैंक सुरक्षा को लेकर चला चेकिंग अभियान

## थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार की मुस्तैदी काबिले तारीफ




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** नगर में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए बुधवार को थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार की अगुवाई में नगर के तमाम बैंकों में चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया और बाहर खड़ी गाड़ियों, खासकर दोपहिया वाहनों की गहनता से जांच की गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार अपनी पुलिस टीम के साथ नगर के सभी बैंकों में अचानक पहुंचे। उन्होंने बैंक स्टाफ से बातचीत की और उन्हें सुरक्षा से जुड़े जरूरी दिशा-निर्देश दिए। साथ ही बैंक आने-जाने वाले हर शख्स पर नजर रखने की हिदायत दी गई। चेकिंग के दौरान थाना प्रभारी ने यह भी देखा कि बैंक परिसर के बाहर गाड़ियाँ सही ढंग से खड़ी हैं या नहीं। जो मोटरसाइकिलें संदिग्ध हालात में मिलीं, उनकी जांच की गई ताकि किसी भी आपराधिक घटना को पहले ही रोका जा सके। थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार ने बैंक प्रबंधकों को कहा कि सीसीटीवी कैमरे हमेशा चालू रहने चाहिए और सुरक्षा गार्ड हर समय सतर्क रहें। उन्होंने बताया कि जनता की हिफाजत और बैंकिंग सुविधाओं की सुरक्षा पुलिस की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। इसलिए ऐसे चेकिंग अभियान समय-समय पर चलाए जाते रहेंगे। नगर के लोगों ने थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार की मेहनत, मुस्तैदी और चौकसी की भरपूर सराहना की।

लोगों का कहना है कि उनकी निगरानी और कड़ी निगाह से नगर में कानून व्यवस्था बहुत ज्यादा मजबूत और भरोसेमंद बनी है।

# रोहित रवि बने एसएफएस के जिला समन्वयक सदस्य



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'स्पोर्ट्स फॉर स्कूल' (एसएफएस) के तहत नगीना निवासी रोहित कुमार रवि राष्ट्रीय प्रवक्ता गुरु रविदास विश्व महापीठ भारत को बिजनौर जिला समन्वयक सदस्य बनाया गया।

इस अवसर पर डी.पी.एस. टेक मैनेजमेंट सिस्टम के सीईओ देवेंद्र सिंह के द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश स्पोर्ट्स फॉर स्कूल के कोऑर्डिनेटर संदीप वर्मा एवं रणजी खिलाड़ी किशन गुप्ता, एनआईएस के प्रशिक्षक हेमंत तिवारी एवं मिजोरम के राष्ट्रीय खिलाड़ी अंकित चौहान की गरिमामयी उपस्थित रही। इस दौरान "Sports for School" कार्यक्रम की विस्तारपूर्वक प्रस्तुति दी गई एवं इसके सफल क्रियान्वयन हेतु आवश्यक रणनीतियों पर गहन विमर्श किया गया। यह अभिनव कार्यक्रम उत्तर प्रदेश सरकार एवं डीपीएस टेक मैनेजमेंट सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड की संयुक्त पहल है, जिसका प्रमुख उद्देश्य प्रदेश के सरक. ारी विद्यालयों में खेलों को शिक्षा का अभिन्न अंग बनाकर खेल संस्कृति स्पोर्ट्स कल्चर को बढ़ावा देना है। जिससे छात्रों को मानसिक सतुलन, अनुशासन एवं टीम भावना को सुदृढ़ करना है, बल्कि उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खेल मंचों पर प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर भी प्रदान करना है।

# कांवड़िये को पुलिस ने उसका खोया बैग लौटाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** कांवड़ मार्ग पर एक कांवड़िये को पुलिस ने उसके खोए बैग को लौटाया है। अपना बैग पाकर कांवड़ियां खुश हुआ और पुलिस का आभार व्यक्त किया।

कांवड़ यात्री पप्पू कश्यप पुत्र टेनी राम निवासी इंदिरा कॉलोनी थाना रामनगर, जिला नैनीताल उत्तराखंड का नगीना थाना क्षेत्रांतर्गत हाईवे पर बैग गिर गया जो कि सेक्टर प्रभारी 24 को मिला। उन्होंने बैग में मिले दस्तावेजों से मिले बैग के मालिक के नंबर पर काल कर मालिक को सूचित किया और बुलाकर खोया हुआ बैग वापस किया। कांवड़िए ने अपना खोया हुआ बैग पाकर पुलिस का आभार जताया।

**न्यायालय सिविल जज जू.डि., चांदपुर**
**ओ.एम. 48/2025**
**कु. शाहीन बनाम मेहरूद्दीन आदि**

कु. शाहीन पुत्री अमीरूद्दीन उम्र व्यस्क निवासी मौहल्ला सरायरफी, कस्बा व तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर

**विपरीत**

1- मेहरूद्दीन पुत्र अमीरूद्दीन निवासी मौहल्ला सरायरफी, कस्बा, परगना व तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर। 2- महरूनिशा पुत्री अमीरूद्दीन पत्नी जुबैर नि. मौ. सराय रफी चांदपुर, हाल निवासी खुरेड़ा, धामपुर। 3- खैरूनिशा पुत्री अमीरूद्दीन पत्नी मौ. अंसार निवासी मौ. सराय रफी चांदपुर, हाल निवासी बसेड़ा खुर्द धामपुर, जिला बिजनौर। 4- नसरीन पुत्री अमीरूद्दीन पत्नी मौ. हारून निवासी मौ. मुफ्ती सराय, कस्बा, परगना व तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर। 5- फरहा पुत्री अमीरूद्दीन, 6- मौहम्मद गुलजार, 7- मौहम्मद गुलसाद, 8- रिजवान, 9- इमरान पुत्रगण अमीरूद्दीन, निवासीगण मौ. मुफ्ती सराय, कस्बा, परगना व तहसील चांदपुर 10- परवीन पुत्री अमीरूद्दीन निवासी मौ. सराय रफी कस्बा व परगना व तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर। हाल निवासी शाह अलीपुर, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर

दरख्वास्त मुसम्मा कु. शाहीन वास्ते हुसुल सार्टीफिकेट वसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतानी मुसम्मा कु. शाहीन मुसवफा मेहरूद्दीन अपने मूजिव एक्ट 7 सन् 1878 ई. वक्त हरगाह मुसम्मा कु. शाहीन ने दरख्वास्त हुसूल सार्टीफिकेट गुजरानी है ई. तारीख 28.07.2025 वास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई है कि लिहाजा यह इश्तहार जारी किया किसी को निस्वत दरख्वास्त के उज्र हो तो या अदालत या वकालत वक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज जू.डि. मुकाम चांदपुर में तारीख मुकर्रर हाजिर होकर उज्र अपना पेश करे। दर सूरत इनकजाय तारीख के मजकूर के फिर उस मिसी का सुनने और हुक्म मुनासिब निस्वत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

नियत दिनांक:- 28.07.2025

**प्रबंधक**
**सिविल जज जू.डि.**
**चांदपुर**

# शिव भक्तों ने किया भगवान आशुतोष का जलाभिषेक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** सावन की शिवरात्रि पर सभी शिवालयों में शिवभक्त कांवड़ियों और महिलाओं, पुरुषों तथा बच्चों ने पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। दूध, दही, घी, शक्कर, शहर, बेलपत्र, फल, फूल, भांग, धतूरा, दूबड़ा अपराजिता के फूल शिवलिंग पर चढ़ाकर पूजा अर्चना की।

नगर के समीप ग्राम काजीवाला के शिव मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए आज सुबह चार बजे से ही अनेक कांवड़ियों के साथ-साथ महिला-पुरुष व बच्चों की भीड़ जुट गयी और भगवान शिव के शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। दिन निकलने तक बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुट गई।

प्रबंधक समिति के सदस्यों ने व्यवस्था बनाकर भक्तों से जलाभिषेक कराया।

इस दौरान नगीना से भी भाजपा पदाधिकारी प्रमोद चौहान, हरमीत मल्होत्रा, तिलक राज, अरुण शर्मा, अतुल भारती, अरुण शर्मा, सचिन शर्मा, राजन आदि ग्राम काजीवाला पहुंचे और भगवान आशुतोष का जलाभिषेक किया। प्रबंधक जितेंद्र चौहान द्वारा उत्तम व्यवस्था व पंडित पवन कुमार द्वारा पूजा अर्चना कराई गई।

# राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम



## प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा आज कलेक्ट्रेट परिसर से राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत खुरपका-मुंह पका रोग बचाव के प्रति जागरूकता के लिए प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्हें उन्होंने पशु चिकित्सा विभाग के सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि उक्त अभियान को पूर्ण मानक अकाउंट बंता के साथ संचालित करें।

उन्होंने कहा कि आज से फुट एंड माउथ डिजीज का वृहद टीकाकरण अभियान पशु चिकित्सा अधिकारियों के नेतृत्व में प्रारंभ किया जा रहा है, यह अभियान 45 दिनों तक चलेगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत जनपद के समस्त गोवंशीय एवं भैंस वंशीय पशुओं को खुर पका - मुंह पका रोग का टीकाकरण पशुपालक के द्वार पर किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि गांव में टीकाकरण की तिथि की जानकारी के लिए निकट के पशु चिकित्सालय अथवा पशु सेवा केंद्र पर संपर्क किया जा सकता है। यह एक वायरस जनित बीमारी है, जिसमें पशु के मुंह एवं खुरों में छाले बनकर जख्म बन जाते हैं और पशु खाने पीने से लाचार होकर बैठ जाता है तथा समय पर चिकित्सा न होने पर पशुओं के पैरों में कीड़े भी पड़ सकते हैं। पशु खाने-पीने में लाचार होने से अंततः भूखा रहने के कारण मृत्यु को भी प्राप्त हो सकता है। अतः सभी पशुपालकों से अपील की है कि वह अपने पशु के कान में टैग लगवा कर भारत पशुधन एप पर पंजीकरण कराते हुए अपने पशु का टीकाकरण कराना सुनिश्चित करें।

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र रंजीत गलत संगत में पड़कर मेरे व मेरी पत्नी रघुवती देवी के साथ मारपीट तथा गाली-गलौच करता रहता है। बार-बार धमकी देता है कि या तो सारी जमीन बेचकर पैसा मुझे दो या जमीन मेरे नाम करो। मैं अपने आप बेच दूंगा। अगर तुम लोगों ने ऐसा नहीं किया, तो तुम्हें जान से मार दूंगा। रंजीत के इस कृत्य से समाज में हमारी छवि पर बुरा असर पड़ रहा है और हम बहुत आहत है। इसलिए हमने रंजीत से संबंध विच्छेद कर अपनी समस्त चल व अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है। 19 जुलाई 2025 से रंजीत से रंजीत का हमसे कोई संबंध और मतलब वास्ता नहीं रहा। यदि रंजीत कोई भी ऐसा कार्य करता है, जो समाज व कानून तथा हमारे हित के खिलाफ है, तो उस सबका जिम्मेदार रंजीत स्वयं होगा। उससे हमारा कोई संबंध व मतलब वास्ता नहीं होगा। **उम्मेद सिंह पुत्र सद्दी निवासी ग्राम अलीपुर माखन उर्फ लायकपुरी, थाना व परगना मण्डावर, जिला बिजनौर।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत सुल्तानपुर, विकास खण्ड जलीलपुर, बिजनौर

पत्रांक-मीमो / पंचायत/मनरेगा/2025-2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

कार्यक्रम अधिकारी महोदय जलीलपुर के आदेशों के अनुपालन में ग्राम पंचायत सुल्तानपुर में मनरेगा/ राज्यवित्त / केन्द्रवित्त योजना की धनराशि से उचित दर की दुकान एवं कॉमन सर्विस सेंटर का निर्माण कराए जाने में प्रयुक्त होने वाली सामग्री टाइल्स, बालूरेत, ईंट, टाइल्स सीमेंट, कोरसैन्ड, सरिया, रोड़ी, डस्ट, पेंट, पुट्टी आदि की आपूर्ति वित्तीय वर्ष 2025-2026 में कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मों से निविदाएं दिनांक 31/07/2025 तक समय पूर्वाह्न 1 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायं 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जाएंगी। निविदादाता का व्यापार कर / आयकर में पंजीकरण होना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क देकर दिनांक 30/07/2025 तक प्राप्त किये जा सकतें हैं। सम्बंधित कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा की शर्तों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में पंचायत कार्यालय से की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान** **ग्राम पंचायत सचिव**

एक नजर

## चंद्रशेखर आजाद को दी पुष्पांजलि



**कोतवाली देहात।** अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के जन्मदिवस पर उनका भावपूर्ण स्मरण किया गया। इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। ग्राम शादीपुर स्थित विवेक पुस्तकालय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षाविद देवेंद्र कुमार ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद ने देश की स्वतंत्रता में अग्रणी भूमिका निभाई। उन्होंने देश भर के क्रांतिकारियों को एकजुट किया तथा देश की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी। सरदार भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु, रामप्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह सहित अनेक क्रांतिकारी उन्हें अपना नेता मानते थे। चंद्रशेखर आजाद ने स्वतंत्रता आंदोलन की दशा तथा दिशा परिवर्तित करने का कार्य किया। उनका निशाना अचूक था। कार्यक्रम में अमर सिंह, करतार सिंह, विश्वास मौर्य, देवेंद्र सिंह, वरुण गुप्ता, प्राची, आदर्श शर्मा आदि मौजूद रहे।

## आईटीआई में प्रवेश की अंतिम तिथि आज

**बिजनौर।** राजकीय आईटीआई बिजनौर के नोडल प्रधानाचार्य मंजुल मयंक ने बताया कि जनपद बिजनौर में संचालित समस्त राजकीय एवं निजी आईटीआई हेतु राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद द्वारा घोषित द्वितीय चयन परिणाम के प्रवेश की अंतिम तिथि 24 जुलाई 2025 निर्धारित है जिन अभ्यर्थियों ने अभी तक प्रवेश नहीं लिया है वह 24 जुलाई को 5:00 बजे तक अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों के साथ संबंधित संस्थान में उपस्थित होकर प्रवेश लेना सुनिश्चित करें। इसके पश्चात प्रवेश संभव नहीं होगा।

## वीकेआईटी का परीक्षाफल शत-प्रतिशत



**बिजनौर।** एमजेपी रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली द्वारा बी.कॉम तृतीय वर्ष के घोषित परीक्षा परिणाम में वीर कुंवर डिग्री कॉलेज, बिजनौर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। बी.कॉम तृतीय वर्ष की छात्रा प्रिया गोयल ने 64.85 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, ज्वालन्श कुमार ने 63.74 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय एवं रानी ने 60 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के प्रबन्ध निदेशक अभिषेक सिंह, प्राचार्य एंव विभाग के समस्त शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## गड्ढे में मिला वृद्ध का शव

**कोतवाली देहात।** नशे के आदी वृद्ध व्यक्ति का शव सोमवार की रात्रि गांव के बाहर तालाब के पास एक गड्ढ़े में मिला। गांव बांकपुर निवासी घसीटा सिंह (75 वर्ष) खाना खाने के बाद घर से घूमने के लिए निकला था। गांव के बाहर तालाब के पास एक गड्ढे में पैर फिसलने से घसीटा सिंह गिर गया। गड्ढे मे भरे पानी मे डूबकर घसीटा सिंह ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव को बाहर निकाला। पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## गांवों में ड्रोन उड़ने से दहशत

**कोतवाली देहात।** क्षेत्र में उड़ रहे ड्रोन ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। कई गांव में लोग रात को जाग कर पहरा दे रहे हैं। पुलिस ने इसे अफवाह करार देकर ध्यान ने देने की अपील की है। बीती रात्रि क्षेत्र के कई गांवों में ड्रोन उड़ने की सूचना पर ग्रामीणों की नींद उड़ गई। ग्राम बाकर नगला के ग्रामीणों ने गांव में पहरा देकर पूरी रात गुजारी। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में ड्रोन उड़ने से एक भय का माहौल बना हुआ है। लोग पूरी रात जागकर काटने को मजबूर हो रहे है। ड्रोन उड़ने की सूचना कई गांव से आई है। सीओ नगीना अंजनी कुमार ने बताया कि ड्रोन को लेकर अफवाहें चल रही है। पुलिस द्वारा गहनता से जांच करने के बावजूद भी कोई भी मामला सामने नहीं आया है। उन्होंने ग्रामीणों से अफवाहों से बचने की अपील की है। उन्होंने बताया कि पुलिस किसी भी अपराध से निपटने में सक्षम है। लोग अफवाहों पर ध्यान न दें। बिना रेलिंग वाली छत पर अफवाह के चलते न जाएं।

## दो शावकों के साथ घूम रहा गुलदार

**कोतवालीदेहात।** ग्राम शेखपुरा निवासी पदम सिंह हाकर है। मंगलवार की सुबह अखबार बांटने ग्राम मालीवाला में गया था। जंगल के पास ही उसे एक गुलदार तथा दो शावक दिखाई दिए। यह देखकर पदम सिंह डर गया और उसने अपनी स्कूटी वापस मोड़ दी तथा सूचना ग्रामीणों को दी। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के आसपास गुलदार तथा दो शावक पिछले कई दिनों से देखे जा रहे हैं। ग्रामीणों ने पिंजरा लगाने की मांग की है।

## मिल प्रशासन ने सौंपा आर्थिक मदद का चेक



**नांगल सोती।** उत्तम शुगर मिल बरकतपुर में एटीपी टैंक सफाई के दौरान जहरीली गैस की चपेट में आकर कपिलदेव पुत्र भीम सिंह निवासी गांव तिसोतरा थाना नांगल, मुनेश्वर पुत्र सिब्बा सिंह निवासी गांव कबूलपुर थाना मंडावर और सोमपाल पुत्र दयाराम निवासी लालपुर सौजीमल थाना नांगल की मौके पर मौत हो गई थी, जबकि उनका सुपरवाइजर प्रभात पुत्र नरेश निवासी बिजनौर उन्हें बचाने के प्रयास में गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसके बाद मिल प्रशासन ने सभी मृतकों के प्रति परिवार को 5 लाख आर्थिक मदद देने आश्वासन दिया था, लेकिन कुछ किसान नेताओं की हस्तक्षेप के बाद मिल प्रशासन सभी मृतकों के परिवार वालों को 12 लाख की आर्थिक मदद और परिवार के एक सदस्य को मिल में नौकरी देने को राजी हुआ था। बुधवार को कपिल पुत्र श्री भीम सिंह की पत्नी बेवी को मिल अधिकारी कुलदीप सिंह ने 12 लाख रुपये का चेक उनके घर पर आकर दिया। इस मौके पर कामेन्द्र तोमर, विनोद कुमार उर्फ बिट्टू, महिपाल सिंह तोमर, चौधरी ब्रजवीर सिंह, सूरतपाल सिंह, इरफान प्रधान, शोवीर सेठ, कुलबीर सिंह, टीटू लंबरदार, आलोक, भोले सिंह, अंकित हल्दिया, नरेन्द्र लाम्भा आदि मौजूद रहे।

## धर्म परिवर्तन करने के दबाव का आरोप

**कोतवाली देहात।** थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर जागन निवासी अनिल कुमार ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह कोतवाली देहात में कुछ सामान खरीदने आया था। तभी उसे ग्राम सरवनपुर निवासी सरकारी अध्यापक आदेश कुमार मिला। आरोप है कि आदेश उसे ईसाई धर्म अपनाने के लिए कहने लगा। आदेश ने ईसाई धर्म अपनाने के लिए अनिल कुमार को पैसे का प्रलोभन भी दिया। उसने बताया कि कि वह अपने रसूलपुर जागन निवासी ससुराल पक्ष के लोगों का भी ईसाई धर्म में धर्मांतरण करवा चुका है। अनिल कुमार ने थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। इस संबंध में पुलिस का कहना है की तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# कार खेत में गिरी, चार घायल

### पहिये में बस्ट होने से हादसा

शाह टाइम्स संवाददाता

**अफजलगढ़।** बनैली नदी के तीव्र मोड़ पर कार का टायर बस्ट हो जाने के कारण कार दस फिट नीचे खेत में जा गिरी। कार में सवार चालक सहित चार व्यक्ति मामूली रूप से पर चोटिल हो गए। ग्रामीणों की मदद से ट्रैक्टर द्वारा कार को बाहर निकाला।



प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम मानियावाला स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 734 पर बनैली नदी पुल के तीव्र मोड़ पर बुधवार की प्रात: 6:30 बजे एक कार संख्या डीएल3सीसीजेड-2417 अगला टायर बस्ट हो जाने के कारण अनियंत्रित होकर दस फिट नीचे खेत में जा गिरी। कार चालक लक्ष्मी सिंह बिष्ट के अलावा चंदन सिंह अठवाल, राजेंद्र सिंह अठवाल, व पंकज सिंह अठवाल कुल चार व्यक्ति सवार थे जो सभी ग्राम जाल पोस्ट सगनेटी थाना रानीखेत जनपद अल्मोड़ा निवासी थे। चारों व्यक्ति मामूली रूप से चोटिल हो गए। अपने खेतों में काम कर रहे किसान सद्दाम हुसैन, फहीम अहमद, अतीक अहमद, मौहम्मद दानिश आदि ने ट्रैक्टर पर लगे गन्ना लोडर की मदद से खेत में गिरी कार को बाहर निकाला।

चंदन सिंह अठवाल ने बताया कि सभी लोग दिल्ली में नौकरी करते हैं तथा वह दिल्ली से रानीखेत ग्राम पंचायत चुनाव में भाग लेने जा रहे थे। उन्हें गजरौला से मुरादाबाद, काशीपुर, रामनगर हल्द्वानी होते हुए रानीखेत जाना था परंतु कांवड़ यात्रा के कारण पुलिस ने जगह जगह से नेशनल हाईवे को बेरीकेटिंग लगाकर बंद कर रखा है, जिस कारण उन्हें गजरौला से जंगल के रास्ते अमरोहा, नूरपुर, धामपुर मार्ग से भेज दिया गया। सारी रात वह जंगलों में भटकते रहे। प्रात: ही दुर्घटना का शिकार हो गया।

गौरतलब है कि मानियावाला स्थित बनैली नदी के इस तीव्र मोड पर प्रतिवर्ष 15 से 20 वाहन 10 फिट गहरे खेत में गिरकर दुर्घटना का शिकार होते हैं क्योंकि उक्त तीव्र मोड़ पर तेज गति से आने वाले वाहन चालक अपना नियंत्रण खो बैठते हैं और दुर्घटना का शिकार हो जाता है। राष्ट्रीय राजमार्ग अथॉरिटी व राष्ट्रीय राजमार्ग फोर लाइन का निर्माण करने वाली कार्यदाई कम्पनी पीएनसी द्वारा उक्त तीव्र मोड़ पर संकेत बोर्ड व मजबूत रेलिंग न लगाने के कारण अक्सर इस मोड़ पर दुर्घटनाएं होती रहती है।

## शिवालयों में बम-बम भोले के जयकारे के साथ जलाभिषेक

**कोतवाली देहात।** क्षेत्र के गांव में श्रावण मास की शिवरात्रि पर सभी शिव मंदिर व शिवालयों में श्रद्धालुओं ने सुबह भोर से ही बम बम भोले के जयकारे के साथ जलाभिषेक शुरू कर दिया।

श्रावण मास की शिवरात्रि पर श्रद्धालुओं ने भोर काल में ही शादीपुर, हाजीपुर, बेगमपुर शादी उर्फ रामपुर, बरूकी, फतेहपुर, रोशनपुर प्रताप आदि गांव में स्थित शिवालय में जलाभिषेक व रूद्राभिषेक किया। कुछ भक्तों ने भोले को प्रसन्न करने के लिए महामृत्युंजय मंत्र का जाप भी किया। जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर 7, 11 व 21 बेलपत्र चढ़ाकर मन्नते मांगी। मंदिर के पुजारी का कहना हैं कि तीनों लोक के स्वामी कहे जाने वाले भगवान शिव की पूजा करने के विधि काफी आसान मानी जाती हैं। भोले बाबा तो सिफ प्रेमभाव के भूखे हैं वह तो सिर्फ गंगाजल से ही प्रसन्न हो जाते हैं। अगर संभव हो सके तो श्रावण माह में दूध, दही, शहद, घी, गिलोय, वेलपत्र, भांग, धतूरा, आम का रस, आंवले का रस, भस्म, गंगा. जल आदि से प्रतिदिन किसी भी शिवमंदिर या शिवालय में जाकर जलाभिषेक करना चाहिए।

# गृह और जल कर में बेतहाशा बढ़ोतरी से बिफरे सभासद

### अध्यक्ष की मनमानी से नगर में नाराजगी

शाह टाइम्स संवाददाता

**स्योहारा।** नगर पालिका परिषद द्वारा हाउस टैक्स व जल कर में मनमाने ढंग से की गई भारी वृद्धि के विरोध में नगर के 15 सभासद आर-पार के मूड में आ गए हैं। मंगलवार को सभासदों ने बैठक कर पालिका में ज्ञापन सौंपा और बढ़े हुए कर को वापस लेने की मांग की।



सभासदों का कहना है कि पालिका बोर्ड की पिछली बैठक में गृह कर व जल कर से जुड़ी चर्चा जरूर हुई थी लेकिन इसमें वृद्धि का कोई स्पष्ट प्रस्ताव नहीं रखा गया था। इसके बावजूद पालिका प्रशासन ने अधूरी जानकारी के आधार पर मनमाने तरीके से कर लागू कर दिया, जिससे नगरवासियों में भारी रोष है।

सभा में मौजूद सभासदों ने कहा कि पालिका अध्यक्ष यदि चाहें तो बोर्ड बैठक में इस पर पुनर्विचार का प्रस्ताव पारित कर सकते हैं लेकिन अध्यक्ष की मनमानी व हठधर्मिता के चलते यह मुद्दा ठंडे बस्ते में डाल दिया गया और नगरवासियों पर यह कर थोप दिया गया है।

सभासद विनोद तोमर ने कहा कि शासनादेश में स्पष्ट है कि टैक्स वृद्धि पर नागरिकों को आपत्ति का अधिकार है और अधिनियम की प्रक्रिया के तहत अपनी बात रख सकते हैं लेकिन यहाँ कर निर्धारण में न प्रक्रिया का पालन किया गया और न सभासदों को पूरी जानकारी दी गई।

बैठक में जयप्रकाश, मौ. नोमान, विनोद तोमर, खुर्शीद अहमद सहित 15 सभासद शामिल रहे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कर वृद्धि पर पुनर्विचार नहीं किया गया तो जन आंदोलन के विकल्प खुले रहेंगे। नगर में इस मुद्दे को लेकर चर्चाएं गर्म हैं कि आखिर पालिका अध्यक्ष किसके दबाव में यह मनमानी निर्णय ले रहे हैं जिन्हें अपने नगर की जनता का जरा भी ख्याल नहीं आया और पूरे जिला बिजनौर के अंदर सबसे पहले नगर पालिका स्योहारा मैं यह टैक्स लगाकर नगर की जनता पर भारी बोझ डाल दिया है।

जनपद में ऐसी कई नगर पालि. का हैं जिनमें हाउस टैक्स नहीं लगाए गए हैं और अगर लगाए भी गए हैं तो बहुत ही कम करके। अपनी नगर की जनता का ख्याल करते हुए शासन के आदेश का पालन भी किया और नगर की जनता पर अंधाधुंध टैक्स नहीं लगाया गया। जबकि भाजपा सरकार लगातार प्रदेश की जनता से लेकर पूरे देश की जनता का सहयोग और विकास कार्यों को गति दे रही है।

## ड्रोन से गन्ना फसल पर फफूंदीनाशक एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों का छिड़काव



शाह टाइम्स संवाददाता

**किरतपुर।** किरतपुर क्षेत्र के ग्राम सिसौना में द्वारिकेश चीनी मिल बुंदकी की ओर से ड्रोन के माध्यम से किसान की गन्ना फसल में फफूंदीनाशक एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों का छिड़काव कर अभियान की शुरुआत की गई।

मंगलवार को क्षेत्र के ग्राम सिसौना निवासी कृषक भोले सिंह के गन्ने के खेत में द्वारिकेश चीनी मिल बुंदकी की ओर से फफूंदीनाशक एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों का ड्रोन के माध्यम से छिड़काव कराकर अभियान की शुरुआत की गई। मिल प्रबंधन गन्ना किसानों को इस पर अनुदान भी देगा। वहां उपस्थित चीनी मिल के मुख्य महाप्रबंधक गन्ना अनिल कुमार चौहान, उप महा प्रबंधक गन्ना लवकुश सिंह, सहायक महाप्रबंधक गन्ना यशपाल सिंह ने ड्रोन से गन्ना खेत में फफूंदीनाशक एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों का छिड़काव कराकर अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर ग्राम सिसौना व क्षेत्र के कई गांवों के गन्ना किसान भी मौजूद रहें। उपस्थित गन्ना किसानों ने मिल के इस कार्य को कृषक हित में बताते हुए मिल कार्य की सराहना की।

मिल के गन्ना अधिकारियों ने उपस्थित किसानों को बताया कि फसल सुरक्षा एवं गन्ना उत्पादन में वृद्धि के उद्देश्य से ड्रोन के माध्यम से गन्ना फसल में फफूंदीनाशक एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों का छिड़काव कराना एक स्मार्ट तकनीक है।

मिल अधिकारियों ने बताया कि इस तकनीक से जल संरक्षण के साथ साथ समय की भी बचत होती है और गन्ने में लगने वाले लाल सड़न रोग की रोकथाम कर गन्ना फसल को होने वाले नुकसान से बचाया जा सकता है।

## ड्रोन को लेकर ग्रामीणों में भय



### भाकियू कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ब्लॉक जलीलपुर के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में आज बड़ी संख्या में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक कार्यकर्ता तहसील पहुंचे, जहां उन्होंने ग्रामीण एवं क्षेत्रीय किसानों की समस्याओं से अवगत कराते हुए रात्रि में उड़ रहे ड्रोन बनी समस्या के बारे में भी उन्हें अवगत कराया और समस्याओं के समाधान की मांग की।

तहसील चांदपुर में किसानों की जमीनी फर्दो में हो रही जीरो अंश की समस्या किसानों के कृषि संबंधित कार्य करने में समस्या पैदा कर रही है जिसे शीघ्र ही ठीक कराया जाने, ग्रामीणों पर अभी भी गुलदारों के हमले की चिंता हर समय सताती रहती है जिन्हें वन विभाग द्वारा पकड़वाये जाने, रात्रि में ग्रामीण क्षेत्रों में दिखाई दे रहे ड्रोन भी एक बड़ी समस्या बने हुए हैं के बारे में भी खोज करने और इस समस्या को सुलझाने, आवारा पशुओं द्वारा किसानो के खेतों में खड़ी फसलों को बर्बाद होने से रोके जाने के लिए आवारा पशुओं को पकड़वाकर समीप की गौशालाओं में पहुंचवाने, जलीलपुर खादर क्षेत्र में बाढ़ की समस्या से निस्तारण करने के लिए व फसलों के नुकसान को बचाने के लिए एसडीएम चांदपुर को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन सौंपने वालों में ब्लाक अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, ब्लॉक उपाध्यक्ष संजीव कुमार, मीडिया प्रभारी रोहित कुमार, फैज भाई, पदाधिकारी महिपाल सिंह तहसील महासचिव, नगर अध्यक्ष आसिफ सिद्दीकी, नगर उपाध्यक्ष इरफान खान, नगर संगठन मंत्री अनवर खान, बब्बू भाई न्याय पंचायत अध्यक्ष सैंदवार, भूपेंद्र सिंह पंचायत अध्यक्ष रावटी, आजम खान, इरफान खान, फरमान खान आदि अन्य संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पीसीपीएनडीटी सलाहकार समिति की बैठक

### अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम व अल्ट्रासाउंड सेंटरों की जांच के निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में पीसीपीएनडीटी सलाहकार समिति की बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कौशलेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रभा रानी, नोडल अधिकारी पीसीपीएनडीटी डॉ. केके राहुल, शासकीय अधिवक्ता मुकेश त्यागी, रेडियोलोजिस्ट डॉ. आरबी त्यागी, सदस्य श्रीमती सुधा राठी आदि मौजूद थे।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने नोडल अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि नियमित रूप से जिले में अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम्स एवं अल्ट्रासाऊंड सेंटर्स की औचक जांच करना सुनिश्चित करें तथा कृत कार्यवाही एवं लिए गए एक्शन को पीसीपीएनडीटी मीटिंग के कार्यवृत में भी शामिल करें।



उन्होंने नोडल अधिकारी को निर्देशित किया कि पीसीपीएनडीटी की मासिक बैठक नियमित रूप से आयोजित करना सुनिश्चित करें ताकि अनावश्यक रूप से प्रकरण लंबित न रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि अल्ट्रासाउंड मशीन संचालक की पत्रावली प्रस्तुत करने से पूर्व प्रदेश से बाहर के चिकित्सकों से शपथ पत्र प्राप्त करें, जिसमें उनके द्वारा अन्य किसी स्थान पर अल्ट्रासाउंड मशीन का संचालन न करने तथा कार्य स्थल शहर में ही निवास करना शामिल हो, को पत्रावली के साथ संलग्न करना सुनिश्चित करें। उन्होंने पत्रावली में अल्ट्रासाउंड मशीन के संचालन के लिए नामित डॉक्टरों की पोस्ट ग्रेजुएट शैक्षिक योग्यता का सत्यापन करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि रेडक्रॉस सोसायटी को क्रियाशील रखें और समय-समय पर नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं आई कैम्पों का आयोजन कर आमजन को लाभान्वित करते रहें तथा लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं नि:शुल्क दवाइयां उपलब्ध कराने के साथ ही उन्हें मुफ्त में चश्मे भी मुहैया कराएं।

जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने कहा कि पीसीपीएनडीटी सलाहकार समिति का कार्य बहुत महत्वपूर्ण है, अत: अल्ट्रासाउंड मशीन की स्थापना के लिए सभी मानकों की सक्षम अधिकारी से जांच कराना सुनिश्चित करें तथा संतुष्टि के बाद ही पंजीकरण/नवीनीकरण की अनुमति के लिए पत्रावली प्रस्तुत करें।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि समय-समय पर चैक लिस्ट के आधार पर नियमित रूप से अल्ट्रासाउंड सेंटरों की जांच भी करते रहें, ताकि किसी भी स्तर पर उसका दुर्पयोग न होने पाए।

एक नजर

## शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु



**नूरपुर।** श्रावण मास की महाशिवरात्रि के पर्व पर शिव मंदिर चौक पर धार्मिक आस्था और उल्लास का अद्‌भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ शिवालयों पर उमड़ पड़ी। शिवभक्तों ने जलाभिषेक, बेलपत्र, दूध, दही, शहद व गंगाजल से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक कर सुख शांति की कामना की। नगर के प्रमुख शिवालयों व ताजपुर के प्राचीन शिव मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई। मंदिरों को रंग बिरंगी झालरों, फूलों से सजाया गया। सुबह से ही महीलाओं की लंबी-लंबी कतारें लगी हुई थी। श्रद्धालुओं ने हर हर महादेव और बम बम भोले के जयकारों से वातावरण को शिवमय कर दिया। नगर के शिव मंदिर पर थाना प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह भारी पुलिस फोर्स के साथ नजर बनाए हुए थे। उधर ताजपुर के शिव मंदिर पर चौंकी प्रभारी राजवीर सिंह भारी सुरक्षा बल के साथ हर गति. विधियों पर नजर बनाए हुए हैं। देर शाम तक महाशिवरात्रि का त्यौहार बड़ी धूमधाम के साथ संपन्न हुआ।

## धरना दसवें दिन भी रहा जारी

**बिजनौर।** ईसीएसएच संघर्ष समिति का धरना आज दसवें दिन सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय बिजनौर पर 10:00 बजे से 11:00 बजे तक जारी रहा। बैठक की अध्यक्षता पूर्व सैनिक केपी सिंह व संचालन अजय सिंह ने किया। केपी सिंह ने बताया कि ईसीएसएच भवन निर्माण के लिए आवंटन भूमि की जांच होना आवश्यक है, क्योंकि तथ्यों को छुपाने के कारण राजस्व विभाग आवंटन प्रक्रिया पूरी मानकर पत्राचार करता है। जबकि सैनिक कल्याण विभाग एवं सैनिक निदेशालय लखनऊ उपरोक्त भूमि को आज तक चिह्नित भूमि मानकर शासन से पत्राचार करता है। इन दोनों के पत्राचार के कारण ऐसा प्रतीत होता है कि शासन समझ नहीं पाया की उपरोक्त जमीन के आवंटन में किस कारण विलंब हो है। इसलिए आवंटन प्रक्रिया में विलंब हो रहा है। उपरोक्त तत्वों को शासन के सामने लाने के लिए जांच होना अति आवश्यक है। हम मुख्यमंत्री से अनुरोध करते हैं कि उपरोक्त पत्रावली की उच्च स्तरीय जांच करने के आदेश प्रदान कर सही तथ्यों के आधार पर आवंटन प्रक्रिया को पूरा कर पूर्व सैनिक व उनके परिवारों की हितों की रक्षा करेंगे।



## वन्य जीवों से सुरक्षा को सौंपा ज्ञापन



**कालागढ़।** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की सीमा पर क्षतिग्रस्त सुरक्षा दीवार के निर्माण ना होने के कारण कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के वन्य जीव ग्रामीण इलाकों में लगातार प्रवेश कर रहे थे, जिससे ग्रामीणों का भारी भरकम राजस्व का नुकसान पहुंचा रहा है। वहीं खेत स्वामियों को भी लहराती फसलों का भारी नुकसान उठाना पड़ रहा था। इसी संबंध में किसान यूनियन ब्लाक अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह नेगी प्रतिनिधि मंडल ने कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक साकेत बडोला से मुलाकात कर वार्ता की कि लंबे समय सीमा पर बनाई गई दीवार टूटी पड़ी है, जिसकी मरम्मत करना अति आवश्यक है। दीवार की मरम्मत न होने से जंगली जानवर लगातार खेतों में घुसकर किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व निदेशक साकेत बडोला आईएफएस ने प्रतिनिधि मंडल को बताया कि दीवार मरम्मत के लिए बजट स्वीकार किया जा चुका है। उधर उत्तराखंड विधानसभा चुनाव के बाद सीमा पर दीवार की मरम्मत का कार्य शुरू किया जाएगा। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व निदेशक साकेत बडोला से वार्ता करने वाला प्रतिनिधि मंडल किसान यूनियन ब्लाक अध्यक्ष धीरेंद्र नेगी, ग्राम अध्यक्ष अनिल नेगी, संरक्षक कैलाश थपलियाल एवं कृष्ण थपलियाल आदि मौजूद रहे।

## महिला को सांप ने डसा

**स्योहारा।** थाना अफजलगढ़ क्षेत्र के ग्राम गढ़ी मानियो वाली निवासी शाइस्ता परवीन पत्नी रईस अहमद सोमवार को अपने घर के बाहर खड़ी थी, तभी उन्हें सांप ने काट लिया। परिजन घबराए और झाड़-फूंक के लिए शाइस्ता को स्योहारा थाना क्षेत्र के ग्राम बेलखेड़ा ले गए। लेकिन वहां उपचार से जब कोई लाभ नहीं हुआ तो परिजन उसे स्योहारा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. योगेश कुमार के अनुसार महिला की स्थिति अब सामान्य है और जल्द ही उसे अस्पताल से छुट्‌टी दे दी जाएगी।



## मानसून गन्ना बुवाई सत्र का शुभारंभ




**चांदपुर।** बिंदल शुगर मिल चांगीपुर के उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार मलिक ने मानसून गन्ना बुवाई सत्र का शुभारंभ करते हुए किसान के खेत पर पहुंच कर मानसून गन्ना बुवाई का फीता काटकर उद्‌घाटन किया। श्री मलिक ने कहा कि यही ठीक समय है जब मानसून गन्ना बुवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि कृषक द्वारा मृदा एवं बीज उपचार कीटनाशक एवं फफूँदीनाशक से किया गया कृषक ने 0.400 है. क्षेत्रफल में गन्ना प्रजाति कोशा 18231 की बुवाई ट्रेंच विधि द्वारा की। इस अवसर पर मुख्य गन्ना प्रबंधक इंद्रवीर सिंह, उप गन्ना प्रबंधन राजवीर सिंह, डिवीजन इंचार्ज उदयराज सिंह, गन्ना सुपरवाइजर ऋषभ, गौरव एवं काफी संख्या में कृषक उपस्थित रहे। इस मौके पर बिंदल चीनी मिल के उपाध्यक्ष गन्ना ने किसानों से अपील की कि इस समय गन्ना सर्वे प्रदर्शन का कार्य चल रहा है। उन्होंने किसानों से आह्वान करते हुए कहा कि गन्ने में लगने वाली बीमारी की रोकथाम एवं अच्छी बढ़वार हेतु चीनी मिल द्वारा अनुदान पर चलाए जा रहे ड्रोन स्प्रे का कृषक उपयोग कर गन्ना किसान अपनी फसल को रोग मुक्त कर सकते हैं के बारे में भी जानकारी दी। इस मौके पर मिल उपाध्यक्ष जितेंद्र मलिक एवं मुख्य गन्ना प्रबंधक इन्द्रवीर सिंह ने क्षेत्रीय कृषकों से अपनी बात साझा करते हुए अपने गन्ने की फसल को कीट रोगों से बचाव हेतु सतर्क रहने का भी सुझाव दिया।

श्रावण मास की शिवरात्रि पर कांवरियों ने किया भगवान शिव का जलाभिषेक

# बम-बम भोले के जयकारों से गूंजे शिवालय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** श्रावण मास की शिवतेरस पर मंदिरो में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। पवित्र गंगा जल लेकर आए कांवरियों के बम-बम भोले के उद्घोष से शिवालय गुंजायमान हो गये। बड़ी संख्या में पहुंचे भक्तो ने पूजा अर्चना की और भगवान शिव का जलाभिषेक किया।

सावन माह में शिवतेरस के चलते विभिन्न मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। कांवरियों के लिए जलाभिषेक कराने के लिए बैरिकैटिंग कर अलग से व्यवस्था की गयी थी। बुधवार की सुबह से ही शिव मंदिर भक्तों की आवाजाही से मंदिरों में भारी भीड़ रही। श्रद्दालुओं में महिलाऐं और बच्चे भी शामिल रहे। सरायतरीन बहजोई मार्ग स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ पातालेश्वर महादेव मंदिर, सिंहपुरसानी स्थित प्रकटेश्वर महादेव मंदिर, बरेली सराय स्थित प्राचीन सूर्यकुण्ड मंदिर के अलावा शहरी व ग्रामीण अंचलों में स्थित शिवालयों तथा मंदिरों पर शिवभक्तों ने जलाभिषेक कर मनौतियां मांगीं।

### मंगलवार को भी कई घंटे आपूर्ति रही थी गायब

सायं के समय पातालेश्वर महादेव मंदिर पर भगवान शिव की महाआरती की गयी जिसमें हजारों श्रद्वालु शामिल रहे। सावन की शिवरात्रि के मद्देनजर कांवर यात्रा मार्ग और शिव मंदिरों के आसपास पुलिस की व्यवस्था कड़ी रहने के साथ मार्गों से गुजरने वाले वाहनों को बड़ी सावधानी से निकलवाया



सम्भल। यारा फर्टिलाइजर में निरीक्षण कर जानकारी लेते संयुक्त कृषि निदेशक।

# होली सुफ्फाह स्कूल संचालक सलमान समेत 3 पर रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** घोर लापरवाही से मां के सामने ही स्कूली वाहन से कुचलकर मासूम की मौत के लिए जिम्मेदारों पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। स्कूल संचालक समत तीन पर मामला दर्ज किया गया।

नखासा थाना क्षेत्र के मौहल्ला शहबाजपुर खुर्द में 18 जुलाई को होली सुफ्फाह स्कूल की छात्रा रिजा फात्मा (6) को स्कूल के वाहन ने ही कुचल दिया था। घर के दरवाजे पर बच्ची को लेने के लिए खड़ी मां के सामने ही स्कूल वाहन चालक कुचलकर फरार हो गया था। पुलिस ने मासूम छात्रा का पीएम कराया था। पुलिस ने मृतक बच्ची के पिता मौहम्मद सुहैल की शिकायत पर कार्रवाई की है। निरीक्षक रजनीश कुमार ने बताया कि बस नंबर यू पी 38 टी1406 के चालक अबरार, कंडक्टर राजीव और स्कूल संचालक सलमान के खिलाफ मुकदमा धारा 281, 106 (1), 115 (2), 352 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# कार्तिकेय महादेव मंदिर पर डीएम एसपी ने किए दर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** शिवरात्रि पर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने कांवरियों पर पुष्प वर्षा की और महादेव के दर्शन कर जलाभिषेक किया।

सावन माह की शिवरात्रि पर जिलाधिकारी डा राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने विकासखण्ड बहजोई के प्राचीन पातालेश्वर महादेव जी के मंदिर जाकर कांवड़ियों /शिवभक्तों पर ड्रोन के माध्यम से फूलों की बारिश की और मंदिर में जाकर महादेव जी के दर्शन कर जलाभिषेक किया। डीएम ने खण्ड विकास अधिकारी बहजोई को मंदिर परिसर में साफ सफाई एवं चढ़ने वाली कांवड़ को व्यवस्थित रूप से रखवाये जाने के निर्देश देकर मंदिर परिसर में लगने वाले मेले की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी आशुतोष तिवारी, खण्ड विकास अधिकारी बहजोई ओमवीर सिंह, ग्राम प्रधान लखन यादव आदि मौजूद रहे। तत्पश्चात जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया और एसपी के के विशनोई ने मौहल्ला खग्गू सराय स्थित मुस्लिम बहुल्य इलाके में सुरक्षित मिले कार्तिकेय महादेव मंदिर पर पहुंचकर पूजा अर्चना की और मंदिर में दर्शन किए।

## नगर क्षेत्र में हुई बारिश से मिली राहत

**सम्भल।** नगर क्षेत्र में हुई वर्षा से गर्मी में कुछ राहत मिली है। वहीं किसानों को भी लाभ मिला है। गर्मी बेतहाशा थी। अब उसमे कुछ सकून मिला है। बारिश होने से राहत मिली

वर्षा ने मौसम नरम कर दिया। वहीं बारिश से सड़क पर जलभराव हो गया। सड़कों पर कीचड़ फैलने से रपटन हो गयी। नगर में वर्षा से जहाँ एक ओर गर्मी से राहत मिली वहीं दूसरी ओर जलभराव होने से घरों में व् सड़क पर पानी भर गया। बरसात थमने के काफी देर बाद जल भराव दूर हो सका। नगर में बारिश से रेलवे रोड की सड़क जलमग्न हो गयी। नगर के गली व मोहल्लों में पानी ही पानी हो गया। बरसात थमने के काफी देर बाद सड़कों से पानी दूर हो सका।

# यारा फर्टिलाइजर का औचक निरीक्षण कर ली उत्पादन और बिक्री की जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** संयुक्त कृषि निदेशक मुरादाबाद मंडल मुरादाबाद ने यारा फर्टिलाइजर विनिर्माता कम्पनी का औचक निरीक्षण किया।

### थोक विक्रेताओं के साथ विनिर्माताओं कंपनी की शुरू हुई जांच

बुधवार को संयुक्त कृषि निदेशक जीवन प्रकाश, जिला कृषि अधिकारी प्रबोध मिश्रा, अपर जिला कृषि अधिकारी विजय कुमार, एरिया सेल्स मैनेजर गौरव, ने यारा फर्टिलाईजर का अचानक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यूरिया उत्पादन और विक्रय की जानकारी ली। इस दौरान पता चला कि 1 अप्रैल 2024 से लेकर 31मार्च 2025 तक 1322984 मैट्रिक टन यूरिया का उत्पादन किया गया। जिसके सापेक्ष 1327382 मैट्रिक टन विक्रय हेतु डिस्पैच किया गया। जबकि 1अप्रैल 2025 से जून 2025 तक 333361 मैट्रिक टन यूरिया उत्पादित हुआ। जिसके सापेक्ष 331188लाख मैट्रिक टन डिस्पैच किया गया। इसके अलावा यारा विनिर्माता कम्पनी के द्वारा 772531मैट्रिक टन लिक्विड अमोनिया भी उत्पादित किया गया। जिसमें से 17985 मैट्रिक टन लिक्विड अमोनिया यारा विनिर्माता कम्पनी के द्वारा विक्रय किया। इस वर्ष भी 4749 मैट्रिक टन लिक्विड अमोनिया विक्रय किया। जिला कृषि अधिकारी द्वारा उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के अंतर्गत पैकेजिंग का हवाला देते हुए प्लांट के उत्पादन प्रमुख से बिव को पालन करने को भी कहा गया।

19 गांव किए शामिल, नव सृजित रायसत्ती थाने से संचालित होंगी भोलश्वर व परियावली पुलिस चौकी

# नवनिर्मित परियावली पुलिस चौकी का लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**असमोली।** नवनिमित पुलिस चौकी का पूजन अर्चन कर लोकार्पण किया गया।

असमोली थाना क्षेत्र के ग्राम परियावली में पुसि चौकी का निर्माण कराया गया है। नवनिर्मित पुलिस चौकी का डीएम राजेन्द्र पैंसिया व एसपी के के विशनोई ने पुजन का लोकार्पण किया। इस दौरान एसपी ने कहा कि चौकी का निर्माण आमजन की सहूलियत के लिए किया गया है। इस चौकी क्षेत्र में 19 गांव शामिल किए गए हैं। जबकि जिले में बन रहे नये थानों में रायसत्ती पुलिस चौकी को थाने में रूप में विकसित किया



जायेगा और भोलेश्वर व परियावली पुलिस चौकी का संचालन रायसत्ती थाने से होगा। इससे सुरक्षा चाक चौंबद रहेगी और ग्रामीणों को भी अपने नजदीक ही पुलिस सहायता मिलगी। इस दौरान सी ओ कुलदीप सिंह, थाना प्रभारी राजीव मलिक, चौकी प्रभारी उपदेश कुमार प्रधान फारूक, मनोज कुमार, नरेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# पाताली शिव मंदिर पर श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** शिव तेरस पर्व पर पाताली शिव मंदिर ,खेड़ा मंदिर और अन्य शिव मंदिरों पर शिवजी का जलाभिषेक किया गया। मंदिर परिसर शिवजी के जयकारों से गूंज उठा।

पाताली शिव मंदिर गुन्नौर पर हजारों की संख्या में महिला- पुरुष श्रद्वालुओं ने लाइन लगाकर शिवजी का जलाभिषेक किया। लोगों ने मंदिर में शिवजी पर बेलपत्री बेर बतासे चुनोरी दाने आदि का प्रसाद चढ़ाया। मंदिर में कांवरियों ने रात में ही अपना डेरा डाल लिया। सुबह चार बजे से श्रृद्वालु मंदिर पहुंचने शुरू हो गए। मंदिर में भीड़ की संभावना को देखते हुए पहले ही बैरीकेटिंग की व्यवस्था कर दी गई थी। जिसमें महिलाओं को अलग और पुरुषों की अलग लाइन लगाई गई। जिसमें लग कर श्रृद्वालुओं ने दर्शन किए। मंदिर परिसर में महिलाओं की संख्या काफी रही। भीड़ की वजह से



मंदिर में श्रृद्वालुओं को दर्शन करने के बाद तुरंत बाहर आना पड़ा। पाताली शिव मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र है,क्योंकि यहां शिवलिंग प्रकट हुआ है। उसी स्थान पर शिव जी के मंदिर की स्थापना की गई है। यहां बहुत दूर दूर से श्र)ालु पहुंचे ।गंगा घाट राजघाट, नरोरा ,हरिद्वार से कावर भरकर लाए।नगर बबराला के कांवरियों ने राजघाट गंगा जी से जल भरकर पैदल कावड़ यात्रा कर श्री पातालेश्वर बाबा महादेव गुन्नौर पर जल चढ़ाया। जिसमें दिनेश कौशल दिनेश कुमार गोयल, विनय वार्ष्णेय, अरविंद कुमार, राकेश कुमार, मीना गुप्ता, आस्था वार्ष्णेय एवं दर्जनों की संख्या में यात्रा में शामिल होकर जल बाबा भोलेनाथ पर चढ़ाया।काफी कांवरियों ने अपनी कावर मंदिर में चढ़ाई। मंदिर कमेटी अध्यक्ष पुष्पेंद्र यादव उर्फ चिंटू ने बताया कि मंदिर परिसर में काफी संख्या में श्रृद्वालुओं ने शिवजी का जलाभिषेक किया।

# किसान को अधिक यूरिया बिक्री करने पर रोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिरसी।** कस्बे की समिति द्वारा किसान को निर्धारित मात्रा से अधिक यूरिया दिए जाने पर जिला कृषि अधिकारी ने बिक्री प्रतिबन्धित कर पुन:समिति को पक्ष रखने का अवसर दिया है।

जिला कृषि अधिकारी ने मौ. सादक सराय एस.एस.एस. सहकारी द्वारा किसान को (35) पैंतीस बैग यूरिया दिये जाने पर विक्रेता से जब जवाब मांगा गया तो उन्होने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया जिसको लेकर जिला कृषि अधिकारी ने उक्त संस्था की बिक्री प्रतिबंधित कर पुन: समिति के पक्ष में रखने

### जिला कृषि अधिकारी का आदेश

का अवसर दिया है। सभी कृषकों को उर्वरक सुगमता पूर्वक उपलब्ध कराने के उददेश्य से प्रमुख सचिव कृषि के निर्देश पर जिलाधिकारी ने ब्लॉक स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं। जिनके साथ लेखपालों की भी ड्यूटी लगाई गई है। जिनकी प्रत्येक दिन ड.पी.एम.यू. के द्वारा भी समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में उक्त कारवाई कर कस्बे की सहकारी समिति को कृषक को मात्रा से अधिक उर्वरक बैग दिए ाने पर अग्रिम आदेश तक बिक्री पर रोक लगाई गई है।

## हंगामा लोक समिति की ओर से किया पौधारोपण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** हंगामा लोक सामाजिक साहित्य समिति धामपुर बिजनौर की ओर से जूनियर हाईस्कूल भवानीपुर में पौधे लगाए।

कार्यक्रम संयोजक अतुल कुमार शर्मा ने बताया कि हंगामा लोक सामाजिक साहित्य समिति की संस्थापिका राखी कौशिक व उपासना कौशिक द्वारा देश-विदेश में वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है, जिनका उद्देश्य पर्यावरण को बचाना है और वनों का संरक्षण करते हुए सम्पूर्ण समाज को जागरूक करना है। समिति,की ओर से अभियान द्वारा सम्भल में वृक्षारोपण करके लोगों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया जा रहा है। समिति की संस्थापिका राखी कौशिक व उपासना कौशिक ने कहा कि वृक्षारोपण अभियान में सहयोग करने हेतु, अतुल कुमार शर्मा को गतवर्ष की भांति इस वर्ष भी सम्मानित किया जाएगा।

# 25 जुलाई को काला दिवस मनाएंगे जिले के शिक्षामित्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जिले के शिक्षामित्र 25 जुलाई को काला दिवस मनायेंगे। जबकि समायोजन रदद होने की तिथि और असमय काल के गाल में समाय शिक्षामित्रों को श्रृद्वांजलि देंगे।

### इसी दिन किया गया था समायोजन रद्द

जिला प्रवक्ता रविन्द्र खारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूल में पढ़ाने वाले शिक्षा मित्रो का समायोजन 25 जुलाई 2017 के दिन रद्द हुआ था। इस दिन को शिक्षा मित्र काला दिवस के रूप में मनाते हैं। जबकि जो शिक्षा मित्र असमय मृत्यु को प्राप्त हो गये है उन्हें भावभीनी श्रृद्वांजलि दिवस काला दिवस के रूप में देते हैं। इस दिन उत्तर प्रदेश के शिक्षामित्रों के जीवन में सहायक अध्यापक की नौकरी छिन जाने के बाद भविष्य अंधकार मय जैसा हो गया है। अल्प मानदेय 10000 दस हजार रुपए में कैसे परिवार का भरण-पोषण करें। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हम इसी दिन यानी 25 जुलाई 2025 की सांय 2 बजे जिला मुख्यालय पर अकाल काल के गाल में समाए शिक्षामित्रों की आत्मा शांति के लिए श्रृद्वांजलि सभा अर्पित कर काला दिवस जनपद का प्रत्येक शिक्षामित्र मनायेगा। सभी शिक्षा मित्रों से इस कार्यक्रम को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का कार्य करें। सभी ब्लॉकों से शिक्षा मित्र ब्लांक अधयक्ष के साथ प्रतिभाग करने की अपील की।

# छह वर्ष पूर्ण होने पर राजघाट गंगघाट पर हुई भव्य महाआरती

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** राजघाट गंगाघाट के बबराला घाट पर गंगा महाआरती की 6वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में पाँच पुरोहितों द्वारा गंगा आरती और गंगा मैया का दुग्धाभिषेक व प्रसाद वितरण किया। 22 जुलाई 2019 को घाट पर महाआरती का शुभारंभ किया गया था। जो निरन्तर जारी है। आज उसे 6 वर्ष पूर्ण हो गये। इस उपलक्ष्य में गंगा जी की भव्य महाआरती की गयी। जिसमें काफी लोगों ने भाग लिया। गंगा मइया की जय के जयकारे से गंगाघाट गूंज उठा। बबराला घाट के आरती स्थल को रन बिरंगी झालर व लाइटों से सजाया गया। घाट पर गंगा मइया का पूजन विधि-विघान के साथ किया गया। इसमें आस पास के महिला व पुरुष भक्तों ने आरती की। तत्पश्चात प्रसाद वितरित किया गया। समिति के कपिल गोयल ने बताया कि घाट पर मां गंगा जी की आरती शुरू की थी। जिसे 6 वर्ष पूर्ण हो गये। गंगा आरती में माँ गंगा जन कल्याण समिति के डा. कैलाश वार्ष्णेय, डा. राहुल यादव, विजय वार्ष्णेय, सतेन्द्र गौतम, डिम्पल वार्ष्णेय, संजय वार्ष्णेय, अनिल गुप्ता, सुरेश गुप्ता, पुष्पेन्द्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

## महापंचायत के लिए किसानों को एकजुट किया

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में सलारपुर अंडरपास के समीप 30 जुलाई को होने वाली किसान महापंचायत के लिए किसान एकता महासंघ ने क्षेत्र के तीन गांव में जनसंपर्क कर किसानों को एकजुट किया।

## कई स्थानों पर हुआ भंडारे का आयोजन

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** नगर में शिवतेरस पर शिवभक्त कांवड़ियों के स्वागत को योग पार्क में सेवा शिविर लगाया गया। शिविर स्थल पर कांवरियों ने पहुँचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर कपिल गुप्ता, गौरव वार्ष्णेय, सिद्वार्थ गुप्ता, अवधेश यादव, विक्की गुप्ता, विवेक वार्ष्णेय, अभय वार्ष्णेय, अश्विनी शर्मा आदि रहे। रोटरी क्लब बबराला गंगा व सुरेशचन्द्र मंजू देवी वेलफेयर फांउडेशन द्वारा भंडारा किया गया। इस दौरान कार्तिक गोयल, गर्वित आदि रहे। नगर की वार्ष्णेय धर्मशाला पर भंडारे का आयोजन हुआ। उधर पाताली शिव मंदिर पर यज्ञ हुआ। जिसमें श्रृद्वालुओं ने आहुतियां दीं। मन्दिर परिसर मैदान में कई भंडारों का आयोजन हुआ। इस दौरान राजवीर सिंह यादव, नितिन यादव, सौरभ, विनय कुमार, धर्मेन्द्र प्रजापति, महीपाल सिंह आदि रहे।

# गांव-गांव युवाओं को पूर्व सैनिक करें जागरूक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सैनिक कल्याण से संबंधित बैठक का आयोजन कर पूर्व बैठक में रखे गये प्रकरणों पर की गई कार्यवाही की जानकारी ली और पूर्व सैनिकों से अपने गाँव तथा जनपद के लिए विशेष प्रस्ताव बैठक में लेकर आने और गांव के युवाओं को जागरूक करने का आहवान किया।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमाण्डर संदीप चड्ढा पूव बैठकों में रखे प्रकरणों पर की गई कार्यवाही की जानकारी दी। बैठक में राशन की दुकान में पूर्व सैनिकों के लिए कितनी दुकानें आरक्षित होती हैं, तथा कितनी राशन की दुकानें जनपद में आवंटित हैं पूर्व सैनिकों द्वारा जानकर ली गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी बैठक में इससे संबंधित सूचना उपलब्ध कराएं। मुख्य विकास अधिकारी ने पूर्व



सैनिकों से अपील करते हुए कहा कि ग्राम कुल की बैठकों में सम्मिलित हों तथा प्राथमिक शिक्षा को आगे बढाएं। ग्राम प्रधान को साथ लेकर ग्राम के विकास में सहभागी बने। भूमि विवाद, सड़क आदि के प्रकरण भी रखे गये। जमीन क्रय करने के मामले में अपर जिलाधिकारी ने जमीन क्रय के संबंध में अस्थायी कब्जा, तारबंदी से संबंधित दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हमारे लिए प्रत्येक व्यक्ति महत्वपूर्ण है। आप लोग ग्राम, जनपद एवं देश की रक्षा में अपनी भूमिका निभाते रहें तथा पूर्व सैनिक अपने गाँव तथा जनपद के लिए विशेष प्रस्ताव बैठक में लेकर आएं गाँव के युवाओं को जागरूक करें। बैठक में शस्त्र लाइसेंस, मोबाइल कैंटीन, पटटे की श्रेणी में बदलाव, अनाज मंडी में दुकान आवंटन, भूमि से संबंधित मामले आदि पर चर्चा की गयी।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी संदीप आदि मौजूद रहे।

# जेई के जवाब से असंतुष्ट भाकियू कार्यकर्ताओं की नोंकझोंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**असमोली।** बिजली न आने पर गुस्साय भाकियू खालसा के पदाधिकारियों ने बिजलीघर पर प्रर्दशन किया। भाकियू पदाधिकारियों ने आपूर्ति सुचारू रखने की मांग की।

गांव सैदपुर जसकोली बिजलीघर पर बिजली कटौती को लेकर भारतीय किसान यूनियन खालसा के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने बिजलीघर पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए बिजली आपूर्ति की मांग की। किसानों ने बताया कि गांव में कई दिनों से बिजली कटौती हो रही थी। उसी समस्या को लेकर किसान बिजलीघर पर इकठ्ठा हुए और बिजली की मांग करने लगे। इस दौरान जे ई के जवाब से असंतुष्ट पदाधिकारियों की किसानों से नोंकझोंक हो गयी। सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची ने मामले को शांत कराया। इस दौरान दर्जनों किसान यूनियन खालसा के कार्यकर्ता मौजूद रहे। जे ई ने बताया बिजलीघर की मशीन में खराबी आने के कारण विद्युत आपूर्ति में बाधा आ गई थी। जिसको ठीक करा दिया गया। अब विद्युत आपूर्ति सुचारू है।

## पातालेश्वर महादेव मंदिर पर लगा मेला

**सम्भल।** मंदिर परिसर में मेला लगा। जो कि प्रत्येक वर्ष इस पर्व पर लगाया जाता है ।जिसमें महिला पुरुषों ने जमकर खरीदारी की। इसके साथ ही जलेबी पकौड़ी भी खूब बिकी। मेले में बच्चों के खिलौने भी खूब खरीदे गए। मेले में काफी भीड़ रही।

## नीलगाय से बचाने के प्रयास में वाहन पलटा

**बबराला।** सड़क पर खड़ी नीलगाय से बचाने के प्रयास में दूध से भरा वाहन पेड़ से टकरा गया। हादसे में चालक-परिचालक घायल हो गए।

बदॉयू से बुलंदशहर के मौसमपुर को दूध लेकर वाहन जा रहा था। दूध से भरा वाहन दिल्ली-बदायूं राष्ट्रीय मार्ग पर गांव गढ़िया के पास पहुंचा तभी सड़क पर खड़ी नीलगाय सामने आ गयी। चालक ने बचाने का प्रयास किया लेकिन वाहन पेड़ से टकरा गया। हादसे में चालक राकेश पुत्र तेजपाल सिंह व परिचालक लईक पुत्र शमशाद निवासीगण परतापुर थाना वीरपुर जिला बुलन्दशहर दोनों घायल हो गये। दोनो को 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर लाया गया।जहाँ दोनों को उपचार देकर घर भेज दिया।

# गुन्नौर में निकली कलश यात्रा

**बबराला।** श्रीमद शिव महापुराण कथा का शुभारंभ होने से पूर्व कलश यात्रा निकाली गयी। जिसमे महिलाएँ सिर पर कलश रखकर चल रही थीं। नगर गुन्नौर के शिव मंदिर घास मंडी से कलश यात्रा का आरम्भ किया गया। मन्दिर में विधि-विधान से पूजन के बाद महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर मोहल्ला सराय, सदर बाजार, तहसील तिराहा, मोहल्ला जुलेहपुरा के अग्रवाल मार्केट में कार्यक्रम स्थल पर जाकर यात्रा का समापन हुआ। श्रीमद् शिव महापुराण कथा के आयोजन होने से पूर्व कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में तीन दर्जन से अधिक महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर नगर में कलश यात्रा निकाली। सभी भगवान शिव के जयकारे लगा रही थीं। यात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। श्रीमद् शिव महापुराण कथा व्यास वृन्दावन के आचार्य राजन दीक्षित द्वारा सुनाई जायेगी। इस मौके पर अंकुर अग्रवाल, रेनू अग्रवाल, धीरेश, अंजू वार्ष्णेय, संजीव अग्रवाल, मनोज, अमित, प्रशान्त, शिवम, अखिलेश, योगेश अग्रवाल, सुभाष आदि रहे।

## मेट्रो स्टेशनों पर ऑटो-बस की सुविधा बढ़ेगी

नोएडा। मेट्रो स्टेशनों पर ऑटो-बस सुविधाएं बढ़ाने की योजनाओं में नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) तेजी लाएगा। गोवा में दो दिवसीय नेशनल मेट्रो कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। इस कांफ्रेंस में स्टेशनों पर सुविधाएं बढ़ाने के अलावा मेट्रो लाइन के आसपास के 500 मीटर दायरे को भी विकसित करने को लेकर चर्चा हुई।

## त्रिवेणी वन में किया गया पौधारोपण

**बबराला।** गुन्नौर रेंज के अंतर्गत केसरपुर अनूपशहर मार्ग पर त्रिवेणी वन की स्थापना की गई। वन में पौधों का रोपण किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष गवां सर्वेश ने पीपल ,ग्राम प्रधान मोलनपुर प्रताप सिंह यादव ने नीम के पौद्ये रोपित किये।

**सूचना**

मेरा विवाह गुलिस्ता पुत्री नन्हे निवासी ग्राम मतावली पटटी के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से अब से करीब चार साल पूर्व हुआ था। शादी के बाद से हम दोनों में मनमुटाव रहने लगा। नौबत हमारे सम्बंध विच्छेद तक आ गयी। अब हम दोनों ने अपनी इच्छा से अपने सम्बंध विच्छेद कर लिये हैं और दोनों पति-पत्नी अलग हो गये है। अब हमारा पति पत्नी का कोई सम्बंध नहीं रहा है। अब हम दोनों स्वतंत्र हो गए।

**इंतेज़ार पुत्र इस्हाक**
नि. ग्राम खासपुर तहसील व जिला सम्भल

**कार्यालय नगर पंचायत सिरसी जनपद-सम्भल**

**ई-निविदा सूचना**

**पत्रांक संख्या:- 365/न.प.-सिरसी/2025-26** **दिनांक:-23-07-2025**

समस्त ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि कार्यालय जिलाधिकारी महोदय, सम्भल के पत्रांक-1192/एल.बी.सी. /15वां वि. अ./टाइड/ अनटाइड ग्रान्ट/02% /बैठक कार्यवृत्त/2025-26दिनांक 18 जुलाई को स्वीकृति '15वॉं वित्त आयोग (untied grant)' के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर में इन्टरलॉकिंग टाइल्सव नाली निर्माण का कार्य कराया जाना है। उक्त निर्माण काय की ई-निविदा दिनांक 26.07.2025 पूर्वान्ह 10:00 बजे से दिनांक 08.08.2025 अपरान्ह् 5:00 बजे तक प्राप्त की जायेंगी। ई टेण्डर वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर ई-निविदा प्रकाशन की दिनांक से अपरान्ह् 5:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किया जा सकता है। धरोहर राशि नगर पंचायत सिरसी के निकाय निधि खाते में जमा करनी होगी, प्राप्त ई-निविदाओं की बिड दिनांक-11.08.2025 समय पूर्वान्ह11:00 बजे नगर पंचायत सिरसी जनपद सम्भल में खोली जायेगी। ई-निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। सशर्त ई-निविदा स्वीकार नहीं की जायेंगी। सम्बन्धित ठेकेदार उपस्थित रह सकते हैं। यदि ई-निविदा तिथि को अवकाश होता है तो ई-निविदा अगले कार्य दिवस को खोली जायेगी। नगर पंचायत सिरसी की वेबसाइट www.npsirsi.in पर उक्त ई-निविदा से सम्बन्धित कार्यों का विवरण व शर्ते देखी जा सकती है। विस्तृत जानकारी कायालय दिवस में प्राप्त की जा सकती हैं।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत सिरसी, सम्भल।**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत सिरसी, सम्भल।**

# हनी ट्रैप गैंग का खुलासा, दो महिलाओं सहित चार लोग गिरफ्तार

## फोन कॉल चैटिंग, के माध्यम से अपने जाल में फंसाकर आपत्तिजनक वीडियो बनाकर करते थे ब्लैकमेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना सिविल लाईन्स पुलिस द्वारा हनी ट्रेप गैंग का खुलासा कर अवैध वसूली करने वाले 04 शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से अवैध रूप से वसूले गए 40 हजार रुपये बरामद किये गये। पकड़े गऐ दोनों युवक अपनी महिला साथी सदस्यों द्वारा भोले भाले लोगों को फोन कॉल चैटिंग के माध्यम से अपने जाल में फंसाती थी। जाल में फंसे व्यक्ति की महिला के साथ आपत्तिजनक वीडियो बनाकर वायलर करने तथा दुष्कर्म का झूठा मुकदमों लिखवाने की धमकी देकर अवैध धन वसूली करते थे। एसपी सिटी ने जानकारी देते हुए बताया कि ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र के रहने वाले रिटायर्ड एक व्यक्ति ने सिविल लाइंस थाने में हनी ट्रेप में फंसाकर पचास हजार रूपये वसूलने व धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया था। पकड़े गऐ राहुल शर्मा व राधेश्याम ने बताया कि हमारी साथी महक उर्फ फरीदा लोगों से व्हाटसएप व फेसबुक के माध्यम से सीधे-साधे लोगों चेटिंग व मीठी-मीठी बातें करके अपने जाल में फसा लेती है। फिर उस व्यक्ति को मिलने के लिए बुला लेती थी। उससे बातचीत करके विश्वास में लेकर किसी होटल व अपने किसी परिचित के कमरे पर ले जाकर उसके साथ आपत्ति जनक स्थिति में आकर पूर्व से निर्धारित प्लान के तहत अपने साथियों को मौके पर बुला लेती है। तब हम लोग मौके पर पहुंचकर जाल में फंसे व्यक्ति की आपत्ति जनक स्थिति की फोटो व वीडियो बना लेते है। फिर जाल में फंसे व्यक्ति को मुकदमें में फंसाने व फोटो वीडियो वायलर करने की धमकी देकर अच्छी रकम ऐंठ लेते है। वसूली गई रकम को आपस में बांट लिया जाता है। थाना सिविल लाईन्स पुलिस लगातार अभियुक्तगण की तलाश/ दबिश दे रही थी, कि मुखबिर की सूचना पर गठित टीम थाना सिविल लाईन्स पुलिस द्वारा नामित अभियुक्तगण राहुल शर्मा पुत्र बलदाउ शर्मा निवासी एकता कालोनी थाना मझोला मुरादाबाद उम्र 30 वर्ष, राधेश्याम पुत्र ओमप्रकाश निवासी चन्दन पुर इशापुर मुन्डापाडे मुरादाबाद उम्र 30 वर्ष, महक पुत्री मौ0 सालिम निवासी दीवान का बाजार थाना नागफनी मुरादाबाद उम्र 35 वर्ष हाल पता दीन दयाल नगर थाना सिविल लाईन्स मुरादाबाद, रानी पत्नी जुल्फकार निवासी मौहल्ला गुलाबरा का बाग थाना नागफनी मुरादाबाद उम्र 28 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से अवैध वसूली के रुपयों में से 40 हजार रुपये तथा 04 मोबाईल बरामद किये गये।



# मुख्यमंत्री से शिकायत के बाद भी नहीं हुआ समाधान, लोगों ने कहा: नहीं है कोई समस्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** मुख्यमंत्री से शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ इस मामले को लेकर नायब तहसीलदार आज फिर गांव पहुंचे और दोनों पक्षों की बात सुनी लेकिन वह भी इस समस्या का समाधान नहीं कर पाए। पीड़ित का कहना था कि अधिकारियों ने उसकी समस्या के समाधान को लेकर हाथ खड़े कर दिए हैं मामला तहसील क्षेत्र के गांव सलेमपुर का है वहां के रहने वाले टीकाराम सैनी का कहना है कि उसकी दादलाई जमीन पर गांव के कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है। जिससे छुड़ाने के लिए वह छोटे से बड़े अधिकारी तक अपनी शिकायत पहुंचा चुका है लेकिन अभी तक उसकी जमीन से कब्जा नहीं हटा है। आखिर में उसने लखनऊ जाकर मुख्यमंत्री से जमीन का कब्जा छुड़ाने की मांग की तो उनके आदेश पर आज नायब तहस. ीलदार गांव पहुंचे और दोनों पक्षों को बुलाकर उनकी बात सुनी वहां भी अधिकारी पीड़ित की समस्या का समाधान नहीं कर पाए। पीड़ित का कहना था की जमीन उसकी है दूसरे लोगों के कब्जे में है उसे उसकी जमीन का कब्जा दिलाया जाना चाहिए जबकि गांव के लोगों ने इस समस्या से ही इनकार कर दिया। अब समस्या पीड़ित की बनी हुई है या पीड़ित खुद समस्या है इसका अभी पता नहीं चल पाया है इस संबंध में अधिकारीयो द्वारा फोन ना उठाने के कारण विधिवत जानकारी नहीं मिल पाई है।



# अपना दल कार्यकर्ताओं का निजी अस्पताल के खिलाफ प्रदर्शन

**मुरादाबाद।** अपना दल (के) के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर एक हॉस्पिटल को तत्काल सील करने और मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। मंडल अध्यक्ष डॉ. रामेश्वर दयाल तुरैहा के नेतृत्व में ये ज्ञापन सोंपा गया है मण्डल अध्यक्ष डॉ रामेश्वर दयाल तुरैहा ने आरोप लगाया गया है कि पाकबड़ा के हाशमपुर चौराहा पर स्थित न्यू इण्डियन हॉस्पिटल अवैध रूप से संचालित हो रहा है और झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा इलाज किया जा रहा है। अस्पताल में गलत इलाज से मरीजों की मौत हो रही है, रामेश्वर दयाल ने ये भी आरोप लगाया लगाया कि अस्पताल की लापरवाही के कारण नेहा उर्फ उजमा की आंखों की रोशनी चली गई और वीरवती के बच्चे की मौत हो गई। मण्डल अध्यक्ष डॉ रामेश्वर दयाल तुरैहा का कहना है कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी और नोडल अधिकारी की सांठगांठ के चलते अवैध हॉस्पिटल खुलेआम चल रहे हैं। तुरैहा ने कहा कि अपना दल (के) की मांग है की न्यू इण्डियन अस्पताल को तत्काल सील किया जाए और मुकदमा दर्ज किया जाए। पीड़िता को मुआवजा दिया जाए: और उनके परिवार को न्याय दिलाया जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी और नोडल अधिकारी पर भी तत्काल कार्रवाई की जाए और उन्हें उनके पद से हटाया जाए। यदि मांगें नहीं मानी गईं, तो अपना दल (के) के पदाधिकारी और कार्यकर्ता जिलाधिकारी कार्यालय पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठेंगे।

# डीपीओ ने झांझनपुर में आयोजित शिविर में गर्भवती महिलाओं की प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के बारे में दी जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत अधिकतम लाभार्थियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिले में नगरीय क्षेत्र के साथ साथ ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित कराए जा रहे हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती जानकी आर्या ने बताया कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में आंगनबाड़ी केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण प्रतिदिन किया जा रहा है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने झांझनपुर वार्ड में आयोजित शिविर में पहुंचकर महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानी और सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के बारे में महिलाओं को जानक. ारी देते हुए उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य गर्भावस्था की प्रारंभिक अवस्था में महिलाओं को आर्थिक लाभ प्रदान करना है उन्होंने कहा कि कोई भी गर्भवती महिला इस योजना के तहत दिए जाने वाले लाभ से वंचित न रह जाए इसलिए व्यापक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम एवं पंजीकरण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। योजना में गर्भावस्था के पहले 6 माह में पंजीकरण और कम से कम एक प्रसव पूर्व जांच के बाद 3000 रूपये प्रदान किए जाते हैं। बच्चों के जन्म पंजीकरण और 14 सप्ताह के बाद टीकाकरण कराने पर 2000 रूपये प्रदान करने की योजना है। इस प्रकार पहले बच्चे के लिए दो किस्तों में कुल 5000 रूपये दिए जाते हैं और यदि दूसरा बच्चा लड़की है तो 6000 रुपए की एक और किस्त प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाएं आंगनबाड़ी केंद्र या उपकेंद्र पर संपर्क कर सकती हैं।



## एक नजर

### राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने ज्ञापन देकर उठाई स्कूलों में बिजली दिए जाने की मांग



**कांठ।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लॉक छजलैट का प्रतिनिधिमंडल ब्लॉक अध्यक्ष गौरव यादव के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी सचिन रस्तोगी से मिला।प्रतिनिधि मंडल ने उपखंड अधिकारी से परिषदीय विद्यालयों में विद्युत आपूर्ति सुचारू कराई जाने की मांग की। कहा कि गर्मी व उमस का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। विद्यालयों में बिजली की आपूर्ति भी अनियमित होने के कारण छात्रों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो रही है।छात्रों के पठन पाठन में भी बाधा उत्पन्न हो रही है। एसडीओ द्वारा समस्या पर विचार करते हुए अपने स्तर से समाधान का आश्वासन दिया।प्रतिनिधि मंडल में रामानंद यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष,सुशांत चौहान संगठन मंत्री,उपाध्यक्ष शुभम लांबा,गौरव सिंह,मंजीत सिंह, सुमित विशनोई आदि उपस्थित रहे।

### ड्रोन रखने वालों ने आधार सहित तीन दिन में थाने पर सूचना नहीं दी तो होगी कार्रवाई

**कांठ।** जगह-जगह पर ड्रोन देखे जाने और जासूसी कर चोरी की घटनाओं की चर्चाओं पर अंकुश लगाने के लिए अब प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से एसडीएम संत दास पवार ने कहा कि इस तरह की अफवाह से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शांति व्यवस्था भंग होने की संभावना बन गई है। इसलिए उन्होंने ड्रोन रखने वाले लोगों से आधार सहित अपनी सूचना तीन दिन के अंदर थाने पर दिए जाने के निर्देश दिए हैं। उनका कहना है कि तीन दिन के बाद इस मामले की गहनता से जांच कराई जाएगी यदि इस अवधि के बाद किसी व्यक्ति पर ड्रोन पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 5 लाख रुपए तक का जुर्माना भी लगाया जा सकता है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से इन अफवाहों पर ध्यान न दिए जाने की भी अपील की है।

### शिवतेरस पर शिवालयों में जलाभिषेक कर भंडारों का आयोजन



**कांठ।** सावन के दूसरे सोमवार के बाद आई शिव तेरस पर आज कांवड़ बेड़ो ने जगह-जगह मंदिरों पर जाकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया और कुछ मंदिरों पर भंडारों का आयोजन भी किया गया। निर्धारित समय पर कांवड़ बेड़े लाडलाबाद और ढाकी मंदिरों पर पहुंचे और उन्होंने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इस दौरान समाज सेवियों द्वारा मंदिरों पर भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। एसडीएम संतदास पवार ने मंदिरों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था देखी थाना पुलिस भी मंदिरों एवं चौराहों पर जगह-जगह तैनात रही।

# पशुओं में खुरपका-मुंहपका से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिले में पशुधन को खुरपका-मुंहपका जैसे संक्रामक रोग से बचाने के लिए विशेष टीकाकरण अभियान की शुरुआत हो गई है। अपर निदेशक, पशु पालन विभाग डा. जगदीश प्रसाद ने जिला पशु चिकित्सालय मुरादाबाद से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम पशुधन की रक्षा और किसानों की आजीविका को सुरक्षित रखने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह अभियान भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय पशुरोग नियंत्रण कार्यक्रम (एन.ए.डी.सी.पी.) के अंतर्गत 7 सितम्बर 2025 तक चलेगा। जिलेभर में 21 टीमें गठित की गई हैं। प्रत्येक टीम में एक पशु चिकित्सा अधिकारी, एक पशुधन प्रसार अधिकारी और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी/पशु मित्र सहित कुल तीन सदस्य कार्यरत रहेंगे। अभियान के दौरान सभी टीमें कोल्ड चेन व्यवस्था के साथ पशुचिकित्सा वाहनों से क्षेत्रवार टीकाकरण करेंगी। उन्होंने बताया कि इस चरण में 5 लाख गोवंश एवं महिषवंशीय पशुओं को नि:शुल्क टीका लगाया जाएगा, इसमें 4 माह से कम आयु के पशुओं एवं गर्भित मादा पशुओं को इस चरण में शामिल नहीं किया गया है। ऐसे पशु जो किसी कारणवश टीकाकरण से छूट जाएंगे, उन्हें अगले चरण में शामिल किया जाएगा। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अभियान के दौरान व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ग्रामीण क्षेत्रों में टीमें समयबद्ध पहुंचें और कोई पशु टीकाकरण से वंचित न रह जाए। उन्होंने पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने पशुओं को अनिवार्य रूप से टीकाकरण हेतु उपलब्ध कराएं।

जिससे यह रोग जड़ से समाप्त हो सके।इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील दत्त प्रजापति, उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सदर डॉ. जितेंद्र वीर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**■ अपर निदेशक, पशु पालन विभाग ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, जनपद के करीब पांच लाख गोवंश एवं महिषवंशीय पशुओं को लगाया जाएगा नि:शुल्क टीका**

### क्या है खुरपका-मुंहपका रोग और क्यों है इतना खतरनाक?

**मुरादाबाद।** खुरपका-मुंहपका (फुट एंड माउथ डिजीज) एक गंभीर वायरल जनित बीमारी है जो पशुओं के लिए दर्दनाक साबित होती है। इस रोग के संक्रमण से पशुओं के मुंह और खुरों में छाले पड़ जाते हैं, जिसके कारण वे कुछ भी खा-पी नहीं पाते। भोजन-पानी छोड़ने की वजह से पशुओं में अत्यधिक कमजोरी आ जाती है और कई मामलों में उनकी मृत्यु भी हो जाती है। यदि समय पर इस बीमारी का इलाज न किया जाए तो पैरों में संक्रमण फैलने और कीड़े पड़ने का भी खतरा बना रहता है, जिससे पशु की स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। पशु चिकित्सा विभाग ने सभी पशुपालकों से अपील की है कि इस अभियान में सक्रिय रूप से हिस्सा लें और अपने सभी पशुओं का टीकाकरण अवश्य कराएं। इसके साथ ही विभाग ने पशुपालकों से अपने पशुओं के कान में टैग लगवाने और उन्हें श्भारत पशुधन ऐपश पर पंजीकृत कराने का भी आग्रह किया है। इस पंजीकरण से न केवल पशुओं का रिकॉर्ड रखने में आसानी होगी, बल्कि सरकारी योजनाओं का लाभ भी उन तक सीधे पहुंच सकेगा। विभाग का कहना है कि पशुपालकों की जागरूकता और सहयोग से ही खुरपका-मुंहपका जैसी घातक बीमारी पर पूरी तरह से काबू पाया जा सकता है।

# द एनालिस्ट लेंस में टिमिट की छात्रा का इंटर्नशिप के लिए चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट की होनहार एमबीए तृतीय सेमेस्टर के छात्रा सदीका जावेद को द एनालिस्ट लेंस कंपनी में इंटर्नशिप के लिए चयन किया गया है। सदीका जावेद का चयन द एनालिस्ट लेंस की उच्चतम स्तरीय चयन प्रक्रिया के माध्यम से हुआ है, जिसमें कम्पनी उनके शिक्षागत प्रदर्शन, व्यक्तिगत गुणवत्ता, तकनीकी ज्ञान और योग्यता के माध्यम से उनकी प्रवीणता को मापा गया। द एनालिस्ट लेंसएक तेजी से उभरती डिजिटल मीडिया व एनालिटिक्स कंपनी है, जो विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित विषयों पर रिसर्च आधारित कंटेंट और विश्लेषण प्रस्तुत करती है।

कंपनी युवाओं को अपने रचनात्मक विचारों और शोध क्षमताओं को व्यावहारिक अनुभव में बदलने का सुनहरा अवसर प्रदान करती है।

इंटर्नशिप के दौरान, छात्रा को आपक्रिया में लाने, उच्चतम स्तरीय तकनीकी उपायोगिता के साथ डिजिटल मार्केटिंग को समझने में नवीनतम रिसर्च और विकास के साथ काम करने का अवसर मिलेगा।इस अवसर पर टिमिट के डीन-फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट प्रो. विपिन जैन ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि हमें उम्मीद है कि यह इंटर्नशिप छात्र के करियर के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। हम सदीका को उनके इंटर्नशिप के लिए बधाई देते हैं और उनकी सफलता की कामना करते हैं। उम्मीद है कि इस अनुभव से वे नए आदर्श और नई उच्चताओं की ओर अग्रसर होंगे। इस अवसर पर कार्पोरेट रिसोर्स सेन्टर के असि0 डायरेक्टर श्री आकाश भटनागर और जॉइंट डायरेक्टर श्री सिद्धार्थ सिंह ने कहा कि टिमिट में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के सुनहरे भविष्य को संवारने के लिए प्लेसमेंट सेल लगातार नामचीनी कंपनियों की प्लेसमेंट ड्राइव व इंटर्नशिप ड्राइव आयोजित करता रहेगा।

# आईएफटीएम व जर्मन एकेडमी ऑफ डिजिटल एजुकेशन के बीच उन्नत तकनीकी पाठ्यक्रमों के लिए हुआ समझौता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय द्वारा उन्नत तकनीकी पाठ्यक्रमों को बढ़ावा देने की दृष्टि से 'जर्मन एकेडमी ऑफ डिजिटल एजुकेशन (डीएडीबी)' के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) हस्ताक्षरित किया गया है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने विश्व स्तरीय संस्थान के साथ हुए इस समझौते पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इससे विश्वस्तरीय इंजीनियरिंग और तकनीकी के क्षेत्र में आधुनिक शिक्षण और प्रशिक्षण की दिशा में एक नया आयाम जुड़ेगा, जिसका सीधा लाभ शिक्षकों और विद्यार्थियों को मिलेगा। कुलपति प्रो. पाण्डेय ने यह भी कहा कि इस एमओयू के माध्यम से इंजीनियरिंग की विभिन्न शाखाओं के पाठ्यक्रम के साथ-साथ हाइड्रोजन टेक्नोलॉजी, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, सोलर पावर एनर्जी सिस्टम एवं 5 जी टेक्नोलॉजी जैसे उन्नत तकनीकी पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे, जिन्हें जर्मन प्रोफेसर्स द्वारा डिजाइन किया गया है तथा उनमें उद्योग विशेषज्ञों के सुझावों को भी शामिल किया गया है। इस अवसर पर 'जर्मन एकेडमी ऑफ डिजिटल एजुकेशन (डीएडीबी)' की बिजनेस पार्टनरशिप मैनेजर श्रीमती आंद्रिया घोष ने कहा कि यह एमओयू विद्यार्थियों के कौशल विकास और वैश्विक स्तर की शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। डिजिटल एजुकेशन के लाभ बताते हुए कहा कि इसके द्वारा विद्यार्थी आधुनिक तकनीकों को आसानी से सीख सकेंगे तथा इसमें धन और समय दोनों की बचत होगी। श्रीमती घोष ने विदेशों में जाकर शिक्षा ग्रहण करने को कठिन बताते हुए कहा कि इस समझौते से ग्रामीण क्षेत्र तथा आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थी भी आधुनिक तकनीक सीख सकेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि बदलते परिदृश्य में विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर के कौशल विकास की ओर ध्यान देना होगा, तभी वे प्रतिस्पर्धा के दौर में आगे निकल पाएंगे। 'जर्मन एकेडमी ऑफ डिजिटल एजुकेशन (डीएडीबी)' के साथ एमओयू होने पर प्रतिकुलपति-एक्सटर्नल अफेयर्स डॉ. राहुल कुमार मिश्रा प्रतिकुलपति-एकेडमिक्स एंड एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. वैभव त्रिवेदी, प्रतिकुल. पति- रिसर्च एंड डेवलपमेंट डॉ. नवनीत वर्मा समेत विश्व. विद्यालय के सभी स्कूलों के निदेशकों, विभगाध्यक्षों और शिक्षकों ने भी प्रसन्नता व्यक्त की।



**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र फिरोज आलम को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में फिरोज आलम के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**इरफान पुत्र ईददन**
**निवासी अहमदनगर जैतवाडा,**
**जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र मोहम्मद नावेद को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में मोहम्मद नावेद के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेन-देन व मुकदमें बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**श्रीमती महताब पत्नी मौहम्मद हफीज निवासी मौहल्ला मीना नगर, गली नम्बर-3 सिद्दीकी मस्जिद जयंतीपुर थाना मझोला, तह.व जिला मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( सी0 डि0 ) महोदय, मुरादाबाद।**
उत्तराधिकार वाद सं.-429/2024
**तारीख पेशी:** 04.08.2025
**कौसर जहां बनाम जनता आम**

1. श्रीमती कौसर जहां उम्र 33 वर्ष पत्नी स्व. राशिद हुसैन निवासी ग्राम अहमदपुर पोस्ट सरकड़ा खास थाना मूंढ़ापांडे तहसील व जिला मुरादाबाद, हाल निवासी लाकड़ी पुराना मजार थाना मझोला तह. व जिला मुरादाबाद। 2. कु. आयशा उम्र 1 वर्ष (नाबालिक) पुत्री स्व. राशिद हुसैन संरक्षिका माता हकीकी वादनी संख्या-1 श्रीमती कौसर जहां।

**प्रति**

**जनता आम** ग्राम अहमदपुर पोस्ट सरकड़ा खास थाना मूंढ़ापांडे तहसील व जिला मुरादाबाद-**विपक्षी।**

इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (सी.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा श्रीमती कौसर जहां हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा श्रीमती कौसर जहां मुसबफा राशिद हुसैन अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1887 ई. बकत रू.हरगाह मुसम्मा श्रीमती कौसर जहां ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 04 मास 08 सन् 2025 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (सी.डि.) मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें।दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

**अहलमद**
**न्यायालय सिविल जज**
**( सी० डि० ), मुरादाबाद।**

# दीनदारपुरा में भागवत कथा के समापन पर हवन यज्ञ और विशाल भंडारा आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महानगर के दीनदारपुरा क्षेत्र स्थित श्री रघुनाथ जी मंदिर में चल रही भागवत कथा का बुधवार को विधिवत समापन हुआ। श्री रमार्च ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक आयोजन का समापन पर हवन-यज्ञ और विशाल भंडारे के साथ किया गया। महानगर के मोहल्ला दिनदारपुरा स्थित मन्दिर श्रीरघुनाथ जी महाराज में श्रीमदभागवत कथा का परायण पूर्ण हुआ। हवन पश्चात विशाल भण्डारा हुआ, जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद/भोजन ग्रहण किया। श्रीमद्भागवत का गायन गुरु कृपाचार्य जी महाराज के श्रीमुख से हुआ।सम्पूर्ण कार्यक्रम ठाकुर श्रीरघुनाथ जी रामार्चा सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में सम्पन्न हुए।कार्यक्रम में ट्रस्ट के संस्थापक/अध्यक्ष पंख राघवेन्द्र जोशी, गोविन्द,संजय अग्रवाल, विपिन गुप्ता,सचिन गुप्ता,सुमित उपाध्याय, अमित अग्रवाल (छोटू), प्रेम प्रकाश अग्रवाल,राकेश अग्रवाल,ऋषि रस्तोगी, प्रखर रस्तोगी, कमलदीप, सुमित, शिवओम,निकुंज रस्तोगी, केशव अग्रवाल आदि अनेक लोगों ने भाग लिया।श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने धार्मिक वातावरण को भक्ति और श्रद्धा से सराबोर कर दिया।समापन अवसर पर प्रात:काल वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-यज्ञ का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुतियाँ देकर विश्व शांति, समाज कल्याण और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थनाएं कीं। यज्ञ के उपरांत भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।इस अवसर पर पंडित रागबेन्द्र जोशी (ट्रस्ट अध्यक्ष), उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के सदस्य दीपक गोयल, वरिष्ठ व्यापारी नेता विपिन गुप्ता सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इन सभी ने धर्म और संस्कृति की रक्षा में ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पर बल देते हुए ट्रस्ट के प्रयासों की सराहना की।ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित रागबेन्द्र जोशी ने बताया कि यह भागवत कथा सप्ताह भर चली, जिसमें कथावाचकों ने श्रीकृष्ण लीला, भक्ति मार्ग, धर्म की महिमा और जीवन में सत्य की भूमिका पर विशेष प्रकाश डाला,आयोजन को सफल बनाने में क्षेत्रवासियों और भक्तों ने भरपूर सहयोग दिया। समापन समारोह में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ ने यह सिद्ध कर दिया कि आज भी धार्मिक आयोजनों के प्रति समाज में गहरी आस्था और उत्साह बना हुआ है



# एसडीएच इंटर कॉलेज में 17 बिंदुओं में अनियमितताओं की जांच, नहीं मिले दस्तावेज

■ संपूर्ण दस्तावेज न मिलने पर टीम ने की नाराजगी व्यक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** सनातन धर्म हिंदू इंटर कॉलेज मे चल रही अनियमताओं को लेकर 17 बिंदु ओ की जांच के लिए बुधवार को संयुक्त शिक्षा निदेशक मुरादाबाद मंडल के आदेश पर टीम कॉलेज में जांच के लिए पहुंची। जांच टीम में संस्कृत पाठशाला मुरादाबाद मंडल के उप निरीक्षक प्रीतम सिंह लेखाकार नरेंद्र कुमार ने विद्यालय में पहुंच कर बारीकी से अभिलेखो की जांच की और कुछ दस्तावेज अपने साथ ले गए। वहीं जांच टीम का कहना है कि शिकायतकर्ता पंकज यादव उनके साथी रुद्र दत्त शर्मा शर्मा का पक्ष सुना गया। नगर के पंकज यादव ने जिला विद्यालय निरीक्षक को शिकायती पत्र भेजकर विद्यालय में चल रही धांधली को लेकर 17 बिंदुओं की शिकायत भेजी थी। जिसमें विद्यालय की 385 बीघा कृषि भूमि एक लंबे समय से एक ही व्यक्ति को ठेके पर देने भूमि से वार्षिक आय व ब्लॉक परिसर के सामने बनी दुकानों का किराया। नवनिर्मित भवन मे वरती गयी अनिमताओं की जांच टीम द्वारा की। बताया गया कि इससे पूर्व दो बार विद्यालय की जांच की जा चुकी है। जांच टीम को संपूर्ण दस्तावेज नही मिले।

प्रधान लिपिक पवन कुमार ने विद्यालय के प्रबंधक पर गंभीर आरोप लगाए और कहा कि सभी दस्तावेज प्रबंधक के कब्जे में है। जांच टीम ने कुछ बिंदुओं की गहनता से जांच की उसके बाद टीम ने ब्लॉक परिसर के सामने स्थित दुकानों में मौजूद किराएदारों से किराए के संबंध में पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि करीब .डेढ़ वर्ष से उनसे किराया नहीं लिया गया है प्रति महीना 650 रुपए किराया वसूला जाता है।



जाँच टीम के प्रीतम सिंह ने बताया कि सभी 17 बिंदुओं पर गहनता से जांच के बाद ही अपनी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को प्रेषित करेंगे। जाँच के दौरान निलंबित चल रहे प्रिंसिपल डॉ विक्रम सिंह शिकायतकर्ता पंकज कुमार, रुद्र दत्त शर्मा, संजीव सिंह, प्रधान पंकज यादव आदी मौजूद रहे।

# पत्नी की हत्या के आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**ठाकुरद्वारा।** नगर के मोहल्ला मुंडो निवासी नवविवाहिता मंतशा की हत्या के मामले में कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उसके पति उमर फारुख को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दहेज हत्या और गला दबाकर हत्या करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। नगर के मोहल्ला नई बस्ती निवासी इरशाद की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, मृतका मंतशा की हत्या के मामले में पति उमर फारुख, सास, ससुर और जेठ के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई थी। परिजनों का आरोप है कि विवाह के बाद से ही मंतशा को दहेज को लेकर प्रताड़ित किया जा रहा था। घटना वाले दिन मंतशा और उमर फारुख के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जो इस कदर बढ़ा कि बात मारपीट तक पहुंच गई। आरोप है कि इसी दौरान उमर फारुख ने मंतशा की गला दबाकर हत्या कर दी। गौरतलब है। कि मंतशा का शव उसके ससुराल, यानी उमर फारुख के घर से बरामद हुआ था। मृतका के पिता इरशाद अली ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की और मुख्य आरोपी पति को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# डीएम ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** पशुपालन विभाग द्वारा संचालित एफ एम डी अभियान का शुभारंभ 23 जुलाई को जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा कैंप कार्यालय नोएडा से किया गया, यह अभियान 5 सितंबर तक चलेगा। जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन को रवाना किया, जो जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर पशुपालकों को जागरूक करेगा। प्रचार वाहन के माध्यम से पशुपालकों को मुंह-खुर पका रोग के लक्षण, बचाव और टीकाकरण की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी जाएगी। यह अभियान पशुओं की सेहत सुधारने और दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की मंशा है कि किसानों की आमदनी बढ़े और पशुधन सुरक्षित रहे।

# मदन स्वरूप इंटर कॉलेज में मनाई गई चंद्रशेखर आजाद की जयंती

■ बच्चों से कहा: सभी को लेनी चाहिए चंद्रशेखर आजाद के जीवन से प्रेरणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** मदन स्वरूप इंटर कॉलेज में महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की जयंती के मौके पर एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉक्टर अजय प्रकाश शर्मा ने कहा सभी छात्राओं को उनके जीवन से कुछ न कुछ सीखना चाहिए।




देश की आजादी के महान नायकों ने अपने बलिदान देकर हमें आजाद कराया चंद्रशेखर आजाद का भी देश की आजादी में बहुत बड़ा योगदान रहा है। उनके जीवन चरित्र से हम बहुत कुछ सीख सकते हैं। उनके मार्ग पर चलकर हमारा जीवन सफल हो सकता है। इसलिए हमें महापुरुषों को अपना आदर्श बनाना चाहिए उनके बताएं मार्ग पर चलना चाहिए।

# भारतीय किसान यूनियन (भानू) ने लोक निर्माण विभाग में सौंपा ज्ञापन

**कुंदरकी।** भारतीय किसान यूनियन ( भानू) जिला अध्यक्ष दानिश पाशा के नेतृत्व में मुरादाबाद के लोक निर्माण विभाग कार्यालय में अधिशासी अभियंता को एक ज्ञापन सौंप कर विकास कार्यों की मांग की और क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों को भी रखा, जिला अध्यक्ष दानिश पाशा के नेतृत्व में गए प्रतिनिधिमंडल ने अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपते हुए विभिन्न मार्गो की जांच की भी मांग की क्योंकि भ्रष्टाचार के चलते यह मार्ग 5 महीने में ही क्षतिग्रस्त हो चुके हैं और इन पर तीन-तीन दो दो फीट गहरे गड्ढे हो चुके हैं, ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए गए पुलिया भी 5 फीट नीचे बैठ चुकी है पीडब्ल्यूडी विभाग अपनी कारगुजारी को छुपाने के लिए उन्हें मिट्टी भरकर पूरी कर रहा है, भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है, ज्ञापन में कुंदरकी डिंगरपुर मार्ग पर बने नाले को भी भ्रष्टाचार की भेंट बताया गया क्योंकि नाले को नीचे से ऊपर की ओर लिया जाया जा रहा है इस प्रकार साफ जाहिर होता है सरकारी पैसे का दुरुपयोग हो रहा है, दूसरी और कुंदरकी डिंगरपुर मार्ग पर जगह-जगह



स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग की गई है आए दिन हादसे होने का कारण स्पीड है, ज्ञापन देने में राष्ट्रीय सचिव दें वेश भूषण, प्रदेश सचिव परवेज खा, जिला उपाध्यक्ष इमरान हाजी, जिला प्रवक्ता आजम राणा, नगर अध्यक्ष कुंदरकी रुवेज खान, समेत दो दर्जन से अधिक किस कार्यकर्ता शामिल रहे।

# बैठक में कर्मचारियों के अधिकारों को लेकर हुई चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नेशनल एकेडमी फॉर सोशल मूवमेंट व नागरिक एकता परिषद के तत्वाधान में बैठक का आयोजन बैठक में सुलभ शौचालय, विकलांग, दलित, रेहड़ी पटरी वालों व सफाई कर्मचारियों के अधिकारों को लेकर बैठक हुई। बैठक में सामाजिक व श्रमिक मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। जिसमें श्रम कानून व कार्य स्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पन्न जैसे विषयों को शामिल किया गया। बुधवार को बैठक में फकीर चंद्र नागवंशी ने दलित समुदाय के साथ होने वाले जातिगत भेदभाव पर प्रकाश डाला।

वाल्मीकि धर्म समाज के प्रदेश अध्यक्ष विनेश राय ने विकलांगों के लिए रिक्शा की मांग उठाई, कहा कि संगठन कमिश्नर से मिलकर किसी मुद्दे को उठेगा। युवा नेता कपिल राज ने श्रमिकों के अधिकार की लड़ाई के लिए संघर्ष करने का संकल्प लिया। ह्यूमन राइट डिफेंडर व नागरिक एकता परिषद के अध्यक्ष प्रेम कुमार ने श्रम कानून व यौन उत्पीड़न पर जानकारी साझा की। वहीं मनरेगा मजदूरों के शोषण की समस्या को उजागर किया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि अंबेडकर पार्क में सफाई मजदूर, विकलांग कामगारों के लिए सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

इस मौके पर राम सिंह, कपिल राज, दिनेश राय, राजू चौधरी, सोमपाल वाल्मीकि, राजीव सिंह, रामकुमार, रमेश फौजी, रामचंद्र प्रजापति, अंकित गुप्ता, विजय सिंह कश्यप, विनोद सागर, सोनू रत्नाकर, रामचंद्र राही,, मुकेश कुमार, दिनेश गौतम, कुवंर पाल आदि सहित अनेकों मौजूद रहे।

# शमीम चौधरी बने कांग्रेस नगर अध्यक्ष व आरिफ को मिली ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी, कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

**ठाकुरद्वारा।** नगर व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में नई नियुक्तियों के तहत शमीम चौधरी को नगर अध्यक्ष और मोहम्मद आरिफ को ब्लॉक अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और जिलाध्यक्ष विनोद गुम्बर की संस्तुति पर नियुक्त किया गया है। बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दोनों पदाधिकारियों का फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया और मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की। नियुक्ति के उपरांत नगर में एक भव्य स्वागत समारोह का आयोजन हुआ, । जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने भाग लिया। समारोह को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष शमीम चौधरी और ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद आरिफ ने संगठन को मजबूत बनाने और जनहित से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि जल्द ही नगर स्तर पर कमेटियों का गठन किया जाएगा, ताकि संगठनात्मक ढांचे को सुदृढ़ किया जा सके। कार्यक्रम में जिलाउपाध्यक्ष



वसीम अहमद ने कहा कि कांग्रेस आज भी देश की सबसे बड़ी विचारधारा की प्रतिनिधि पार्टी है। उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए युवाओं और जमीनी कार्यकर्ताओं को भरपूर अवसर दिए जा रहे हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि शमीम चौधरी और मोहम्मद आरिफ जैसे कर्मठ नेताओं के नेतृत्व में नगर और ब्लॉक कांग्रेस को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी। कार्यक्रम में जिला सचिव जहांगीर कुरेशी, मोहम्मद दीन सिद्दीकी, युवक कांग्रेस जिला महामंत्री अब्दुल्ला अंसारी, वरिष्ठ नेता इंतजार कुरेशी, पूर्व उपाध्यक्ष शरीफ सिद्दीकी, पूर्व नगर महासचिव वाजिद अंसारी समेत कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# शिव भक्तों ने हरिद्वार से डाक कांवड़ में गंगाजल लाकर किया भगवान शिव का जलाभिषेक



**ठाकुरद्वारा।** श्रावण माह में शिव रात्रि पर नगर के शिव भक्तों ने डाक कांवड में हरिद्वार से गंगाजल लाकर नगर के मंढ़ी मंदिर पर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। नगर निवासी मोहित सिंघल की अगुवाई में दर्जन भर शिव भक्त अपने वाहन से शिव रात्रि पर भगवान शिव का गंगाजल से जलाभिषेक करने के लिए हरिद्वार से गंगा जल लेने के लिए मंगलवार को रवाना हुए। बुधवार को श्रावण माह की शिवरात्रि पर हरिद्वार से डांक कांवड में गंगा जल लेकर शिव भक्तों ने नगर में हाईवे पर स्थित मंढ़ी मंदिर पर पहुंचकर विधि विधान से पूजा अर्चना कर भगवान शिव का गंगाजल से जलाभिषेक किया और भगवान शिव के जयकारे लगाए। भगवान शिव के जयकारों से क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया। जलाभिषेक करने में आरूष अग्रवाल, निवेश अग्रवाल, पार्थ अग्रवाल, अर्चित अग्रवाल, हर्ष अग्रवाल, चेतन वर्मा, राहुल अग्रवाल, सार्थक रूहेला, सक्षम अग्रवाल आदि शामिल रहे।

# स्कूल बसों में महिला परिचालकों की तैनाती जरूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले के स्कूल बसों में छात्राओं की सुरक्षा के लिए महिला परिचालक की तैनाती अनिवार्य कर दी गई है। 23 जुलाई को इस संबंध में प्रदेश के परिवहन आयुक्त बीएन सिंह ने एक कार्यालय आदेश जारी किया। इसे परिवहन विभाग ने नोएडा-ग्रेटर नोएडा के सभी स्कूलों को भेज दिया है। एआरटीओ प्रवर्तन डॉ. उदित नारायण पांडे ने कहा कि एक से 15 जुलाई तक विशेष जांच अभियान चलाया गया था। इसमें कई स्कूल वाहनों में कमियां मिलीं।

उन्होंने कहा कि सभी स्कूलों को विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति का गठन करना होगा। उसकी मासिक बैठकें आयोजित कर उनके निर्णयों का पालन करना होगा। जो निजी पंजीकृत वाहन स्कूलों से विद्यार्थियों को लाते हैं, उनका कानूनी करार विद्यालय प्रशासन से किया जाए। सभी स्कूल परिवहन सुरक्षा से संबंधित दस्तावेज और मासिक रिपोर्ट अनिवार्य रूप से हर माह संबंधित एआरटीओ कार्यालय में जमा करें। स्कूली बस, वैन, ई रिक्शा और ऑटो में सफर करने वाले बच्चों की जिम्मेदारी स्कूलों की है। प्रबंधक और प्रधानाचार्य यह कहकर नहीं बच सकते हैं कि यह वाहन स्कूल का नहीं है। नियमों के उल्लंघन, किसी दुर्घटना या आपराधिक घटना की स्थिति में यदि स्कूल प्रबंधन की लापरवाही प्रमाणित होती है।

# एक्सप्रेसवे पर चलती कार में आग लगी

**नोएडा।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर बुधवार की दोपहर चलती कार में आग लग गई। चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए किसी तरह कार को किनारे पर रोका। इसके बाद उसने और उसके दोस्त ने बाहर कूदकर जान बचाई। सेक्टर-142 थाने की पुलिस के मुताबिक दिल्ली के रहने वाले अरुण कुमार बंसल अपने दोस्त सत्येंद्र कुमार के साथ कार में सवार होकर किसी काम से ग्रेटर नोएडा आ रहे थे। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर एडवांट बिल्डिंग के सामने बुधवार की दोपहर अचानक उनकी कार में आग लग गई। राहगीरों ने कार में आग लगी देखकर शोर मचाया। इस बीच अरुण कुमार बंसल ने तुरंत कार को साइड में रोका।

# जल्द व्हाट्सएप से मेट्रो टिकट होंगे बुक

## बेंगलुरु में इस तरह से होती है बुकिंग, रोजाना 52 हजार मुसाफिर करते हैं सफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा मेट्रो में जल्द ही वॉट्सऐप से टिकट बुक किया जा सकेगा। इसके बाद मुसाफिरों को कतार में लगने की जरूरत नहीं होगी। साथ ही वो घर बैठे ही टिकट बुक कर सकेंगे। ये सुविधा अभी कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में है। अब इसी तर्ज पर एनएमआरसी इस सुविधा को नोएडा में लेकर आ रहा है।

इन दिनों नोएडा में रोजाना करीब 52 हजार से ज्यादा मुसाफिर मेट्रो में सफर करते हैं। इनको इस नई सुविधा से फायदा होगा। नोएडा मेट्रो रेल कार्पोरेशन के एमडी डॉ. लोकेश एम ने बताया कि एक नंबर जारी किया जाएगा। जिस पर HI



लिखने के बाद आगे की प्रक्रिया होगी। टिकट बुक हो सकेगा।

**29 किमी में 21 मेट्रो स्टेशन:** नोएडा में मेट्रो 29 किमी का दायरा कवर करती है। सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा डिपो तक कुल 21 मेट्रो स्टेशन हैं। इसके अलावा नोएडा बोटेनिकल गार्डन से सेक्टर-142, ग्रेटर नोएडा डीपो से बोडाकी और ग्रेनो वेस्ट से नॉलेज पार्क-5 तक प्रस्तावित है। इन सभी की फाइल केंद्र सरकार के पास है। जल्द ही मंजूरी मिलेगी। ऐसे में लाखों मुसाफिरों को इसका फायदा होगा। इसके लिए एनएमआरसी की टेक्निकल टीम अपना वर्क कर रही है। जल्द ही नंबर जारी किया जाएगा।

# लूटपाट करने वाले दो बदमाश मुठभेड़ में घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। ये लोग राह चलते लोगों से लूटपाट की घटना करते थे। दोनों पर करीब 30 से ज्यादा मुकदमे दर्ज है। ये दोनों मिलकर दिल्ली , नोएडा ओर अन्य स्थानों पर लूटपाट की घटना करते है। इनकी पहचान रविंद्र कसाना उर्फ बल्लू और पुनीत अरोड़ा हुई है।

थाना सेक्टर-113 पुलिस अपने क्षेत्र के निजी अस्पताल के पास चौकिंग कर रही थी। सामने से एक मोटरसाइकिल पर 02 व्यक्ति आते दिखाई दिए। संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस टीम ने बाइक को रूकने का इशारा किया। बाइक सवार व्यक्तियों ने बाइक मोड़ी और पुश्ता रोड पर भगाने का प्रयास करने लगे। पानी होने की वजह से बाइक फिसल गई। अपने आप को घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया।

**जवाबी फायरिंग में दोनों के लगी गोली:** पुलिस टीम ने जवाबी एक्शन लेते हुए फायर किया। जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाशों के गोली लगी। घायल बदमाशों की पहचान रविन्द्र कसाना उर्फ बल्लू और पुनीत अरोड़ा हुई है। दोनों की उम्र क्रमश 35 और 37 साल है। ये दोनों दिल्ली के बुराड़ी के रहने वाले है। इसमें रविंद्र पर 15 मुकदमे और पुनीत पर 13 मुकदमे दर्ज है। अधिकांश मामले दिल्ली के है। पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है। इनके पास से तमंचा , 2 स्नैचिंग की गई पीली धातु की टूटी हुई चेन बरामद की गई है।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज**
**( सी०डि० ) महोदय, मुरादाबाद**
**उत्तरा. वि.वाद संख्या:** 151/2025
**तारीख पेशी:** 31.07.2025
**कैलाश सिंह बनाम**
**श्रीमती हेमलता चौहान आदि।**

कैलाश सिंह आयु लगभग 71 वर्ष पुत्र श्री हरवंश सिंह निवासी 10/199 बुद्धि विहार फेस-2 तह. व जिला मुरादाबाद।

**बनाम**

1. श्रीमती हेमलता चौहान आयु लगभग 34 वर्ष पत्नी स्व. प्रशान्त कुमार, 2. शिव चौहान आयु लगभग 10 वर्ष पुत्र स्व. प्रशान्त कुमार निवासीगण 10/199 बुद्धि विहार फेस-2 तहसील व जिला मुरादाबाद द्वारा सगी माता एवं प्राकृति संरक्षक श्रीमति हेमलता चौहान, 3. **जनता आम-विपक्षीगण।** इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (सी.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा कैलाश सिंह हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा कैलाश सिंह मुसबफा श्रीमी शर्मा देवी अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1887 ई. बकत रू.986847.89/-हरगाह मुसम्मा कैलाश सिंह ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 31 मास 07 सन् 2025 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (सी.डि.) मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें।

दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज**
**( सी०डि० ), मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज**
**( सी०डि० ) महोदय, मुरादाबाद**
**उत्तरा. वि.वाद संख्या:** 222/2025
**तारीख पेशी:** 08.08.2025
**अनूप कुमार बनाम जनता आम**

1. अनूप कुमार श्रोत्रिय पुत्र श्री जर्नाधन देव श्रोत्रिय उम्र लगभग 64 वर्ष नि. छोटा मंदिर पीएसी रोड खुशहालपुर तहसील व जिला मुरादाबाद, 2. संजय कुमार पुत्र श्री जर्नाधन देव श्रोत्रिय उम्र लगभग 59 वर्ष नि. छोटा मंदिर पीएसी रोड खुशहालपुर तहसील व जिला मुरादाबाद-**वादीगण।**

**बनाम**

1. जनता आम मुरादाबाद, 2. श्री राकेश प्रसाद श्रोत्रिय पुत्र स्व. रामबहादुर श्रोत्रिय नि. अलकनंदा कालोनी खुशहालपुर तहसील व जिला मुरादाबाद इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (सी.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा अनूप कुमार श्रोत्रिय हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा अनूप कुमार श्रोत्रिय मुसबफा राकेश प्रसाद श्रोत्रिय अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1887 ई. बकत रू.1350000/-हरगाह मुसम्मा अनूप कुमार श्रोत्रिय ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 08 मास 08 सन् 2025 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (सी.डि.) मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें।

दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज**
**( सी०डि० ), मुरादाबाद।**




# हरमनप्रीत ब्रिगेड ने जीती वनडे सीरीज

**● हरमनप्रीत कौर का शतक, क्रांति गौड़ की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत इंग्लैंड को हराया**

**चेस्टर-ली-स्ट्रीट।** कप्तान हरमनप्रीत कौर (102) की शानदार शतकीय पारी के बाद क्रांति गौड़ (छह विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत भारतीय महिला टीम ने तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में इंग्लैंड को 13 रनों से हरा दिया। इसी के साथ भारतीय टीम ने तीन मैचों की श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली है।

319 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की महिला टीम शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र आठ रन के स्कोर पर अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिए। टैमी बोमॉन्ट (दो) एमी जोंस (चार) को क्रांति गौड ने आउट किया। इसके बाद एमा लैंब और नेट शिवर ब्रंट ने इंग्लैंड की पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट लिए 162 रनों की साझेदारी हुई। जब तक ये दोनों खिलाड़ी बल्लेबाजी कर रही थी तो ऐसा लग रहा था कि इंग्लैंड आसानी से यह मुकाबला जीत लेगा, लेकिन 31वें ओवर में श्रीचरणी ने एमा लैंब 81 गेंदों में (68) को बोल्ड कर इंग्लैंड को तीसरा झटका दिया। इसके बाद 35वें ओवर में दीप्ति शर्मा ने शतक की ओर बढ़ रही नेट शिवर ब्रंट 105 गेंदों में (98) को विकेटकीपर ऋचा घोष के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद सोफिया डंकली और ऐलिस डेविडसन-रिचर्ड्स ने मोर्चा संभाला, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने उन्हें पिच पर अधिक देर टिकने नहीं दिया। पांचवें विकेट के रूप में सोफिया डंकली (34) रन आउट हुई। ऐलिस डेविडसन-रिचर्ड्स (44) को गौड़ ने राधा यादव के हाथों कैच आउट कराया। शार्लेट डीन (21), लॉरेन फाइलर (शून्य) और लॉरेन बेल (सात) को भी गौड़ ने आउट किया। भारत ने 49.5 ओवर में इंग्लैंड को 305 के स्कोर पर समेटकर मुकाबला 13 रनों से अपने नाम कर लिया। 84 गेंदों मे 102 रनों की शानदार शतकीय पारी खेलने वाली भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को 'प्लेयर ऑफ मैच' तथा 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' से नवाजा गया। भारत की ओर से क्रांति गौड़ ने 9-5 में 52 रन देकर छह विकेट लिए। श्रीचरणी को दो विकेट मिले। दीप्ति शर्मा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले भारतीय महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। प्रतिका रावल और स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट लिए 64 रन जोड़े। 13वें ओवर में शार्लेट डीन ने प्रतिका रावल (26) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। भारत का दूसरा विकेट 18वें ओवर में स्मृति मंधाना (45) के रूप में गिरा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी कप्तान हरमनप्रीत कौर ने हरलीन देओल के साथ 81 रनों की साझेदारी की। हरलीन देओल (45) के आउट होने के बाद बल्लेबाजी करने आई जेमिमाह रॉड्रिग्स के साथ 110 रन की साझेदारी कर भारत के स्कोर को 272 तक पहुंचाया। 46वें ओवर में जेमिमाह रॉड्रिग्स 45 गेंदों में (50) को फाइलर ने आउट किया। भारत का पांचवां विकेट पर हरमनप्रीत कौर के रूप में गिरा।

# यह सीरीज जीत निश्चित रूप से हमें आत्मविश्वास देगी: हरमनप्रीत कौर

**● मैं बल्लेबाजी में अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहती थी, लेकिन आज का मैच हमारे लिए बहुत अहम था**

**डरहम, वार्ता।** इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे में जब भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर बल्लेबाजी करने उतरीं तो उनका पहला रन 11वीं गेंद पर आया। यह 102 रनों की शतकीय पारी की शुरुआत थी,

जिसने इंग्लैंड के खिलाफ भारत की सीरीज जीत की नींव रखी और घर पर होने वाले वनडे विश्व कप से पहले पूरी दुनिया को एक सशक्त संदेश भी दिया। चेस्टर-ली-स्ट्रीट में जब उन्होंने ग्यारहवीं गेंद खेली तो बाएं हाथ की स्पिनर लिंसी स्मिथ की गेंद पर खूबसूरत कवर ड्राइव के जरिये बाउंड्री पाई। धीमी शुरुआत होने के बावजूद वह अपनी लय में आ चुकी थीं। हरमनप्रीत का यह शतक वनडे में उनका सातवां लेकिन पिछली 13 पारियों में पहला 50+ स्कोर था। दौरे की शुरुआत में ईसीबी डेवलपमेंट ग्प के खिलाफ खेले गए 50 ओवर के वार्म-अप मैच में उन्होंने 54 रन बनाए थे और इंग्लैंड के खिलाफ सफेद गेंद की दोनों सीरीज में उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर केवल 26 रन था, जो उन्होंने चौथे टी20 में बनाया। मैच के बाद उन्होंने कहा कि हर मैच में मैं बल्लेबाजी में अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहती थी लेकिन आज का मैच हमारे लिए बहुत अहम था। योजना यह थी कि क्रीज पर कुछ समय बिताया जाए और फिर देखा जाए कि आगे क्या होता है। वह रणनीति मेरे लिए कारगर रही। पहली दस गेंदों पर मुझे कोई रन नहीं मिला लेकिन तब मैं खुद से कह रही थी: 'मुझे हार नहीं माननी है, बस टिके रहना है, टीम के लिए टिके रहना है। 82 गेंदों में शतक पूरा करके हरमनप्रीत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले साल बनाए गए 87 गेंदों वाले शतक को पीछे छोड़ दिया और महिलाओं के वनडे में भारत के लिए दूसरा सबसे तेज शतक बनाया। इस साल की शुरुआत में आयरलैंड के खिलाफ स्मृति मंधाना ने 70 गेंदों में शतक लगाया था जो भारत के लिए सबसे तेज शतक है। साथ ही वह 4000 रन पूरे करने वाली भारत की तीसरी महिला खिलाड़ी भी बनीं। भारत के लिए संतोषजनक बात यह भी रही कि पूरी बल्लेबाजी इकाई ने अच्छा प्रदर्शन किया। जेमिमाह रॉड्रिग्स ने 50 रन बनाए और हरमनप्रीत के साथ चौथे विकेट के लिए 110 रन की साझेदारी की। मंधाना और हरलीन देओल ने 45-45 रन बनाए और ऋचा घोष ने 18 गेंदों में 38 रन की तेज पारी खेली। इसके बाद क्रांति गौड़ ने 52 रन देकर छह विकेट लिए और इंग्लैंड की टीम को 305 रन पर आउट कर दिया। इंग्लैंड एक गेंद बाकी रहते 13 रन से विश्व रिकॉर्ड लक्ष्य हासिल करने से चूक गई। गौड़ महिलाओं के वनडे में भारत की ओर से पांच विकेट लेने वाली दूसरी सबसे युवा खिलाड़ी बनीं। उनसे कम उम्र में यह उपलब्धि केवल दीप्ति शर्मा ने हासिल की थी। हरमनप्रीत ने गौड़ के बारे में कहा कि जब भी वह मैदान पर होती हैं और गेंदबाज़ी कर रही होती हैं तो वह प्रभावशाली रहती हैं। मैं बहुत खुश हूं जिस तरह की गेंदबाजी उन्होंने की और जब भी हमें ब्रेकथ्रू की जरूरत थी, वह टीम के लिए मौजूद थीं। भारत का 318/5 का स्कोर इंग्लैंड में किसी भी मेहमान टीम द्वारा बनाया गया।

## आयरलैंड दौरे के लिए पाकिस्तान की महिला टीम में एमान शामिल

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान ने छह अगस्त से शुरु होने वाले आयरलैंड दौरे के तीन टी-20 मैचों के लिए फातिमा सना की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम में अनकैप्ड बल्लेबाज एमान फातिमा को शामिल किया है। छह से 10 अगस्त तक चलने वाली इस टी-20 सीरीज के मैच डबलिन के क्लोंटार्फ क्रिकेट क्लब में खेले जायेंगे। अनकैप्ड एमान फातिमा ने राष्ट्रीय महिला टी-20 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन कर टीम में जगह बनाई। उन्होंने आठ मैचों में 155-14 के प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से 287 रन बनाए। इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने 2023 में होने वाले पहले महिला अंडर-19 विश्वकप में भी पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व किया था। 15 सदस्यीय टीम द्विपक्षीय श्रृंखला में भाग लेने के लिए आयरलैंड रवाना होने से पहले कराची में एक प्री-सीरीज प्रशिक्षण शिविर में भाग लेगी।

# बुमराह के साथ भारतीय टीम के पास जीतने और सीरीज बराबर करने के लिए जरूरी हथियार हैं: संजय

**मैनचेस्टर, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच चौथे टेस्ट से पहले 'फॉलो द ब्लूज' पर विशेष बातचीत करते हुए, जियो हॉटस्टार विशेषज्ञ संजय बांगर ने टीम के अहम फैसलों पर अपनी राय रखी, जसप्रीत बुमराह की वापसी और आकाश दीप की अनुपस्थिति से लेकर ऋषभ पंत की विकेटकीपिंग और भारत के गेंदबाजी संतुलन तक।

भारत और इंग्लैंड के बीच चौथे टेस्ट से पहले 'फॉलो द ब्लूज' पर विशेष बातचीत करते हुए, जियो हॉटस्टार विशेषज्ञ संजय बांगर ने जसप्रीत बुमराह को प्लेइंग इलेवन में शामिल करने पर अपने विचार साझा किए। बांगर ने कहा कि बुमराह का चौथा टेस्ट खेलना अच्छी खबर है। एक अच्छी बात यह है कि कार्यक्रम में जगह बनाई गई है। खासकर जब आप लगातार दो टेस्ट मैच खेल रहे हों। तीसरे और चौथे टेस्ट के बीच का अंतर किसी भी खिलाड़ी के लिए वापसी करने के लिए पर्याप्त है। जसप्रीत बुमराह किसी भी टीम,



**● तीसरे और चौथे टेस्ट के बीच का अंतर किसी भी खिलाड़ी के लिए वापसी करने के लिए पर्याप्त है**

खासकर भारतीय टीम, की ताकत बढ़ाते हैं। हाल के दिनों में जब भी उन्होंने खेला है, उनका विदेशी टेस्ट रिकॉर्ड और भी बेहतर हुआ है। उनकी मौजूदगी से, मुझे लगता है कि भारतीय टीम के पास जीत और सीरीज बराबर करने के लिए जरूरी हथियार मौजूद हैं। क्योंकि सीरीज दांव पर है, इसलिए भारत को इसमें वापसी करनी होगी। अगर कोई गेंदबाज है जो किसी भी परिस्थिति का फायदा उठा सकता है, तो वो बुमराह हैं। कुल मिलाकर, जहां तक बल्लेबाजी का सवाल है, सीरीज के पहले तीन टेस्ट मैच काफी आसान रहे। लेकिन इस खास टेस्ट में परिस्थितियां गेंदबाजों के ज्यादा अनुकूल होने की संभावना है। इसका मतलब होगा कि हमें ज्यादा ओवर नहीं फेंकने पड़ेंगे और हम निश्चित रूप से भारत को इंग्लिश बल्लेबाजों को सस्ते में आउट करने में मदद कर सकते हैं। प्रसिद्ध कृष्णा बनाम अंशुल कंबोज के चयन की दुविधा पर बांगर ने कहा कि शुभमन और गौतम गंभीर के लिए प्रसिद्ध और अंशुल में से किसी एक को चुनना मुश्किल होगा। शायद यही वजह है कि उन्होंने टेस्ट मैच शुरू होने तक फैसला टाल दिया है। मेरा मानना है कि प्रसिद्ध ने काफी कुछ किया है, और अगले टेस्ट मैच में आपको एक ऐसे गेंदबाज की जरूरत है जो मैनचेस्टर की पिच से उछाल हासिल कर सके। मुझे लगता है कि इस खास टेस्ट के लिए प्रसिद्ध से थोड़ा बेहतर हैं।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## चैंपियंस लीग टी-20 10 साल से ज्यादा समय बाद वापसी के लिए तैयार

**नई दिल्ली, वार्ता।** चैंपियंस लीग ट्वंटी-20 वापसी के लिए तैयार है - और इसका दूसरा संस्करण बड़ा और बेहतर होगा। आईसीसी के सदस्यों ने, जिन्होंने हाल ही में सिंगापुर में आईसीसी के वार्षिक सम्मेलन के दौरान बैठक की, विभिन्न देशों की घरेलू ट्वंटी-20 लीगों की फ्रेंचाइजी वाली इस टूर्नामेंट को फिर से शुरू करने का औपचारिक निर्णय लिया। अगर सब कुछ योजना के अनुसार रहा, तो लीग अगले साल की शुरुआत में फिर से शुरू हो सकती है। क्रिकबज को पता चला है कि अंतर्राष्ट्रीय बोर्ड जल्द ही लीग की रूपरेखा पर विचार-विमर्श के लिए बैठक करेंगे, खासकर इस तथ्य को देखते हुए कि कई फ्रेंचाइजी मालिकों की टीमें कई देशों में हैं।

## पाकस्तान को एफआईएच हॉकी प्रो लीग में शामिल होने का औपचारिक निमंत्रण मिला

**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** हॉकी न्यूजीलैंड द्वारा पिछले महीने एफआईएच हॉकी नेशंस कप जीतने के बावजूद अगले एफआईएच हॉकी प्रो लीग पुरुष सत्र में भाग न लेने के अपने निर्णय की अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ को सूचना देने के बाद, एफआईएच ने नियमों के अनुसार, नेशंस कप उपविजेता, यानी पाकिस्तान को 2025-26 प्रो लीग संस्करण में शामिल होने का निमंत्रण दिया है। पाक हॉकी संघ को निमंत्रण स्वीकार या अस्वीकार करने के अपने निर्णय के बारे में एफआईएच को सूचित करने के लिए 12 अगस्त तक की समय सीमा दी गई है। 2024-25 एफआईएच हॉकी प्रो लीग में डच महिला और पुरुष दोनों टीमों को चैंपियन घोषित किया गया।

# अब तक की सबसे बड़ी पुरस्कार राशि के साथ पंजाब हॉकी लीग की घोषणा

**● देशभर की आठ आकादमी की टीमें इस लीग में हिस्सा लेंगी जो दो चरणों में आयोजित की जाएगी**

**मोहाली, वार्ता।** राउंडग्लास हॉकी अकादमी ने हॉकी पंजाब के सहयोग से जूनियर आयु वर्ग के लिए पंजाब हॉकी लीग (पीएचएल) के दूसरे संस्करण की घोषणा की है। इस बार कुल पुरस्कार राशि 30 लाख रुपये होगी, जो देश में किसी भी जूनियर स्तर की हॉकी प्रतियोगिता के लिए अब तक की सबसे बड़ी राशि है। राउंडग्लास और हॉकी पंजाब द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित यह लीग, जमीनी स्तर से खिलाड़ियों को व्यापक मैच अनुभव प्रदान करने और उनके पेशेवर व व्यक्तिगत विकास में सार्थक योगदान देने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। देशभर की आठ अकादमियों की टीमें इस लीग में हिस्सा लेंगी, जो दो चरणों में आयोजित की जाएगी। इसके पहले संस्करण में पंजाब की छह टीमों ने होम-अवे फॉर्मेट में दो चरणों में भाग लिया था। इस वर्ष का पहला चरण 31 अगस्त से 9 सितंबर तक मोहाली इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।

# सिंधु-उन्नति प्री क्वार्टरफाइनल में



**● पीसी सिंधु ने तीन गेमों के कड़े मुकाबले में 21-15, 8-21 और 21-17 से जीत हासिल की**

**चांगझोउ, वार्ता।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने बुधवार को चांगझोउ के ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर जिम्नेजियम में चल रहे प्रतिष्ठित बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट चाइना ओपन 2025 में रोमांचक जीत के साथ महिला एकल के राउंड-ऑफ-16 में प्रवेश किया। विश्व नंबर 6 जापान की तोमोका मियाजाकी के खिलाफ, सिंधु (विश्व रैंकिंग 15) ने अपनी विशिष्ट दृढ़ता का परिचय देते हुए तीन गेमों के कड़े मुकाबले में 21-15, 8-21, 21-17 से जीत हासिल की। दूसरा गेम हारने के बाद, भारतीय खिलाड़ी ने निर्णायक गेम में बढ़त बनाए रखते हुए जीत पक्की कर ली। सिंधु का प्री क्वार्टर फाइनल में 17 वर्षीय उन्नति हुड्डा से मुकाबला होगा जिन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए अनुभवी स्कॉटिश शटलर क्रिस्टी गिलमोर को केवल 36 मिनट में 21-11, 21-16 से हराया। पुरुष युगल में, विश्व की 12वें नंबर की जोड़ी, सात्विक-चिराग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राउंड-ऑफ-16 में प्रवेश किया। इस जोड़ी ने जापान के केन्या मित्सुहाशी और हिरोकी ओकामुरा को सीधे गेमों में 21-13, 21-9 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। इस बीच, महिला युगल में, पांडा बहनों, रुतपर्णा और श्वेतपर्णा को हांगकांग-चीन की अनुभवी जोड़ी के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा।


# वीनस विलियम्स की प्रतिस्पर्धी टेनिस में विजयी वापसी

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** अमेरिका की दिग्गज वीनस विलियम्स ने 16 महीनों के बाद डीसी ओवर में पीटन स्टर्न्स को हराकर प्रतिस्पर्धी टेनिस में विजयी वापसी की। 45 वर्षीय विलियम्स ने मुबाडाला सिटी डीसी ओपन 2025 के महिला एकल मुकाबले में विश्व की 35 नवंबर की खिलाड़ी पीटन स्टर्न्स को सीधे सेटों (6-3, 6-4) में हराया। इस जीत के साथ ही विलियम्स 45 साल की उम्र में टूर-स्तरीय एकल मैच जीतने वाली दूसरी सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गईं। इससे पहले मार्टिना नवरातिलोवा ने (47 साल की उम्र में) 2004 में विंबलडन में कैटालिना कास्टानो को हराया था। मैच के बाद विलियम्स ने कहा कि इतने लंबे समय के ब्रेक के बाद पहला मैच खेलना कितना मुश्किल होता है, यह बयां करना मुश्किल है। अगर आप मानसिक, शारीरिक



और भावनात्मक रूप से मेहनत करते हैं, तो आपको परिणाम मिल सकता है। मैं यहाँ अपने दोस्तों, परिवार, अपने प्रियजनों और प्रशंसकों के साथ हूँ, जिन्हें मैं प्यार करती हूँ और वे भी मुझे प्यार करते हैं, इसलिए यह एक खूबसूरत रात रही। विलियम्स का अगला मैच गुरुवार, 24 जुलाई को पोलैंड की मैग्डेलेना फ्रेच (विश्व रैंकिंग में 24वें स्थान पर) के खिलाफ दूसरे दौर का रोमांचक मुकाबला होगा।

# ऑस्ट्रेलिया ने विंडीज को हराया



**● जोश इंग्लिश ने नाबाद 78 और कैमरून ग्रीन ने 56 रनों की तूफानी पारी खेली, एडम जम्पा ने तीन विके ट लिए**

**किंगस्टन, वार्ता।** एडम जम्पा (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद जॉश इंग्लिश नाबाद (78) और कैमरन ग्रीन (56) की तूफानी अर्धशतकीय पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 28 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया।

इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की सीरीज में 2-0 से बढ़त बना ली है। 173 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में मात्र 13 रन के स्कोर पर ग्लेन मैक्सवेल (12) के रूप में अपना पहला विकेट गंवा दिया था। टीम को दूसरा झटका 42 रन के स्कोर पर कप्तान मिशेच मार्श (21) के रूप में लगा, लेकिन इसके बाद जॉश इंग्लिश और कैमरन ग्रीन ने वेस्टइंडीज के गेंदबाजों की जमकर खबर ली। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 131 रनों की अविजित साझेदारी हुई। ऑस्ट्रेलिया ने 15-2 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 173 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। जॉश इंग्लिश ने 33 गेंद में पांच छक्के और सात चौकों की मदद से नाबाद 78 रनों की पारी खेली। वही कैमरन ग्रीन 32 गेंद में चार छक्के और तीन चौके लगाते हुए नाबाद 56 रन बनाये। वेस्टइंडीज की ओर से जेसेन होल्डर और अल्जारी जोसेफ ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज ने लिए ब्रैंडन किंग और कप्तान शाई होप की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 63 रन जोड़े।ब्रैंडन किंग 36 गेंदों में तीन चौके और चार छक्कों की मदद से (51) रनों की पारी खेली। कप्तान होप 13 गेंद में नौ रन बनाकर आउट हुए।

**● भारत बनाम इंग्लैंड-चौथा टेस्ट**

# भारत पहली पारी में 150 रनों के पार

**● ऋषभ पंत-साई सुदर्शन खेल रहे, कप्तान शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल व केएल राहुल हो चुके आउट**

**मैनचेस्टर, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का चौथा टेस्ट मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम में खेला जा रहा है। बुधवार को मुकाबले का पहला दिन था और तीसरे सेशन का खेल जारी है। भारत ने पहली पारी में 3 विकेट पर 163 रन बना लिए हैं।

साई सुदर्शन और ऋषभ पंत नाबाद हैं। टी-ब्रेक से पहले कप्तान शुभमन गिल 12 रन, यशस्वी जायसवाल 58 रन और केएल राहुल 46 रन बनाकर आउट हुए। बेन स्टोक्स, लियम डासन और क्रिस वोक्स को एक-एक विकेट मिले। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। तेज गेंदबाज अंशुल कम्बोज भारत से टेस्ट डेब्यू कर रहे हैं। उन्हें पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दीप दासगुप्ता ने टेस्ट कैप पहनाई। मैनचेस्टर में 51 साल बाद किसी भारतीय ओपनर ने फिफ्टी लगाई है। यशस्वी जायसवाल (58 रन) से पहले सुनील गावस्कर (101 रन, 58 रन) ने 1974 में इंग्लैंड के खिलाफ अर्धशतक बनाया था। केएल राहुल 46 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने इंग्लैंड में 1000 रन पूरे किए। वे ऐसा करने वाले 5वें भारतीय बैटर बने। उनसे पहले तेंदुलकर, द्रविड़, गावस्कर और कोहली ऐसा कर चुके हैं। भारतीय बैटर साई सुदर्शन दूसरी पर रनआउट होने से बच गए। 57वें ओवर की चौथी बाल को साई ने पिच पर धकेला और रन लेने के लिए निकल पड़े। दूसरी ओर ऋषभ पंत ने इन्कार कर दिया। तब तक सुदर्शन आधी पिच पर आ गए थे। उन्होंने बैट छोड़ा और वापस स्ट्राइक की ओर दौड़ पड़े। इस बीच स्टोक्स ने थ्रो मारा, लेकिन नहीं लगा। 53वें ओवर में भारत ने पहली पारी में 150 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। ऋषभ पंत ने ब्रायडन कार्स के ओवर की दूसरी बाल पर एक रन लिया और टीम का 150वां रन बनाया। मैनचेस्टर टेस्ट के पहले दिन का दूसरा सेशन इंग्लैंड के नाम रहा। 26 ओवर के इस सेशन में भारत ने 71 रन बनाने में 3 विकेट गंवा दिए। टी-ब्रेक से पहले भारतीय कप्तान शुभमन गिल (12 रन) को बेन स्टोक्स ने पगबाधा आउट किया। यशस्वी जायसवाल 58 रन और केएल राहुल 46 रन बनाकर आउट हुए। 50वें ओवर में भारत ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां कप्तान शुभमन गिल 12 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें बेन स्टोक्स ने पगबाधा आउट किया। गिल बेन स्टोक्स की गुड लेंथ से अंदर आती बाल छोड़ना चाह रहे थे, लेकिन स्विंग को भांप नहीं सके। बाल उनके पैड पर टकराई। फील्ड अंपायर के आउट देने के बाद गिल ने डीआर मांगा, लेकिन थर्ड अंपायर ने फैसला नहीं बदला। 48वें ओवर की तीसरी बाल पर साई सुदर्शन को जीवनदान मिला। बेन स्टोक्स की लेग स्टंप से बाहर जाती बाल ने बल्ले का किनारा लिया और विकेटकीपर जैमी स्मिथ के पास गई, लेकिन वे इसे कैच नहीं कर सके। लियाम डासन ने आठ साल बाद टेस्ट में गेंदबाजी करते हुए सिर्फ सातवीं ही गेंद पर विकेट ले लिया।

# दो युवकों की लड़ाई में हुई मारपीट व फायरिंग

## डंडे की पिटाई से युवक हुआ घायल व फायरिंग से मोहल्ले में दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहजोई।** दो युवकों की आपसी लड़ाई में एक पक्ष के युवकों ने मोहल्ले में की फायरिंग फायरिंग से मोहल्ले में हुई दहशत बट डंडे की पिटाई से युवक हुआ घायल सूचना पर पहुंचे स्थानीय पुलिस पुलिस ने मौका मिले ना कर दिया कार्रवाई का आश्वासन युवक ने थाने पहुंच कर दी तहरीर।

मंगलवार की रात लगभग नौ बजे मोहल्ला कुरेशिया निवासी फरदीन पुत्र दिलशाद मोहल्ले में भारत गैस एजेंसी के आगे खड़ा था तभी कुछ युवकों द्वारा आकर उसे पर डंडे से वार किया वह हवा में फायरिंग करते की फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और और उन्हें देख फायरिंग करने वाले भाग निकले देखते ही देखते मौके पर भिड़े खट्टा हो गई और वहीं से किसी ने पुलिस को सूचना दी सूचना पर तुरंत मौके पर कलेक्ट्रेट चौकी इंचार्ज कपिल कुमार माय पुलिस फोर्स के मौके पर पहुंचे और जानकारी की और उन्होंने कार्रवाई का भरोसा दिया मोहल्ला कुरैशियां निवासी फरदीन पुत्र दिलशाद ने बताया कि कुछ दबंग किस्म के लोग उस पर पहले भी हमला कर चुके हैं जिसकी सूचना



थाने में दी गई थी। वह दिल्ली काम करता है दो-तीन दिन पहले ही वह दिल्ली से घर आया था आज नौ बजे वह मोहल्ले में कासिम पुत्र हनीफ बयान पुत्र बब्बू के साथ गैस एजेंसी के आगे खड़ा था तभी उक्त आरोपियों का फोन आया था जिसने उनसे पूछा तू कहां पर है और उसे गाली गलौज करने लगा उसने बताया कि मैं भी गाली गलौज कर दी जिससे वह है तीन मोटरसाइकिलों पर सवार होकर कुछ लोगों के साथ आए और उसके साथ मारपीट की फायरिंग करते हुए भाग गए मारपीट में वह घायल हो गया। जिसमें उक्त अभियुक्त देवेश पुत्र नामालूम, शानू पुत्र मुशाहिद मोहल्ला कुरेशीयान, दुर्गेश पुत्र नामालूम निवासी टंकी मोहल्ला थाना बहजोई के खिलाफ उसने थाने में तहरीर दे दी है।

## महापुरुष स्मारक समिति ने लोकमान्य तिलक व चंद्रशेखर आजाद की जयंती मनाई

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्वसमाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दो महानायक-लोकमान्य बालगंगाधर तिलक एवं क्रांतिकारी शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र द्वारा दोनों महापुरुषों के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर की गई। उन्होंने अपने उद्‌बोधन में लोकमान्य तिलक को भारतीय क्रांति का जनक बताते हुए उनके ष्स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है जैसे घोष वाक्य की ऐतिहासिक भूमिका पर प्रकाश डाला। वहीं चंद्रशेखर आजाद के त्याग, साहस और बलिदान को नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बताया। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी दोनों महापुरुषों के जीवन, विचारों व देशप्रेम की भावना पर अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि आज का युवा यदि इन दोनों राष्ट्रनायकों के सिद्धांतों को अपनाए, तो समाज और देश दोनों में सकारात्मक बदलाव संभव है। इस दौरान डा0 महेश कुमार गुप्ता, डा0 अरविन्द कुमार गुप्ता, डा0 नितिन कौशिक, डा0 निशा गुप्ता, अंकित वार्ष्णेय, पंकज वार्ष्णेय, अश्विनी देवी, खघ्मपाल सिंह, अनमोल मिश्रा, इमरान, अवधेश कुमार, शोभा यादव, समरीन, सुरेशचंद्र शर्मा, पूरन लाल, शकुन्तला, मंजू, गुडिया, पिंकी, अरविन्द कुमार, शान्ति देवी, इंद्रवती, ममता आदि मौजूद रहे।

## बेरनी के प्राचीन शिव मंदिर में सीओ अनुज चौधरी ने किया रुद्राभिषेक

**चन्दौसी।** श्रावण मास की शिवत्रयोदशी के पावन अवसर पर चंदौसी तहसील क्षेत्र के बेरनी गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर में श्रद्धा, भक्ति और आस्था का अनुपम संगम देखने को मिला, जब क्षेत्राधिकारी (सीओ) अनुज चौधरी ने विधिपूर्वक रुद्राभिषेक कर भगवान भोलेनाथ का पूजन-अर्चन किया। शिवलिंग पर गंगाजल, दूध, शहद और बेलपत्र अर्पित करते हुए सीओ चौधरी ने अपनी धार्मिक आस्था का परिचय दिया। जैसे ही अभिषेक प्रारंभ हुआ, पूरा मंदिर परिसर हर हर महादेव के गगनभेदी जयघोष से गूंज उठा। इस धार्मिक आयोजन में अनुज चौधरी का केवल एक अधिकारी के रूप में नहीं, बल्कि एक श्रद्धालु, सेवाभावी और धर्मनिष्ठ नागरिक के रूप में भावपूर्ण रूप सामने आया। बीते कई दिनों से वह न केवल सावन में कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा और व्यवस्था पर नजर रखे हुए हैं, बल्कि स्वयं विभिन्न पड़ावों पर पहुंचकर जल, फल, प्राथमिक उपचार व विश्राम जैसी सेवाएं कांवडिघ्यों को उपलब्ध करवा रहे हैं। उनकी यह



द्वैतीय भूमिका, एक ओर प्रशासनिक जिम्मेदारियों का निर्वहन और दूसरी ओर शिवभक्तों की सेवा, समाज में विश्वास, जुड़ाव और सेवा भावना का प्रेरक उदाहरण है। यह बताता है कि जब अधिकारी धर्म और जनकल्याण के साथ अपने कर्तव्यों का समन्वय करते हैं, तो प्रशासन की छवि जनमानस में और अधिक सशक्त और संवेदनशील बनती है।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने शिवभक्तों पर की पुष्पवर्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** बुधवार को सावन शिवरात्रि पर्व के अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार द्वारा थाना बहजोई क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सादातबाड़ी स्थित प्राचीन पातालेश्वर महादेव मंदिर का भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया तथा कांवड़ यात्रा के तहत जलाभिषेक हेतु मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन करते हुए ड्रोन व स्वयं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा मंदिर में जाकर महादेव जी के दर्शन किए एवं जलाभिषेक किया। जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी बहजोई को मंदिर परिसर में साफ सफाई एवं चढने वाली कांवड़ को व्यवस्थित रूप से रखवाये जाने के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने परिसर में लगने वाले मेले की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। इस दौरान मंदिर परिसर एवं आसपास की सुरक्षा व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया गया तथा उपस्थित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु मंदिर परिसर में लगाए गए बेरिकेडिंग, पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई तथा मार्ग संचालन व्यवस्था की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने इसे और बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने श्रद्धालुओं से शांतिपूर्वक दर्शन करने और प्रशासन द्वारा निर्धारित व्यवस्था में सहयोग की अपील की। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षाकर्मियों को सतर्क रहते हुए यातायात प्रबंधन तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तत्पर रहने के



निर्देश दिए। प्रशासन द्वारा की गई पुष्प वर्षा एवं व्यवस्थाओं से श्रद्धालुओं में हर्ष का माहौल देखा गया। इसके अतिरिक्त उन्होंने मंदिर परिसर में लगने वाले मेले की व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की तथा दुकानों पर डस्टबिन अनिवार्य रूप से रखवाने के निर्देश दिए, ताकि स्वच्छता बनी रहे। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी चंदौसी आशुतोष तिवारी, खंड विकास अधिकारी बहजोई ओमवीर सिंह, ग्राम प्रधान लखन यादव सहित अनेक प्रशास. निक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## उधार के रुपये मांगने पर दबंगों ने दंपति को पीटा, केस दर्ज

**भोजपुर।** इलाके के गांव लखनपुर में उधार के रुपए मांगने पर दबंगों ने दंपति को लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया।घ्पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया। थाना मूंढापांडे के गांव गिल. पुरा निवासी वारिस ने प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में बताया है कि मंगलवार की शाम को 7बजे अपनी पत्नी महाराव जहां के साथ भोजपुर इलाके के गांव लखनपुर में रिश्तेदार नजारूल से उधार के7हजार रुपए मांगने आया था।घ ग्रामीण का आरोप है कि उधार मांगने पर नजारूल उसके भाई फरियाद एवं पिता भोलू गाली गलौज करने लगे। मना करने पर आरोपियों ने उसे और पत्नी को डंडों से पीटकर जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

## 121 लीटर गंगाजल से शिव भक्तों ने किया जलाभिषेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** श्रावण मास की पावन शिवरात्रि पर चन्दौसी के सीतारोड स्थित मूंछों वाले शिव मंदिर में श्रद्धा, भक्ति और आस्था का अनुपम संगम देखने को मिला। शिवभक्तों के एक दल ने राजघाट नरौरा से 121 लीटर पवित्र गंगाजल लेकर मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का विधिवत जलाभिषेक किया।

गंगाजल से भरे कलश लेकर कांवडियों ने मंत्रोच्चार व भजनों के साथ मंदिर प्रांगण में प्रवेश किया। जैसे ही गंगाजल शिवलिंग पर अर्पित किया गया, वातावरण हर हर महादेव और बोल बम के जयकारों से गुंजायमान हो उठा।

शिवभक्तों के चेहरों पर भक्ति का भाव और आंखों में भोलेनाथ के प्रति गहरी श्रद्धा झलक रही थी। गंगाजल लाने वालों में तनिष्क, सुमित, प्रिंस, विशाल, मुकुल, शिव, आशीष, अमित, दीपांशु, शिवम, मनोज, रितेश, शनि, सुधीर, राजा आदि रहे।

# शिवालयों पर रही शिवभक्तों की भीड़

**चन्दौसी।** श्रावण मास की शिवरात्रि के अवसर पर बुधवार कांवडिघ्यों की धूम रही। सुबह 04 बजे से ही कांवडिघ्यों द्वारा जलाभिषेक शुरु कर दिया गया। जहां शिवभक्तों ने दूर-दराज से गंगा जल लाकर अपने नजदीकी शिवालयों पर जलाभिषेक किया। सभी शिवालयों पर पुलिसकर्मी मुस्तैद रहे। सीओ अनुज चौधरी द्वारा सीतारोड स्थित प्रसिद्ध मूंछों वाले शिव मंदिर पर पहुंचकर मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। उन्होंने श्रद्धालुओं की भीड़, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण एवं अन्य सुविधाओं को लेकर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीओ ने मंदिर प्रबंधन से समन्वय बनाकर दर्शन व्यवस्था को सहज व सुरक्षित बनाए रखने पर बल दिया और बैरिकेडिंग, स्वच्छता जैसे बिंदुओं पर विशेष ध्यान देने को कहा।



# अज्ञात चोरों का नगर में आतंक, दहशत में लोग, पुलिस सो रही कुंभकरणीय नींद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर में अज्ञात चोरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे नगरवासियों में भय और असुरक्षा का माहौल गहराता जा रहा है। बीते कुछ दिनों में चोरी की घटनाओं में आई तेजी ने लोगों की नींद हराम हो गई है। अब क्षेत्रवासियों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद करने की मांग की है।

नगर के विभिन्न मोहल्लों में बीते सप्ताह कई घरों और दुकानों के आसपास संदिग्ध लोगों को घूमते हुए घरों के गेट पर दस्तक देते हुए देखा गया है। चोरों की यह हरकतें सीसीटीवी कैमरों में भी कैद हुई हैं, जिससे दहशत और बढ़ गई है। स्थानीय निवासी सलमान अल्वी ने बताया, ॿात को नींद नहीं आती। हर समय डर लगा रहता है कि न जाने कब किसके घर में चोर घुस जाएं। पुलिस को रात्रि में गश्त बढ़ानी चाहिए, ताकि लोगों को सुरक्षा का भरोसा मिल सके।एक अन्य नागरिक जुबैर आलम ने कहा, चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन पुलिस की सक्रियता नाममात्र की है। यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो लोग खुद ही अपनी सुरक्षा के इंतजाम करने को मजबूर हो जाएंगे। नगरवा. सियों का कहना है कि यदि समय रहते हालात पर काबू नहीं पाया गया, तो चोरी की घटनाएं और गंभीर रूप ले सकती हैं। क्षेत्रीय नागरिकों ने थाना प्रभारी से मांग की है कि रात्रि गश्त को सख्ती से बढ़ाया जाए, संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी रखी जाए और चोरों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जाए जिससे नगरवासियों को राहत मिल सके। बतादें कि सुरजननगर रोड पर एक दुकान के तोले तोड़ कर अज्ञात चोर को दुकानदार ने पकड़ लिया था। बाद में पुलिस ने नशे का आदी बताते हुए बिना के छोड़ दिया है।

बुधवार को भी नगर के मोहल्ला बड़ा बाजार में मोहल्ले के लोगों ने चोर को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद कोतवाली पुलिस ने पहुंचना उचित नही समझा।

पुलिस की लापरवाही के कारण नगर व देहात क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ रही है।

# गुरेर में महिला को चोर समझ कर पकड़ा, पुलिस के सुपुर्द किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** थाना क्षेत्र के गांव गुरेर में मंगलवार की देर रात में एक महिला अपनी चार वर्षीय बेटी के साथ गुरेर गांव पहुंच गई ग्राम वासियों को शक हुआ तो उन्होंने उसे कार चोर समझ कर पकड़ लिया महिला चोर पकड़े जाने की सूचना पर गांव में हड़कंप मच गया। पकड़ी गई महिला की सोशल मीडिया पर वीडियो काफी तेजी से वायरल हो रही है। और आस पास के गांव के लोग भी सैकड़ो की संख्या में लोग जमा हो गए महिला के सर पर बाल नहीं थे गांव वालों ने इसकी सूचना पुलिस को दी घटना स्थल पर पुलिस पहुंच गई और उसको अपने साथ थाने ले आई इंस्पेक्टर किरणपाल सिंह का कहना है कि महिला मन बुद्धि है जो मंगलवार की देर रात अपनी चार वर्षीय बेटी के साथ गुरेर गांव पहुंच गई थी उसे लोगो ने चोर समझ कर पकड़ लिया था जानकारी करने पर पता चला की महिला की मुरादाबाद की रहने वाली है जो की दिमागी हालत संतुलन नहीं थी। महीला और उसकी बेटी को मुरादाबाद उसके घर भिजवा दिया गया है।

## उपचार के दौरान अस्पताल में बुजुर्ग की मौत

**कुंदरकी।** मैनाठेर मुरादाबाद संभल बॉर्डर पर एक निजी अस्पताल में आरिफ (60) निवासी महमुदपुर का दो दिन से इलाज चल रहा था बुधवार की सुबह उपचार के दौरान आरिफ ने दम तोड़ दिया।

जिससे परिवार में कोहराम मच गया और परिवार का रो रो कर बुरा हाल हुआ मृतक के शव को दोपहर बाद गांव के ही कब्रिस्तान में गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया गया।

## एक नजर

### लाइब्रेरी से पढ़कर आ रहे युवक को घेर कर पीटा मामला दर्ज

**कांठ।** मोहल्ला पट्टी मोड़ा निवासी नबी पुत्र सौकत अली का कहना है कि उसका बेटा अजीम 18 जुलाई की शाम 6 बजे लाइब्रेरी से पढ़कर घर को आ रहा था जैसे ही बह कब्रिस्तान के नजदीक पहुंचा तो रास्ते में बाइक से आ रहे शादाब पुत्र साबिर निवासी नई बस्ती ईदगाह, जावेद उर्फ अरमान पुत्र नफीस अहमद निवासी नया गांव तथा एक अन्य ने बाइक से पुत्र के टक्कर मार दी जिससे बह जमीन पर गिरते गिरते बच गया। उक्त तीनो व्यक्ति गाली गलौच करने लगे और बेटे पर हमला कर दिया। जिससे वह लहू लुहान हो गया उसके शोर मचाने पर तीनों हमलावर धमकी देते हुए भाग गए पीड़ित बेटे को लेकर थाने पहुंचा और हमलावरों के खिलाफ तहरीर दी पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कार्यवाही शुरू की है।

### घर के सामने खड़ी बाइक चोरी एक माह बाद रिपोर्ट दर्ज

**कांठ।** नगर के मोहल्ला घोसीपुरा निवासी कैलाश का कहना है कि उसकी स्प्लेंडर प्लस बाइक जो उसकी पत्नी के नाम है 29 जून को रात्रि 12 बजे के बाद घर के सामने से चोरी हो गई वह लगभग 23 दिन से बाइक को तलाश करता रहा। अंत में निराश होकर वह थाने पहुंचा और प्रार्थना पत्र दिया पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बाइक चोरी का मामला दर्ज किया है।

### उड़ती रही अफवाह, जागते रहे लोग, नतीजा जीरो



**कांठ।** गढ़ी गांव में रात को चोरों के आने की अफवाह उड़ती रही और लोग जाग जाग कर पहरा देते रहे लेकिन नतीजा कुछ भी नहीं निकला। बतादे कि इस समय ग्रामीण क्षेत्रों में चोरों को देखे जाने की अफवाहों ने जोर पकड़ रखा है जबकि अभी तक इस तरह की कोई घटना कहीं नहीं हो पाई है लेकिन अफवाहो के बीच चोरों को देखे जाने का मामला दिनों दिन गरमाता जा रहा है रात को गढ़ी गांव में चोरों को देखे जाने की अफवाह उड़ी तो छोटे बड़े और बुजुर्ग सभी हाथों में लाठी डंडे लेकर सड़कों पर आ गए घंटो तक अफवाहों के दौरान वह सड़कों पर घूमते रहे लेकिन नतीजा जीरो निकला। लोगो ने इन अफवाहों पर विराम लगवाए जाने की मांग उठाई है।

### अनोखी पहल: कान्हा गोशाला में गोवंशों के बीच धूमधाम से मनाया आदित्य का जन्मदिन




**बिलारी।** नगर में नगर पालिका परिषद द्वारा बनाई गई कान्हा गौशाला में एक अनोखी पहल देखी गई है। मिल रोड निवासी नीलमणि द्वारा अपने पुत्र आदित्य का बारहवां जन्मदिन कान्हा गौशाला में मनाया गया। खास बात यह रही की नीलमणि संपूर्ण परिवार व मेहमानों के साथ गौशाला में दिखाई दिए उन्होंने गौशाला में गोवंशों के लिए फलाहार वितरित किया और मेहमानों के लिए वही भोजन की भी व्यवस्था की गई।

पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव ने इस पहल को साकार करने के लिए गौशाला में एक विशेष कैनोपी व साउंड सिस्टम का प्रबन्ध किया जो भविष्य में गौशाला में कार्यक्रम करने वालो को मिलता रहेगा। कार्यक्रम में पालिका परिषद बिलारी की ईओ रजनी सिंह,डॉ नीरज यादव उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, मनोज कुमार माथुर पशुधन प्रसार अधिकारी, मौ एहसान,प्र र,सभासद निहाल सिंह लाठर इत्यादि ने बच्चे को आशीर्वाद दिया।

### रामनगर कैथल में पीएम आवास की राह देख रहे गरीब परिवार





**चन्दौसी।** देश के प्रधानमंत्री 'सबके सिर पर छत' के संकल्प के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना चला रहे हैं, ताकि देश के हर पात्र परिवार को एक पक्का मकान मिल सके। लेकिन बनियाखेड़ा ब्लॉक के ग्राम कैथल के मजरा रामनगर में आज भी कई गरीब परिवार ऐसे हैं, जिन्हें अब तक इस योजना का लाभ नहीं मिला है। इन परिवारों की छतें कच्ची हैं, दीवारें कमजोर हैं, और बारिश के मौसम में हालात और भी दयनीय हो जाते हैं। रामनगर के ग्रामीणों ने बताया कि वे कई बार आवेदन कर चुके हैं, लेकिन हर बार उन्हें निराशा ही हाथ लगी। लगभग आधा दर्जन परिवार ऐसे हैं जो वास्तव में पात्र हैं जिनके पास पक्के मकान नहीं हैं, और परिवार भी बड़े हैं। इसके बावजूद उन्हें पीएम आवास योजना का लाभ नहीं मिल पाया। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से गुहार लगाई है कि योजना की निष्पक्ष जांच करवाई जाए और वास्तविक पात्रों को प्राथमिकता दी जाए ताकि प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप हर गरीब को छत मिल सके।



# सम्पादकीय

गुरुवार, 24 जुलाई 2025

## संसद में फिर गतिरोध

जैसीकि उम्मीद थी कि बुधवार को भी संसद के दोनों सदनों राज्यसभा व लोकसभा में कोई काम नहीं हो सका। सोमवार व मंगलवार की तरह ही विपक्षी दलों ने हंगामा किया। लोकसभा में पीठासीन अधिकारी कृष्ण प्रसाद तेन्नेटी ने दो बार के स्थगन के बाद अपरान्ह दो बजे जैसे ही सदन की कार्रवाई शुरू की, विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते हुए सदन के बीचोबीच आ गए। पीठासीन अधिकारी चाहते थे कि गोवा की जनजातियों से जुड़े मुद्दे पर चर्चा हो, लेकिन विपक्ष अपनी इसी बात पर अड़ा था कि बिहार में चुनाव आयोग की मतदाता सूची और ऑपरेशन सिंदूर पर पहले चर्चा हो। इसी को लेकर विपक्ष ने हंगामा किया। हंगामा बढ़ता देख श्री तेन्नेटी ने सदन की कार्रवाई दिनभर के लिए स्थगित कर दी। ऐसा ही नजारा राज्यसभा में भी देखने को मिला। वहां भी दो बार के स्थगन के बाद सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। राज्यसभा में विपक्ष नियम 267 के तहत कार्य स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा कराना चाहता था। 25 सदस्यों ने इस पर अपनी राय जाहिर कर मांग भी की थी। विपक्ष चाहता था कि सभी विधायी कामकाज रोककर बिहार चुनाव आयोग पुनरीक्षण पर चर्चा होनी चाहिए।

भाकपा महंगाई के मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग कर रही थी। वहीं आप दिल्ली में झुग्गी झोपड़ी का मसला उठा रही थी। उस पर उप सभापति ने कहा कि ये सभी नोटिस अनुरूप में नहीं हैं और इसलिए इन्हें स्वीकार नहीं किया जा सकता। उनके इतना कहते ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया और वहां भी दो बजे राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित हो गई। गुरुवार को संसद की कार्यवाही फिर से शुरू होगी, लेकिन उसमें स्थिति किसी तरह की बदलेगी ऐसा नहीं लगता, बल्कि लगता यह है कि संसद का पूरा मानसून सत्र ही हंगामे की नजर हो सकता है, क्योंकि न ही विपक्ष और न ही सत्ता पक्ष अपनी बातों से पीछे हटता दिखाई दे रहा है। सब अपना अड़ियल रुख दिखाते दिखाई दे रहे हैं। कई बार तो ऐसा लगता है कि जैसे किसी की भी इच्छा यह नहीं है कि संसद का सत्र सुचारू रूप से चले। संसद सत्र बुलाने से पूर्व जो सर्वदलीय बैठक हुई थी, वह बिल्कुल बेनतीजा होती दिखाई दे रही है। यह देखना भी कितना अजीब लगता है कि जब सर्वदलीय बैठक बुलाई जाती है तो तमाम राजनीतिक दल संसद की बैठकों के लिए अपना पूरा सहयोग देते दिखाई देते हैं।

सरकार भी विपक्ष की प्रशंसा करती है और अपनी तरफ से पूरा भरोसा विपक्ष को दिलाती है कि वह विपक्षी दलों को तमाम मुद्दों पर चर्चा कराने के लिए तैयार होगी, लेकिन जब सत्र शुरू होता है, तब नजारा दूसरा ही देखने को मिलता है। बात केवल चालू सत्र की नहीं बल्कि इसके पीछे अब संसद का पुराना अनुभव यही बताता है कि अब चर्चाओं में किसी की भी दिलचस्पी नहीं रह गई है। यह देखना भी दिलचस्प है कि संसद की कार्यवाही बाधित होने के लिए सत्ता पक्ष व विपक्ष दोनों ही एक-दूसरे को दोषी ठहराते हैं। यह बात अपनी जगह सही है कि दोनों ही पक्षों की जिम्मेदारी होती है कि संसद की कार्यवाही चलाने में वह पूरा सहयोग दें, लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि इसमें सरकार की सबसे बड़ी जिम्मेदारी होती है।

### सीजफायर कराना ट्रम्प का काम नहीं



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 25 बार दावा कर चुके हैं कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच जारी संघर्ष में सीजफायर कराया, वह कौन हैं, यह उनका काम नहीं है, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरी तरह से चुप हैं, उन्होंने एक बार भी ट्रम्प के दावों का जवाब नहीं दिया, प्रधानमंत्री क्या बोलेंगे, कैसे बताएंगे कि ट्रम्प ने पाकिस्तान के साथ समझौता करवाया है, पूरी दुनिया जानती है कि ट्रम्प ने भारत और पाकिस्तान के बीच जारी संघर्ष में सीजफायर की घोषणा की थी। पीएम मोदी यह नहीं कह सकते, लेकिन यह सच है और पूरी दुनिया जानती है। जो लोग खुद को देशभक्त कहते हैं वे भाग गए हैं।

**-राहुल गांधी**
**नेता विपक्ष, लोकसभा**

## प्लास्टिक खाने वाले फफूंद की सच्चाई





**एम. इमरान**

विश्वभर में प्लास्टिक प्रदूषण एक विकराल समस्या बन चुका है। हर वर्ष करोड़ों टन प्लास्टिक हमारे समुद्रों, नदियों, जंगलों और यहां तक कि हमारे शरीर में सूक्ष्म कणों के रूप में जमा होता जा रहा है। प्लास्टिक की विशेषता यह है कि यह सैकड़ों वर्षों तक प्राकृतिक रूप से नष्ट नहीं होता, जिससे यह पर्यावरण और जैव विविधता के लिए गंभीर खतरा बन गया है। वैज्ञानिक वर्षों से इस समस्या का समाधान खोजने का प्रयास कर रहे हैं और इसी क्रम में हाल ही में सोशल मीडिया पर एक ऐसे फफूंद की वीडियो और खबरें वायरल हो रही हैं, जो प्लास्टिक को खा सकता है। मेरे कई सहयोगियों ने मुझे वह वीडियो भेजा और जानना चाहा कि क्या यह सच है।

दरअसल प्लास्टिक खाने वाले फफूंद की कहानी 2011 से शुरू होती है जब एल यूनिवर्सिटी के कुछ छात्रों ने इक्वाडोर के अमेजन वर्षावनों में एक खोजी अभियान के दौरान Pestalotiopsis microspora नामक एक विशेष प्रकार के फफूंद की पहचान की। (जबकि इस फंफूद की खोज वर्ष 1880 में कार्लो लुइगी द्वारा की जा चुकी थी)। वर्ष 2011 में यह खोज हुई कि यह फफूंद एकमात्र ऐसा जीव था जो बिना ऑक्सीजन के भी पॉलीयूरेथेन प्लास्टिक को अपना पोषण बना सकता था। यह खोज इतनी महत्वपूर्ण थी कि उसने वैज्ञानिकों का ध्यान आकर्षित किया और इस दिशा में गहन शोध शुरू हो गया।

फफूंद की यह क्षमता इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि प्लास्टिक मुख्यत: पॉलीमर से बना होता है, जो अत्यंत जटिल और टूटने में कठिन होता है, लेकिन यह फफूंद प्लास्टिक के पॉलीयूरेथेन यौगिकों को तोड़कर उन्हें सरल कार्बनिक यौगिकों में बदल सकता है, जिन्हें वह अपनी वृद्धि और जीवन चक्र को बनाए रखने के लिए उपयोग करता है। इससे यह संकेत मिला कि यदि इस जैविक प्रक्रिया को नियंत्रित और प्रबंधित किया जा सके, तो यह भविष्य में प्लास्टिक कचरे के निपटान का एक पर्यावरण-मित्र तरीका हो सकता है।

इस खोज के बाद अन्य वैज्ञानिकों ने भी प्लास्टिक खाने वाले और कई प्रकार के फफूंद और जीवाणु खोजे हैं। 2017 में जापानी वैज्ञानिकों ने Ideonella sakaiensis नामक बैक्टीरिया की पहचान की जो PET Polyethylene Terephthalate नामक प्लास्टिक को तोड़ने में सक्षम था। इसी तरह नीदरलैंड, भारत, चीन और अमेरिका के शोधकर्ताओं ने ऐसे कई अन्य सूक्ष्मजीवों की पहचान की है जो विभिन्न प्रकार के प्लास्टिक को धीरे-धीरे पचाने की क्षमता रखते हैं।

फफूंद के जरिए प्लास्टिक को नष्ट करने के इस तरीके के अनेक लाभ हो सकते हैं। सबसे पहला और मुख्य लाभ यह है कि यह एक प्राकृतिक और जैविक प्रक्रिया है, जिससे हानिकारक गैसों या अवशेषों का उत्सर्जन नहीं होता। पारंपरिक तरीकों जैसे प्लास्टिक को जलाने से जहरीली गैसें वातावरण में फैलती हैं, जिससे वायु प्रदूषण और मानव स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है, लेकिन फफूंद की सहायता से यह प्रक्रिया स्वाभाविक ढंग से हो सकती है और प्रदूषण से भी बचा जा सकता है।

दूसरा लाभ यह है कि यह विधि सस्ती और टिकाऊ है। यदि यह तकनीक व्यापक स्तर पर लागू की जाती है, तो कचरा प्रबंधन की लागत में भारी कमी आ सकती है। विशेष रूप से विकासशील देशों में, जहां प्लास्टिक कचरे का प्रबंधन एक बड़ी समस्या है, वहां यह तकनीक वरदान साबित हो सकती है। इसके अलावा, यह फफूंद नमी और अंधेरे में भी सक्रिय रहता है, जिससे इसे भूमिगत लैंडफिल क्षेत्रों में इस्तेमाल किया जा सकता है।

तीसरा बड़ा लाभ यह है कि यह विधि माइक्रोप्लास्टिक के खतरे को कम करने में भी उपयोगी हो सकती है। आजकल माइक्रोप्लास्टिक समुद्रों से लेकर पीने के पानी तक में पाए जा रहे हैं। यह मानव शरीर में प्रवेश करके कई बीमारियों का कारण बन सकते हैं। अगर यह फफूंद इन सूक्ष्म कणों को भी तोड़ सकती है, तो यह सार्वजनिक स्वास्थ्य की दृष्टि से भी क्रांतिकारी कदम हो सकता है।

हालांकि, जहां इस तकनीक के अनेक लाभ हैं, वहीं इसके कुछ नुकसान और चुनौतियां भी हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। सबसे पहली चुनौती यह है कि यह प्रक्रिया अत्यंत धीमी है। प्राकृतिक रूप से फफूंद द्वारा प्लास्टिक को पूरी तरह नष्ट करने में महीनों या वर्षों तक लग सकते हैं। इस वजह से यह बड़े पैमाने पर तत्काल समाधान नहीं हो सकता।

दूसरी चुनौती यह है कि सभी प्रकार के प्लास्टिक को यह फफूंद समान रूप से नहीं तोड़ सकता। जैसे पॉलीयूरेथेन को Pestalotiopsis microspora द्वारा तोड़ा जा सकता है, लेकिन अन्य प्रकार के प्लास्टिक जैसे PVC, HDPE, LDPE को नष्ट करने के लिए अलग-अलग प्रकार के सूक्ष्मजीवों की आवश्यकता होती है। इससे इस तकनीक को व्यावसायिक स्तर पर लागू करना जटिल हो जाता है।

तीसरी चुनौती यह है कि इन फफूंदों को नियंत्रित वातावरण में पनपाना और उनकी वृद्धि को बनाए रखना आसान नहीं है। अगर इसे खुले में उपयोग किया जाए, तो अन्य जीवों या पर्यावरणीय परिस्थितियों से यह प्रभावित हो सकता है। साथ ही, अगर ऐसे फफूंद अनियंत्रित रूप से फैलने लगें, तो यह अन्य जैविक तंत्रों को नुकसान भी पहुंचा सकते हैं। एक अन्य महत्वपूर्ण विचार यह भी है कि इन फफूंदों से प्लास्टिक का जो अपघटन होता है, उसके उप-उत्पाद क्या होते हैं और वे पर्यावरण के लिए कितने सुरक्षित हैं। यदि ये उप-उत्पाद विषैले या हानिक. ारक हों, तो यह तकनीक समस्या का समाधान करने की बजाय नई समस्याएं खड़ी कर सकती है। इसलिए इसके दीर्घकालिक प्रभावों का परीक्षण और मूल्यांकन आवश्यक है। फिर भी, यह कहा जा सकता है कि फफूंद आधारित प्लास्टिक अपघटन की तकनीक एक नवाचार है जिसकी संभावनाएं अत्यंत व्यापक हैं। यदि इस क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा दिया जाए और अधिक प्रभावी एवं तेजी से कार्य करने वाले सूक्ष्मजीव विकसित किए जाएं, तो यह तकनीक भविष्य में प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने का सबसे प्रभावी हथियार बन सकती है। कुछ देशों ने पहले ही इस दिशा में प्रयोग शुरू कर दिए हैं। उदाहरण के लिए नीदरलैंड और जर्मनी में कुछ प्रयोगशालाओं में जैव-रिएक्टर तैयार किए जा रहे हैं जहां इन फफूंदों को नियंत्रित रूप से प्लास्टिक अपशिष्ट में मिलाकर उनका निष्कासन किया जा रहा है। भारत में भी कुछ निजी स्टार्टअप कंपनियां और IIT संस्थान इस तकनीक पर अनुसंधान कर रहे हैं और जल्द ही इसके प्रारंभिक मॉडल सार्वजनिक किए जा सकते हैं।

भविष्य में यह संभव है कि लैंडफिल साइट्स पर फफूंद आधारित अपघटन संयंत्र लगाए जाएंगे, जहां प्लास्टिक कचरे को संग्रह करके जैविक रूप से नष्ट किया जाएगा। इसके साथ ही, फफूंद को भोजन का माध्यम बनाकर इससे जैव ईंधन, खाद या अन्य उपयोगी उत्पाद भी तैयार किए जा सकते हैं। कुछ वैज्ञानिक तो यह भी मानते हैं कि यदि जेनेटिक इंजीनियरिंग के माध्यम से इन फफूंदों को अधिक प्रभावशाली बनाया जाए, तो यह कई प्रकार के औद्योगिक अपशिष्टों को भी नष्ट करने में सक्षम हो सकते हैं। हालांकि इस तकनीक के नैतिक और पर्यावरणीय पक्षों पर भी विचार आवश्यक है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि यह फफूंद प्रकृति में अनियंत्रित होकर पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान न पहुंचाएं। साथ ही, जैविक विविधता की रक्षा करना भी अत्यंत आवश्यक है, ताकि किसी नई तकनीक के कारण मौजूदा संतुलन न बिगड़ जाए। यह मानव जाति को उसके द्वारा बनाए गए सबसे जटिल प्रदूषण प्लास्टिक से छुटकारा दिलाने की एक आशा की किरण है। इसके हर पहलू का गहन परीक्षण करें और फिर इसे धरातल पर उतारें। जब तक यह तकनीक पूर्ण रूप से व्यावसायिक रूप से सक्षम नहीं हो जाती, तब तक हमें अपने जीवनशैली में बदलाव लाकर प्लास्टिक का प्रयोग कम करना ही सबसे व्यावहारिक उपाय है। पुन: प्रयोग, पुन: उपयोग और पर्यावरण के अनुकूल विकल्प अपनाना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। साथ ही, सरकारों, उद्योगों और आम जनता को मिलकर इस दिशा में कार्य करना होगा ताकि हम आने वाली पीढ़ियों को एक स्वच्छ, सुरक्षित और स्वस्थ पृथ्वी सौंप सकें।

अंत में यह कहा जा सकता है कि प्लास्टिक खाने वाले फफूंद की खोज नई नहीं है इस पर वर्षों से शोध हो रहे हैं। सोशल मीडिया पर इस तरह के वीडियो भ्रमित करने वाले हैं जिसमें कहा जा रहा है कि अब दुनिया से सारे प्लास्टिक कचरे का निपटारा हो जाएगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## बिहार चुनाव अपराध और राजनीति

**चुनावी वातावरण के बीच बिहार में भारतीय जनता पार्टी के और भी कई नेताओं पर आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने के आरोप लगे हैं। मिसाल के तौर पर आरा में भाजपा नेता बबलू सिंह ने कार में रगड़ लगने जैसी मामूली घटना के बाद दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। जंगल राज का इससे बड़ा सुबूत और क्या हो सकता है ? इसी तरह एक अन्य मामले में, भाजपा नेता आलोक कुमार चौहान पर शराब तस्करों को छुड़ाने के लिए 150 लोगों के साथ थाने पर हमला करने, थानाध्यक्ष को पीटने और उनकी वर्दी फाड़ने का आरोप लगा। उधर कुछ दिन पूर्व बिहार सरकार में मंत्री और पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणू देवी के भाई पर जमीन हड़पने, अपहरण, हत्या और रंगदारी जैसे संगीन मामलों में शामिल होने का आरोप लगा। एक घटना में मंत्री रेणू देवी के भाई पर बेतिया में एक व्यक्ति का अपहरण कर होटल में ले जाकर मारपीट करने जैसा गंभीर आरोप लगा।**



**निर्मल रानी**

बिहार में नीतीश कुमार का मुख्यमंत्री के रूप में कार्यकाल 22 नवंबर 2025 को समाप्त हो रहा है। उम्मीद की जा रही है कि चुनाव आयोग बिहार विधानसभा की सभी 243 सीटों के लिए इसी वर्ष (2025) के अंत तक यानी अक्टूबर और नवंबर में चुनाव करा सकता है। आगामी चुनावों के मद्देनजर राज्य में चुनावी सरगर्मियां काफी तेज हो गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हों या कांग्रेस नेता राहुल गांधी या अन्य दलों के शीर्ष नेता सभी चुनावी माहौल को अपने पक्ष में करने की जी तोड़ कोशिश में लग चुके हैं।

जब भी बिहार का चुनाव करीब आता है मीडिया में गुंडाराज और जंगल राज जैसे शब्द सुनाई देने लगते हैं। चाहे वह वर्तमान भाजपा-जे डी यू सरकार के लोगों द्वारा एक दशक से भी पहले के लालू यादव राज को याद कर उसे गुंडा राज सम्बोधित कर मतदाताओं में दहशत फैलाने की गरज से की जाने वाली चर्चा हो या फिर विपक्ष द्वारा नीतीश सरकार के शासन में बेखौफ अपराधियों द्वारा अंजाम दी जाने वाली दुस्साहसिक अपराधी घटनाओं के हवाले से सत्ता पर गुंडाराज को संरक्षण देने की बात हो परन्तु बिहार चुनावों में गुंडाराज की चर्चा छिड़ना लगभग स्वाभाविक सा हो गया है। हालांकि देश के कई अन्य राज्यों में भी अपराध और राजनीति का गहरा सम्बन्ध है। परन्तु बिहार में घटने वाली कुछ आपराधिक घटनाएं ऐसी होती हैं जो पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचती है। उदाहरण स्वरूप बिहार की राजधानी पटना में 17 जुलाई 2025 की उस सनसनीखेज घटना को ही देख लीजिए जबकि पांच सशस्त्र अपराधियों द्वारा पारस HMRI अस्पताल के आई सी यू में घुसकर चंदन मिश्रा नाम के गैंगस्टर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना सुबह करीब 7:15 बजे पुलिस मुख्यालय से मात्र दो किलोमीटर दूर हुई। इस घटना के बाद बिहार की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठना स्वाभाविक था।


जिस दुस्साहसिक अंदाज में पांच हमलावर, बिना चेहरा ढके हुए, बेखौफ अंदाज में अस्पताल की दूसरी मंजिल पर पहुंचे और केवल चंद सेकंड में इस हत्या को अंजाम देकर बड़ी ही आसानी से अस्पताल से बाहर चले गए इससे राज्य की कानून व्यवस्था पर सवाल उठना लाजिमी था। कांग्रेस ने नीतीश सरकार पर कानून-व्यवस्था को नियंत्रित करने में विफल रहने का आरोप लगाया तो राजद ने हमलावरों को सरकारी अपराधी करार देते हुए कहा कि बिहार में जंगलराज की वापसी हो रही है। कई नेताओं ने इस घटना को नीतीश कुमार सरकार की नाकामी का सबूत बताया। ऐसी घटनाएं बिहार में अपराधियों के बढ़ते हौसले के साथ साथ अस्पतालों की सुरक्षा और पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाती हैं। आश्चर्य की बात तो यह कि इस शूट आउट से केवल एक दिन पहले यानी 16 जुलाई 2025 को ही बिहार पुलिस ने यह दावा किया था कि संगठित अपराध और पेशेवर शूटरों पर शिकंजा कसा जा रहा है, परन्तु इस घटना ने तो पुलिस के दावों की पोल ही खोल कर रख दी। उसी दिन यानी 17 जुलाई को ही पटना में एक और हत्या की घटना पेश आई। इस घटना में दानापुर के शाहपुर थाना क्षेत्र में 20 वर्षीय युवक शिवम उर्फ बंटी नामक युवक की अपराधियों द्वारा तेज धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। इसी तरह 21 जुलाई 2025 को आदित्य कुमार नामक एक युवक की दुल्हिन बाजार थाना क्षेत्र के सदावह गांव में दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या की गई।

इन्हीं चुनावी माहौल के बीच एक और अप्रत्याशित खबर ने राज्य में धमाका कर दिया है। बिहार सरकार के नगर विकास एवं आवास मंत्री जीवेश मिश्रा सहित 9 लोगों को राजस्थान की राजसमंद कोर्ट ने 4 जून 2025 को 15 साल पुराने यानी 2010 के एक नकली दवा मामले में दोषी ठहराया है। खबरों के अनुसार जीवेश मिश्रा पहले दवा कारोबार से जुड़े थे और दिल्ली की आल्टो हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के निदेशक थे। इस मामले ने बिहार की राजनीति में हलचल मचा दी है, और विपक्षी दलों, विशेष रूप से कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल ने उनके इस्तीफे की मांग तेज कर दी है। विपक्ष का कहना है कि कि जीवेश मिश्रा को दोषी ठहराए जाने के बावजूद नीतीश कुमार की सरकार और बीजेपी उन्हें संरक्षण दे रही है। कोई जीवेश मिश्रा को मौत का सौदागर कह रहा है तो कोई उन्हें नकली दवा माफिया करार देकर उसे बर्खास्त करने की मांग कर रहा है। इस मामले में 1 से 3 साल तक की सजा और 20,000 रुपए तक का जुर्माना हो सकता था परन्तु जीवेश मिश्रा को केवल जुर्माना देकर छोड़ दिया गया। आखिर ऐसा क्यों?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## ऑनलाइन आलोचना से स्वास्थ्य एजेंसियों पर घटता विश्वास

डिजिटल दौर में जन स्वास्थ्य एजेंसियों के सामने एक नई चुनौती खड़ी हो गई है। उन्हें अब सिर्फ बीमारियों के प्रसार से ही नहीं बल्कि सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक जानकारियों और व्यक्तिगत हमलों से भी निपटना पड़ रहा है। एक हालिया अध्ययन बताता है कि यूएस के सेंटर फॉर डिसीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन जैसी स्वास्थ्य संस्थाओं के खिलाफ सोशल मीडिया पर की गई नकारात्मक टिप्पणियां लोगों के भरोसे को तोड़ रही हैं, उनमें गुस्सा बढ़ा रही हैं।




हाल ही में CDC ने टेक्सास और न्यू मेक्सिको में खसरे के प्रकोप को लेकर एक चेतावनी ट्विट की थी, जिसमें यात्रियों को टीका लगवाने की सलाह दी गई थी। कुछ लोगों ने इसका समर्थन किया, लेकिन कई लोगों ने इस पर शक जताया, साजिश के आरोप लगाए और यहां तक कि आपराधिक व्यवहार का इल्जाम तक लगाया। ऐसी तीखी प्रतिक्रियाएं अब आम हो रही हैं। इसका असर समझने के लिए स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने 6800 अमेरिकियों पर अध्ययन किया। प्रतिभागियों को एक काल्पनिक सोशल मीडिया पोस्ट दिखाई, जिसमें CDC जैसी संस्था ने एक दुविधामई स्वास्थ्य सलाह दी थी, जैसे सबको स्लीप एप्निया की जांच करवाने की सलाह। इसके बाद उन्हें आलोचनात्मक टिप्पणियां दिखाई, जो असली ऑनलाइन टिप्पणियों की तरह बनाई गई थीं। इन आलोचनात्मक टिप्पणियों की प्रकृति अलग-अलग थी। कुछ में सलाह से सिर्फ असहमति जताई थी, तो कुछ में संस्था की क्षमता पर या ईमानदारी पर सवाल उठाया था, जैसे राजनीतिक हित या छुपे हुए इरादे होना।

अध्ययन के नतीजे चौंकाने वाले थे। महज एक नकारात्मक टिप्पणी - भले ही हल्की-फुल्की ही क्यों न हो - भी लोगों का भरोसा कम कर देती है, लेकिन सबसे ज्यादा नुकसान वे टिप्पणियां करती हैं जो संस्था की सच्चाई और नैतिकता पर हमला करती हैं। ऐसी टिप्पणियां न सिर्फ भरोसा घटाती हैं, बल्कि लोगों में गुस्सा पैदा करती हैं और उन्हें उसे साझा करने, भावनात्मक प्रतिक्रिया देने या जवाब देने के लिए उकसाती हैं। दिलचस्प बात यह रही कि यह असर राजनीतिक सोच पर निर्भर नहीं था। चाहे व्यक्ति रिपब्लिकन हो या डेमोक्रेट, संस्था की ईमानदारी पर हमला देखकर दोनों ने समान प्रतिक्रिया दी। इससे पता चलता है कि भरोसे में कमी सिर्फ राजनीति का मसला नहीं, बल्कि इंसानों की सामान्य प्रवृत्ति है। यह अध्ययन दर्शाता है कि हर तरह की आलोचना का असर एक जैसा नहीं होता - किस तरह की आलोचना की जाती है, इससे बहुत फर्क पड़ता है।

हालांकि, राजनीतिक विश्लेषक जेम्स ड्रूकमैन का कहना है कि गुस्से जैसी भावनाओं को सर्वेक्षण के जरिए मापना मुश्किल है, जो बात एक व्यक्ति को गुस्से जैसी लगे, वह दूसरे को चिंता जैसी लग सकती है। फिर भी, इस अध्ययन में जो पैटर्न सामने आया है, वह चिंता की बात है। स्वास्थ्य एजेंसी की तरफ से सफाई देने पर भी लोगों का भरोसा पहले जैसा नहीं लौटा। शोधकर्ता एवं मनोरोग विशेषज्ञ जोनाथन ली का मानना है कि इसका एक कारण यह हो सकता है कि लोग तुरंत सही बात सुनने के लिए तैयार नहीं होते - उन्हें पहले थोड़ा शांत होने के लिए समय की जरूरत होती है। इस अध्ययन से यह बात साफ होती है कि पारदर्शिता यानी ईमानदारी बहुत जरूरी है। सलाह है कि स्वास्थ्य एजेंसियों को यह स्वीकार करने में हिचकना नहीं चाहिए कि उन्हें हर सवाल का जवाब नहीं पता। खासकर महामारी जैसी तेजी से बदलती परिस्थितियों में यह ईमानदारी भरोसा बढ़ा सकती है।

**स्रोत फीचर्स**

## लिवर डैमेज होने पर शरीर में नजर आते हैं ये लक्षण



हमारे शरीर में जब भी किसी तरह की गड़बड़ी की शुरुआत होती है, तो कोई भी अंग ठीक से काम नहीं करता है। या फिर किसी भी न्यूट्रिशन और विटामिन की कमी होने लगती है, तो शरीर में इसके संकेत साफ नजर आते हैं। हालांकि अगर इन संकेतों को शुरुआत में ही समझ लिया जाए, तो आने वाले समय में बड़ी मुश्किल से बचा जा सकता है। पेट में गैस बनना, पाचन का कमजोर होना या ब्लोटिंग महसूस होना, नींद आने में मुश्किल, हमेशा कमजोरी, भूख न लगना, हाथ-पैरों में दर्द रहना या थकान महसूस होना आदि ऐसे लक्षण हैं, जिन पर आपको समय रहते ध्यान देना चाहिए। अगर आपके साथ भी ऐसा लगता है आपको भूख नहीं लगती है और खाना सामने आने पर खाने का मन नहीं करता है, तो यह लिवर की बीमारी का संकेत होता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस बारे में जानकारी देने जा रहे हैं।

**लिवर की समस्या**- आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी और अनहेल्दी खानपान की वजह से कई लोग पेट और लिवर से जुड़ी समस्याओं से परेशान रहते हैं। अगर आपको लंबे समय से भूख नहीं लग रही है या फिर कुछ भी खाने का मन नहीं करता है। तो इसको हल्के में नहीं लेना चाहिए। यह लिवर की किसी गंभीर बीमारी का संकेत हो सकता है। लिवर हमारे शरीर का पावर हाउस है और यह डाइजेशन को सही तरह से चलाने, शरीर में एनर्जी बनाए रखने और शरीर को डिटॉक्स करने का काम करता है। जब हमारा लिवर संक्रमित या कमजोर हो जाता है। तो मतली आने, पेट में सूजन, भूख कम लगने या पेट के दाहिने ऊपरी हिस्से में दर्द जैसे लक्षण दिखाई देने लगते हैं। फैटी लिवर, सिरोसिस, हेपेटाइटिस या लिवर इंफेक्शन जैसी बीमारियां आदि भूख न लगने की मुख्य वजह बन सकती हैं। अगर लंबे समय तक ऐसा रहता है, तो आपको फौरन डॉक्टर की सलाह लेना जरूरी है। शुरूआती जांच में अल्ट्रासाउंड और लिवर फंक्शन टेस्ट करवाएं।

हेल्दी लिवर के लिए रेगुलर एक्सरसाइज और बैलेंस आहार लेना चाहिए। साथ ही एल्कोहल या जंक फूड से दूरी बनाए रखना चाहिए। समय पर इलाज और लाइफस्टाइल में बदलाव से लिवर की बीमारियों से बचाव संभव है। इनके लक्षणों को रिवर्स करने में भी सहायता मिल सकती है। एक्सपर्ट की मानें, तो अगर आपको भूख नहीं लग रही है, खाना खाकर उल्टी महसूस होती है या फिर बार-बार खाने से मन हट रहा है। तो इसको नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। यह लिवर की बीमारी का संकेत हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान में बारिश के चलते 13 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बारिश से संबंधित हादसों में पिछले 48 घंटों में नौ बच्चों सहित कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हुए हैं। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) ने बुधवार को यह जानकारी दी। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान के कई हिस्सों में भीषण बारिश हो रही है और मौसम वैज्ञानिकों ने कई शहरों के लिए शहरी बाढ़ की चेता. वनी जारी की है। एनडीएमए ने बताया है कि जून के अंत से मानसून की बारिश से संबंधित घटनाओं में मरने वालों की संख्या बढ़कर 234 हो गई है।

### सीरिया पर प्रतिबंधों को लेकर तुर्की में वार्ता

**अंकारा।** तुर्की में अमेरिका के वित्त विभाग का एक प्रतिनिधिमंडल तुर्की, सीरिया और इराक के अधिकारियों के साथ सीरिया पर लगे प्रतिबंधों को हटाने के मुद्दे पर बातचीत कर रहा है। इस बातचीत में धन शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटने में दमिश्क का समर्थन करने के लिए अमे. रिका की तत्परता पर ज़ोर दिया गया है।तुर्की के इस्तांबुल स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास ने यह जानकारी दी।

### ज़ेलेंस्की को अपने गुट की जांच का डर: रिपोर्ट

**मॉस्को।** यूक्रेन ने देश में भ्रष्टाचार को रोकने के लिए बनी संस्थाओं की शक्तियों में कटौती कर दी है। सरकार के इस कदम को कठोर आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा कहा जा रहा है कि यूक्रेनी राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की के भ्रष्टाचार विरोधी निकायों पर प्रतिबंध लगाने वाले कानूनों को जल्दबाजी में बनाने का कारण संभवत: यह है कि यूक्रेन का राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, उनके करीबी लोगों के खिलाफ जांच शुरू कर चुका है। द इकोनॉमिस्ट पत्रिका ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है।

### 5 साल बाद फिर शुरू होगी दोनों देशों के बीच वीजा व्यवस्था

# चीन के साथ रिश्तों में आई गरमाहट

## आज से आवेदन प्रक्रिया होगी शुरू, गलवान संघर्ष के बाद से बंद थी सर्विस, दूतावास ने की पुष्टि

**नई दिल्ली/बीजिंग।** भारत सरकार अब चीनी पर्यटकों को फिर से वीजा देने जा रही है। रायटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक भारत पांच साल बाद ये सेवा फिर से शुरू करेगा। कोरोना काल के बाद यह सर्विस बंद हो गई थी। इसके बाद जून 2020 में हुए गलवान संघर्ष ने दोनों देशों के रिश्तों को और खराब कर दिया था। बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास ने इसकी पुष्टि की है। दूतावास ने बताया कि यह प्रक्रिया 24 जुलाई 2025 से शुरू होगी। इस जानकारी को चीन की सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स ने भी प्रकाशित किया है, जिसमें कहा गया है कि भारतीय दूतावास ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म वीबो पर इस संबंध में जानकारी साझा की है।




भारतीय दूतावास ने कहा है कि चीन के लोग अब भारत घूमने के लिए वीजा के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें सबसे पहले ऑनलाइन आवेदन फार्म भरना होगा। फिर वेबसाइट पर जाकर अपाइंटमेंट लेना होगा। इसके बाद उन्हें अपने पासपोर्ट और जरूरी दस्तावेज लेकर वीजा केंद्र जाना होगा।

- इस जानकारी को चीन की सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स ने भी प्रकाशित किया
- चीन के लोग अब भारत घूमने के लिए वीजा के लिए आवेदन कर सकते हैं

ये वीजा केंद्र बीजिंग, शंघाई और ग्वांगझू जैसे शहरों में हैं, जो दक्षिण चीन के ग्वांगडोंग प्रांत में आते हैं। वहां जाकर वे अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। गौरतलब है कि भारत ने 2020 में कोविड-19 महामारी के चलते सभी पर्यटक वीजा को निलंबित कर दिया था। इसके बाद भारत-चीन के बीच जून 2020 में गलवान संघर्ष हुआ था। इससे दोनों देशों के संबंध खराब हो गए थे। अप्रैल 2022 में अंतर्राष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (आईएटीए) ने कहा था कि चीनी नागरिकों के सभी पर्यटक वीजा अब वैलिड नहीं हैं। दरअसल, चीन ने तब 22000 भारतीय छात्रों के फिर से चीन जाने की अनुमति नहीं दी थी। इसके बाद भारत ने 'जैसे को तैसा' की तरह जवाब देते हुए चीनी नागरिकों का टूरिस्ट वीजा अमान्य कर दिया था। जून 2022 में चीन ने अपनी वीजा नीतियों में ढील दी थी और भारतीय नागरिकों को पर्यटक वीजा के लिए आवेदन करने की अनुमति दी, जो आमतौर पर 90 दिनों की वैधता के साथ 30 दिनों तक ठहरने की अनुमति देता है। इसके अलावा चीन ने भारतीय पेशेवरों उनके परिवारों और अन्य विदेशी नागरिकों के लिए भी वीजा आवे. दन फिर से शुरू किए, जो चीन में काम या परिवार से मिलने के लिए जाना चाहते थे। इस नीति के तहत भारतीय नागरिक जो चीन में कार्यरत थे या जिनके परिवार वहां थे, वे वीजा के लिए आवेदन कर सकते थे।

### भारत न होता, तो हमारी इकोनॉमी बर्बाद हो जाती

**माले।** मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद ने कहा है कि अगर भारत नहीं होता, तो हमारी इकोनामी बर्बाद हो जाती। नशीद ने कहा कि कि उनके देश की आर्थिक स्थिति इतनी खराब हो गई थी कि अगर भारत ने समय पर मदद न की होती, तो मालदीव दिवालिया (डिफाल्ट) हो गया होता। 2022-23 में पर्यटन ठप होने से मालदीव गहरे आर्थिक संकट में चला गया था। उस पर विदेशी कर्ज बढ़ गया था और डालर की भारी कमी थी। भारत ने अनाज-ईंधन सप्लाई और क्रेडिट लाइन देकर मालद. ीव को डिफाल्ट होने से बचाया था। नशीद का यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मालदीव दौरे के ठीक पहले आया है। पीएम मोदी 25 और 26 जुलाई को मालदीव के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि को तौर पर शामिल होंगे। नशीद ने कहा कि मालदीव की विदेश नीति हमेशा इंडिया फर्स्ट की रही है।

# बिना वीजा 59 देशों की यात्रा कर सकते हैं भारतीय

## भारत ने पासपोर्ट रैंकिंग में 77वां स्थान हासिल किया

**नई दिल्ली।** भारतीय अब बिना वीजा के 59 देशों की यात्रा कर सकते हैं। ये जानकारी हेनली पासपोर्ट इंडेक्स में सामने आई। भारत ने वैश्विक पासपोर्ट रैंकिंग में 77वां स्थान हासिल किया है। भारत की रैंकिंग में ये बदलाव पिछले 6 महीनों में आया है।

यह रैंकिंग दुनिया भर के पासपोर्ट को उनके वीजा-फ्री यात्रा की संख्या के आधार पर तय की जाती है। दुनिया के सबसे ताकतवर पासपोर्ट के मामले में सिंगापुर शीर्ष पर है। सिंगापुर का पासपोर्ट 193 देशों में वीजा-मुक्त यात्रा की सुविधा देता है। 190 देशों के साथ जापान और साउथ कोरिया दूसरे स्थान पर हैं। तीसरे स्थान पर डेनमार्क, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, आयरलैंड, इटली और स्पेन संयुक्त रूप से हैं, जिनके नागरिक 189 देशों में वीजा-मुक्त यात्रा कर सकते हैं।

- सिंगापुर पहले स्थान पर, पाक 96वें स्थान पर, अफगानिस्तान सबसे नीचे

सिंगापुर हेनली पासपोर्ट इंडेक्स में पहले स्थान पर है। इसके पासपोर्ट पर 193 देशों में वीजा-फ्री यात्रा कर सकते हैं। 2025 की रैंकिंग में भारतीय पासपोर्ट ने लगातार दूसरी बार सुधार दर्ज किया है। पिछले साल भारत 85वें स्थान पर था, और इस बार 8 पायदान ऊपर चढ़कर 77वें स्थान पर पहुंचा है। हालांकि, वीजा-मुक्त यात्रा की संख्या में कमी आई है। 2024 में भारतीय पासपोर्ट धारक 62 देशों में बिना वीजा यात्रा कर सकते थे, जबकि इस साल यह संख्या 59 है। फिर भी, रैंकिंग में सुधार का कारण दूसरे देशों के पासपोर्ट के तुलना में बेहतर प्रदर्शन है।




मुंबई। वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर बारिश के कारण जाम में फंसे वाहन।

### गाजा में राहत सामग्री वाले ट्रकों के फंसे होने पर इजरायल ने जताई हैरानी

**यरुशलम।** इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल नदाव शोशानी ने गाजा में राहत सामग्री के वितरण में आ रही दिक्कतों पर हैरानी जताई है। शोशानी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें दिखाया गया कि 950 ट्रक गाज़ा की क्रॉसिंग पर फंसे हुए हैं। उन्होंने लिखा कि यह तब हुआ जब इजरायल ने सहायता पहुंचाने में मदद की। इतनी सहायता सामग्री क्यों अटकी हुई है? गौरतलब है कि 100 से ज़्यादा गैर सरकार संगठनों (एनजीओ) ने कहा है कि गाजा में रोजाना औसतन 28 ट्रकों के जरिये सहायता सामग्री वितरित की जा रही है। संयुक्त राष्ट्र ने कई बार कहा है कि उसे क्रॉसिंग पॉइंट्स के अंदर से गाज़ा के चालकों के साथ आने वाली आपूर्ति को इकट्ठा करने और सैन्य क्षेत्रों से होकर ले जाने के लिए आवश्यक इज़राईली अनुमति प्राप्त करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### ट्रम्प ने की जापान के साथ व्यापार समझौते की घोषणा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने जापान के साथ एक बहुप्रतीक्षित व्यापार समझौते की घोषणा की है। ट्रम्प ने कल रात ट्रुथ सोशल पर कहा कि हमने जापान के साथ एक बड़ा समझौता पूरा किया है, शायद अब तक का सबसे बड़ा समझौता। इस समझौते के तहत अमेरिकी आयातक देश को निर्यात किए जाने वाले जापानी सामानों पर 15 प्रतिशत पारस्परिक शुल्क का भुगतान करेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि जापान अमेरिका में 550 अरब डॉलर का निवेश भी करेगा। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार ट्रम्प ने कहा कि अमे. रिका को 'मुनाफे का 90 प्रतिशत' मिलेगा, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि ये निवेश कैसे काम करेंगे या मुनाफे की गणना कैसे की जाएगी।

# ट्रम्प ने 25वीं बार दोहराया भारत-पाक युद्ध मेरे कहने पर रुका

## बोले: भारत-पाकिस्तान संघर्ष में 5 फाइटर जेट्स गिरे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर से भारत-पाकिस्तान के बीच जंग में 5 फाइटर जेट्स के गिरने का दावा किया है। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि दोनों देशों के बीच तनाव बहुत ज्यादा बढ़ गया था।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि संघर्ष के बीच उन्होंने हस्तक्षेप किया और इसे रोकने में कामयाब हुए। ट्रम्प ने कहा कि उस समय दोनों देशों के बीच संघर्ष गंभीर हो गया था, 5 फाइटर जेट्स गिराए जा चुके थे। किसी भी वक्त परमाणु हथियारों का इस्तेमाल हो सकता था। गौरतलब है भारत-पाकिस्तान के बीच 10 मई को सीजफायर हुआ था। तब पहली बार ट्रम्प ने सीजफायर कराने का दावा किया था। बीते 73 दिनों में वे 25 बार जंग खत्म करने का दावा कर चुके हैं। इससे पहले ट्रम्प ने 19 जुलाई को 5 जेट



- दोनों देशों के बीच सीजफायर कराया, 73 दिन में 25वीं बार क्रेडिट लिया

गिरने का दावा किया था। तब भी उन्होंने यह साफ नहीं किया कि ये विमान किस देश के गिरे थे। दूसरी बार कहा: भारत-पाक संघर्ष में 5 विमान गिरे ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने दोनों देशों के नेताओं को फोन किया और चेता. वनी दी कि अगर लड़ाई नहीं रुकी तो अमेरिका व्यापार रोक देगा। वे दोनों देश परमाणु हथियार रखते हैं। कौन जानता है कि इसका अंजाम क्या होता, लेकिन उन्होंने इसे रोक दिया। ट्रम्प ने यह भी बताया कि यह बातचीत एक बार नहीं, बल्कि कई बार हुई।

यह पहली बार नहीं है जब ट्रम्प ने इस तरह का दावा किया है। इससे पहले भी उन्होंने शुक्रवार को कहा था कि भारत के आप. रेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराया था। इसी महीने व्हाइट हाउस में रिपब्लिकन नेताओं के साथ एक निजी डिनर के दौरान ट्रम्प ने फिर दोहराया था कि भारत और पाकिस्तान एक-दूसरे पर हमला कर रहे थे और चार या पांच विमान हवा में ही गिरा दिए गए थे। उन्होंने कहा विमानों को हवा में ही मार गिराया जा रहा था। 5, 5, 4 या 5, लेकिन मुझे लगता है कि असल में 5 विमान मार गिराए गए थे।

# पृथ्वी की गति तेज, दिन हुए छोटे, वैज्ञानिक हैरान

कैलिफोर्निया। इस साल गर्मी के मौसम में पृथ्वी की गति तेज़ होने के कारण दिन थोड़े छोटे हो गए हैं, जिसने वैज्ञानिकों को समय की गणना पर खासा ध्यान देना पड़ा है। इंटरनेशनल अर्थ रोटेशन एंड रेफरेंस सिस्टम्स सर्विस और अमेरिका नौसेना वेधशाला के आंकड़ों से पता चला है कि गत 10 जुलाई अब तक का सबसे छोटा दिन था, जो 24 घंटे से 1.36 मिलीसेकंड कम दर्ज किया गया।

एक चौंकाने वाली बात यह भी सामने आई कि 22 जुलाई को दिन 24 घंटे से 1.34 मिलीसेकंड छोटा रहा। यही नहीं अनुमान है कि आगामी पांच अगस्त का दिन भी 24 घंटे से 1.25 मिलीसेकंड कम हो सकता है। वैज्ञानिकों के अनुसार एक दिन की लंबाई वह समय है जो धरती अपनी धुरी पर एक पूरा चक्कर काटने में लेती है।

यह औसतन 24 घंटे या 86400 सेकंड होता है, लेकिन वास्तव में, चंद्रमा का गुरुत्वाकर्षण बल, धरती पर मौसमी बदलाव और पृथ्वी के आंतरिक कोर के असर जैसी चीजों के चलते धरती का घूमना थोड़ा आगे पीछे हो जाता है। इसका असर यह पड़ता है

- एक चौंकाने वाली बात यह भी सामने आई कि 22 जुलाई को दिन 24 घंटे से 1.34 मिलीसेकंड छोटा रहा

कि एक पूरा चक्कर आमतौर पर 86,400 सेकंड से थोड़ा कम या अधिक समय लगता है-यह अंतर केवल मिलीसेकंड का है जिसका रोजमर्रा के जीवन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

ये अंतर लंबे समय में कंप्यूटर, उपग्रह और दूरसंचार पर असर डाल सकते हैं, यही कारण है कि 1955 में शुरू की गई परमाणु घड़ियों का उपयोग कर समय के सबसे छोटे बदलाव को भी दर्ज कर लिया जाता है। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि इससे वाई2के समस्या जैसी बात सामने आ सकती है,



जिससे कभी कम्प्यूटर प्रणाली को ही ठप कर देने का खतरा पैदा कर दिया था। परमाणु घड़ियां एक निर्वात कक्ष में रखे परमाणुओं के दोलनों की गणना करके 24 घंटों की गणना अत्यंत सटीकता से करती हैं। ये समय-निर्धारण के लिए वैश्विक मानक है, साथ ही यह वह समय भी है जिस पर हमारे सभी फ़ोन और कंप्यूटर सेट होते हैं।

पिछले साल, 05 जुलाई को पृथ्वी ने अब तक का सबसे छोटा दिन देखा, जो 24 घंटे से 1.66 मिलीसेकंड कम था। स्क्रिप्स इंस्टीट्यूशन ऑफ़ ओशनोग्राफी में भूभौतिकी के एमेरिटस प्रोफ़ेसर और कैलिफ़ोर्निया विश्वविद्यालय, सैन डिएगो में एक शोध भूभौतिकीविद् डंकन एग्न्यू ने कहा कि 1972 से हम थोड़े तेज़ दिनों की ओर बढ़ रहे हैं।

# इमरान के बेटों से मिले ट्रम्प के दूत

## ग्रेनेल ने पाक के पूर्व पीएम की गिरफ्तारी को 'राजनीतिक उत्पीड़न' करार दिया

- आज आपके साथ समय बिताकर बहुत अच्छा लगा: रिचर्ड ग्रेनेल

**कैलिफोर्निया।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के विशेष प्रतिनिधि रिचर्ड ग्रेनेल ने कैलिफोर्निया में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के बेटों, सुलैमान ईसा और कासिम खान से मुलाकात की।

ग्रेनेल ने इमरान खान की गिरफ्तारी को 'राजनीतिक उत्पीड़न' करार देते हुए उनकी रिहाई की मांग दोहराई। ग्रेनेल ने एक्स पर लिखा- कैलिफोर्निया (सुलैमान और कासिम) में आपका स्वागत है, मेरे दोस्तों। आज आपके साथ समय बिताकर बहुत अच्छा लगा। सुलैमान और कासिम, आपको मजबूत रहना



होगा। दुनिया भर में लाखों लोग राजनीतिक उत्पीड़न से तंग आ चुके हैं। आप अकेले नहीं हैं। यह पहली बार नहीं है जब ग्रेनेल ने इमरान खान का समर्थन किया है। पहले भी उन्होंने न्यूजमैक्स को दिए एक इंटरव्यू में कहा था कि ट्रम्प सरकार के दौरान, जब इमरान खान पाकिस्तान के नेता थे, अमे. रिका और पाकिस्तान के बीच संबंध बेहतर थे। उन्होंने खान को एक गैर-राजनीतिक व्यक्ति और समझदारी से बात करने वाला नेता बताया, जिनका ट्रम्प के साथ अच्छा रिश्ता था। ग्रेनेल ने इमरान खान की गिरफ्तारी को ट्रम्प के खिलाफ अमेरिका में चल रहे कानूनी मामलों से जोड़ा, इसे 'झूठे आरोपों' और 'भ्रष्टाचार के दावों' का मामला बताया।

### ऑस्ट्रेलिया में भारतीय छात्र पर नस्लभेदी हमला

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के एडिलेड शहर में एक भारतीय छात्र पर शनिवार को बेरहमी से हमला किया गया। 'द आस्ट्रेलिया टुडे' के रिपोर्ट के मुताबिक चरणप्रीत सिंह अपनी पत्नी के साथ कार से शहर के लाइट शो देखने निकला था। इसी दौरान किंटोर एवेन्यू के पास रात 9 बजे कार पार्किंग को लेकर उसकी स्थानीय लोगों से बहस हो गई। लड़कों ने चरणप्रीत को नस्लीय गालियां दी और उनपर हिंसक हमला किया। चरणप्रीत ने मीडिया को बताया कि उन्होंने मुझे कहा, इंडियन भाग जा और फिर मुझे लात-घूंसों से मारना शुरू कर दिया। मैंने जवाब देने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने मुझे तब तक मारा जब तक मैं बेहोश नहीं हो गया।

# नेतन्याहू के कत्ल की साजिश में 70 वर्षीय महिला गिरफ्तार

**तेल अवीव।** इजरायल की सुरक्षा एजेंसी शिन बेत ने बुधवार को एक 70 साल की बुजुर्ग महिला को प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की हत्या की साजिश रचने के शक में गिरफ्तार किया है। इजरायली पब्लिक ब्राडकास्टर केएएन के मुताबिक, महिला पर आरोप है कि वह आईइडी ब्लास्ट के जरिए नेतन्याहू पर हमला करने की प्लानिंग कर रही थी।

केएएन ने बताया कि गुरुवार को महिला के खिलाफ अपराध की साजिश रचने और आतंकी एक्ट करने की साजिश के आरोप में चार्जशीट दाखिल की जाएगी। रिपोर्ट के मुताबिक, महिला को दो हफ्ते पहले भी गिरफ्तार किया गया था, लेकिन उसे कुछ शर्तों के साथ रिहा कर दिया गया। इन शर्तों में उसे सभी सरकारी संस्थानों में एंट्री करने और प्रधानमंत्री के करीब जाने से प्रतिबंधित किया गया था। पुलिस के मुताबिक, यह

- महिला आईईडी ब्लास्ट के जरिए नेतन्याहू पर हमला करने की प्लानिंग कर रही थी

महिला 'जानी-मानी सरकार विरोधी प्रदर्शनकारी' है। उसने अन्य प्रदर्शनकारियों से हथियार हासिल करने और प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी लेने की कोशिश की थी। कोर्ट के आदेश से महिला की पहचान को सीक्रेट रखा गया था, लेकिन जांचकर्ताओं की अपील पर बुधवार को गोपनीयता का आदेश हटा लिया गया, जिससे उसके खिलाफ मामले सार्वजनिक हुए। जांच पूरी होने के बाद, पुलिस ने बताया कि स्टेट अटार्नी आफिस और सरकारी वकील को आगे की कार्रवाई और चार्जशीट के लिए जरूरी दस्तावेज सौंप दिए गए हैं। यह पहली बार नहीं है जब इजरायली पीएम पर हमला हुआ है।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

प्रवेश सूचना- पैरामैड़िकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (Open Board) से करें (विषय- साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th हेतु- 10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS (शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (एक्स-रे टैक.), CCH (एलोपैथिक), CAT (आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक.), CHD (होम्योपैथिक), ECCE (प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTP, CCA (कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
-: प्रवेश हेतु सम्पर्क करे :-
श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कालोनी, मेन पचैण्डा रोड़, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

ROOP® RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782, 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट